RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 136
नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



रवींद्र जडेजा को मिली सीएसके की कमान
स्पोर्ट्स-12

# भारत-चीन सीमा पर गतिरोध खत्म करने का करेंगे प्रयास

- विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष आज नई दिल्ली में मिलेंगे
- वार्ता में उठ सकता है 15,000 से अधिक भारतीय छात्रों के चीन वापसी का मुद्दा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** और चीन शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच वार्ता के दौरान लद्दाख में सीमा पर दो साल से चले आ रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वांग यी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से भी मिलने की संभावना है। यी गुरुवार देर रात नई दिल्ली पहुंच सकते हैं।

वह मई 2020 में दोनों देशों की सेनाओं के बीच उपजे तनाव और खूनी संघर्ष के बाद भारत आने वाले पहले चीनी मंत्री हैं। जयशंकर और यी के बीच भारतीय छात्रों की शीघ्र चीन वापसी के तरीकों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। सूत्रों ने नई दिल्ली में गुरुवार को कहा कि 15,000 से अधिक भारतीय छात्र चीन के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हैं और दो साल पहले कोरोना महामारी के फैलने के बाद स्वदेश लौटने को मजबूर हो गए थे। तब से वे भारत में ही हैं।

वह ऐसे समय यात्रा पर आ रहे हैं, जब एक दिन पहले ही यी ने जम्मू और कश्मीर पर टिप्पणी की थी, जिसके लिए भारत ने उनकी कड़ी आलोचना की थी। यी ने पाकिस्तान में एक समारोह में अपने भाषण के दौरान जम्मू-कश्मीर पर टिप्पणी की थी जिसे भारत ने अनावश्यक बताकर खारिज कर दिया था। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक मामले हैं। चीन सहित अन्य देशों के पास इस पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें ध्यान देना चाहिए कि भारत अपने आंतरिक मुद्दों पर सार्वजनिक निर्णय सुनना नहीं चाहता। वांग यी ने पाकिस्तान में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक में अपने उद्घाटन भाषण में कश्मीर का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि कश्मीर पर हमने आज फिर अपने कई इस्लामिक दोस्तों के विचार सुने हैं और चीन भी इससे इत्तेफाक रखता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की स्थिति पर बातचीत के संबंध में दोनों नेता राजनयिक स्तर पर कई दौर की बातचीत के अलावा सैन्य स्तर की 15 दौर की वार्ता के दौरान अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे।

एलएसी पर खूनी संघर्ष की घटना के बाद वांग यी और जयशंकर दो बार सितंबर 2020 में मास्को में और सितंबर 2021 में दुशांबे में मिल चुके हैं। भारत हमेशा से यह मानता रहा है कि दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमा पर शांति और स्थिरता पहली शर्त है। हालांकि, चीन इस बात पर जोर देता रहा है कि सीमा रेखा को अन्य संबंधों से अलग रखा जाना चाहिए। वर्तमान में भारत और चीन के 50,000 से अधिक सैनिक पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर तनाव वाले कुछ जगहों पर एक-दूसरे के सामने डटे हैं। दोनों नेताओं के बीच वार्ता के दौरान एलएसी पर स्थिति स्पष्ट रूप से एजेंडे में सबसे ऊपर होगी। दोनों देश क्वाड पर भी बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीन ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारत, अमेरिका, (शेष पेज 8)

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन संबंधी प्रस्ताव पर भारत रहा अनुपस्थित

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** युद्ध के कारण यूक्रेन में उत्पन्न मानवीय संकट की स्थिति को लेकर पूर्वी यूरोपीय देश (यूक्रेन) और उसके सहयोगी देशों द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर भारत बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अनुपस्थित रहा। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्ईय महासभा ने यूक्रेन पर अपना 11वां आपातकालीन विशेष सत्र फिर से शुरू किया और यूक्रेन तथा उसके सहयोगी पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के खिलाफ आक्रमण के मानवीय परिणाम के मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान किया। इस प्रस्ताव को 140 मतों के साथ मंजूर किया गया। वहीं, 38 देश अनुपस्थित रहे और पांच सदस्य देशों ने प्रस्ताव का विरोध किया। बुधवार को भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 12 अन्य सदस्यों के साथ यूक्रेन में मानवीय संकट पर रूस द्वारा एक प्रस्ताव लाए जाने पर अनुपस्थित रहा था। यूएनएससी प्रस्ताव पारित करने में विफल रहा क्योंकि उसे इसके लिए आवश्यक नौ मत नहीं मिल सके। यूक्रेन में रूसी आक्रमण पर भारत इससे पहले, सुरक्षा परिषद में दो मौकों पर और महासभा में एक बार प्रस्तावों पर मतदान से अनुपस्थित रहा था। महासभा में यूक्रेन पर मसौदा प्रस्ताव यूक्रेन के खिलाफ विशेष रूप से नागरिकों और असैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ रूस के किसी भी हमले को तत्काल रोकने की मांग करता है। मानवीय कर्मियों, पत्रकारों और महिलाओं तथा बच्चों सहित मुश्किल हालात में फंसे तमाम नागरिकों की रक्षा की मांग की गई है। सभी पक्षों से सशस्त्र संघर्ष और हिंसा (शेष पेज 8)

## जेलेंस्की ने नाटो से सैन्य मदद बढ़ाने का आग्रह किया

**ब्रसेल्स (एपी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की आपात बैठक को संबोधित करते हुए असीमित सैन्य सहायता की अपील की। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और दूसरे देशों के नेता नाटो सदस्यों के साथ आपात बैठकें करने वाले हैं। जेलेंस्की ने नाटो के साथ पहली बैठक की है। जेलेंस्की ने वीडियो के जरिए बैठक को संबोधित करते हुए कहा, ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे हम पश्चिमी देशों और रूस के बीच फंसे हुए हैं और अपने साझा मूल्य की रक्षा कर रहे हैं। एक युद्ध के दौरान सबसे भयावह होता है जब हमें मदद मांगने पर स्पष्ट नहीं उत्तर नहीं मिलते। बाइडन प्रशासन के एक अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर कहा कि जेलेंस्की ने यूक्रेन में उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित करने की मांग नहीं दोहराई जिसे नाटो पहले ही खारिज कर चुका है। पश्चिमी देशों के अधिकारियों का कहना है कि ऐसे किसी भी कदम से नाटो और रूस के बीच प्रत्यक्ष टकराव पैदा हो सकता है। बाइडन के अनुसार इससे तृतीय विश्व युद्ध छिड़ सकता है। इससे पहले, जेलेंस्की ने दुनियाभर के लोगों से सार्वजनिक रूप से एकत्रित होकर अपने संकटग्रस्त देश के प्रति एकजुटता प्रकट करने के अनुरोध किया। जेलेंस्की ने कीव में राष्ट्रपति कार्यालय के निकट बृहस्पतिवार रात रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में भावुक संदेश दिया। उन्होंने कहा, अपने घरों से बाहर निकलें (शेष पेज 8)

# बीरभूम नरसंहारः मुख्य आरोपी समेत 21 गिरफ्तार



बीरभूम के दौरे में नरसंहार स्थल पर पहुंचे कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आदेश के बाद प्रशासन हुआ सक्रिय

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

**मुख्यमंत्री** ममता बनर्जी के आदेश के कुछ घंटे बाद गुरुवार को बीरभूम नरसंहार के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस जिला समिति के सदस्य शेख अनवारुल हुसैन समेत 21 अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। ममता बनर्जी गुरुवार को बीरभूम जिले के बगतुई गांव का दौरा किया जहां मंगलवार शाम छह महिलाओं और दो बच्चों समेत 10 लोगों को काटने के बाद जिंदा जला दिया गया था। अनवारुल ने कथित तौर पर करीबी पंचायत अध्यक्ष भादु शेख की हत्या के प्रतिशोध में नरसंहार की साजिश रची, बगतुई कांड से कुछ घंटे पहले बमबारी भी की गई थी। इस हत्याकांड के (शेष पेज 8)

## पूरे बंगाल में हथियार पकड़ने का अभियान

**कोलकाता।** पिछले एक सप्ताह में बंगाल में राजनीति के चलते 26 लोगों की हत्या की खबरों के बीच राज्य सरकार गुरुवार को पूरे राज्य में हथियार जब्त करने के लिए 10 दिवसीय अभियान का आदेश दिया है। सूत्रों ने बताया कि अवैध हथियार बरामद करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी अधिकारियों के सभी अवकाश अगले आदेश तक के लिए रद्द कर दिए गए (शेष पेज 8)

# द कश्मीर फाइल्स को यूट्यूब पर डाल दें, सब मुफ्त देखेंः केजरीवाल

**विधानसभा सत्र**

- केजरीवाल ने मोदी पर राजनीतिक लाभ के लिए फिल्म का इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन उपराज्यपाल के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल फिल्मों के पोस्टर लगाने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि द कश्मीर फाइल्स फिल्म को कर मुक्त करने के बजाए यूट्यूब पर रिलीज कर देना चाहिए, इससे सब लोग मुफ्त में देख लेंगे। अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को विधानसभा के बजट सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आठ साल में अगर किसी प्रधानमंत्री को विवेक अग्निहोत्री के चरणों में शरण लेनी पड़े तो इसका मतलब है कि आठ साल में पीएम ने कोई काम नहीं किया। कोई कश्मीरी पंडितों के नाम पर करोड़ों कमा गया और भाजपा को पोस्टर लगाने का काम दे दिया। हिटलर भी कम से कम अपने खास लोगों को नौकरी देता था। क्या पीएम मोदी ने आपके बच्चों को नौकरी, बिजली और दवाई दी।

सीएम ने कहा कि आज केजरीवाल है, कल नहीं होगा। आज मोदी हैं, कल नहीं होंगे। कोई बड़ा नहीं है, देश बड़ा है। किसी भी हालत में देश पर आंच नहीं आनी चाहिए। ये लोग देश और संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि दिल्ली में भाजपा के नुमाइंदे एलजी ने भी माना कि दिल्ली की जीडीपी पांच साल में 50 फीसद बढ़ गई। आज तक किसी भी सरकार में इतनी जीडीपी नहीं बढ़ी। सदन को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि बुधवार को शहीदी दिवस था, पूरे देश ने बड़े (शेष पेज 8)

# आज से उत्तर प्रदेश में योगी राज 2

- सर्वसम्मति से विधायक दल के नेता चुने गए आदित्यनाथ
- शपथग्रहण में प्रधानमंत्री सहित शीर्ष भाजपा नेता, उद्योगपति, संत रहेंगे उपस्थित



लखनऊ में विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद योगी आदित्यनाथ को बधाई देते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यानाथ की दोबारा ताजपोशी का रास्ता साफ हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के पर्यवेक्षक अमित शाह की मौजूदगी में आज उन्हें सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। योगी के नेता चुने जाने के बाद भाजपा ने सहयोगी दलों के साथ राजभवन पहुंच कर समर्थन पत्र सौंपा।

फिर योगी ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा और सहयोगी दलों का प्रतिनिधिमण्डल देर शाम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मिला। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि आज लोकभवन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर योगी आदित्यनाथ को भारतीय जनता पार्टी का विधायक दल का नेता चुना गया है।

पत्र के माध्यम से आग्रह किया गया है कि उक्त विषय के परिप्रेक्ष्य में योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री के रूप में एवं उनके मंत्रिमण्डल के शपथ ग्रहण हेतु आवश्यक निर्देश जारी किये जाये। राज्यपाल ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुये कल 25 मार्च को अटल बिहारी वाजपेयी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा है। राज्यपाल ने उनसे यह भी अनुरोध किया है कि अपने प्रस्तावित मंत्रिमण्डल के सहयोगियों को शपथ दिलाने हेतु उनकी सूची भी प्रस्तुत करें ताकि भारत का संविधान के अनुच्छेद (शेष पेज 8)

# हिजाब मामले में सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया, जिसमें अदालत ने कक्षा के अंदर हिजाब पहनने की अनुमति मांगने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था और कहा था कि हिजाब इस्लाम धर्म में आवश्यक धार्मिक प्रथा का हिस्सा नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की एक पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत के अनुरोध को खारिज कर दिया। कामत ने कहा था कि परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, परीक्षाओं का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वे बार-बार मामले का जिक्र कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, सॉलिसिटर जनरल जी, क्या आप इंतजार कर सकते हैं। वहीं, उसने कामत से कहा कि मामले



को संवेदनशील ना बनाएं। कामत ने कहा, इन लड़कियों की 28 तारीख को परीक्षा है। उन्हें स्कूल में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा। उनका एक साल बर्बाद हो जाएगा। न्यायालय ने हालांकि उनके अनुरोध को स्वीकार नहीं किया।

उच्चतम न्यायालय कक्षाओं में हिजाब पहनने की अनुमति देने से इनकार करने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर होली के अवकाश के बाद सुनवाई करने के लिए 16 मार्च को सहमत हो गया था। न्यायालय ने कुछ छात्राओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े की उन दलीलों पर गौर किया था कि आगामी परीक्षाओं को देखते हुए तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। मामले में उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के (शेष पेज 8)

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के लिए मंत्रिमंडल ने समिति गठित को मंजूरी

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को हुई अपनी पहली बैठक में राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में यहां हुई बैठक में मंत्रिमंडल ने यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि 12 फरवरी को उन्होंने जनता के सामने अपनी सरकार बनने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया था और आज मंत्रिमंडल ने इसके लिए सर्वसम्मति से विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का फैसला लिया है। धामी ने कहा, हमारा राज्य हिमालय और गंगा का राज्य है। अध्यात्म और धार्मिक विरासत का केंद्र बिंदु है। हमारी समृद्ध सैन्य विरासत है और वह दो-दो अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से भी लगा है। उन्होंने कहा, ऐसे में जरूरी है कि उत्तराखंड में एक ऐसा कानून होना चाहिए जो सभी के लिए समान हो। मुख्यमंत्री ने (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,595 | ↓ 89 | |
| निफ्टी | 17,222 | ↓ 23 | |
| सोना | 51,816 | ↑ 232 | /10g |
| चांदी | 68,312 | ↑ 254 | /kg |

## क्विक न्यूज

### लर्निंग लाइसेंस की वैधता 31 मई तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** परिवहन विभाग ने 31 मार्च को समाप्त हो रहे लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता को दो महीने बढ़ाकर 31 मई तक कर दिया है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि यह लोगों के लिए अपने लर्निंग लाइसेंस को नवीनीकृत कराने का अंतिम अवसर है। कैलाश गहलोत ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि लोग ध्यान दें कि यह अंतिम अवसर है। इस संबंध में अपने विभाग द्वारा जारी आदेश की एक फोटो भी साझा की। परिवहन विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता समय-समय पर बढ़ाई गई है क्योंकि कोविड-19 के कारण दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के दिशानिर्देशों अनुसार लाइसेंस से संबंधित परीक्षाओं को निलंबित कर दिया गया था।

# काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद में नियमित सुनवाई 29 से

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के मामले में 29 मार्च, 2022 से नियमित सुनवाई का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने वाराणसी के अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के संपूर्ण परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा सर्वेक्षण पर पहले ही रोक लगा रखी है।

बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई में केंद्र सरकार के वकील ने दलील दी कि शिकायत के तथ्यों से स्पष्ट है कि भगवान विश्वेश्वर का मंदिर प्राचीन काल अर्थात सतयुग से अस्तित्व में है और स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर उस विवादित ढांचे में विराजमान हैं। इसलिए विवादित जमीन स्वयं में भगवान विश्वेश्वर का एक आंतरिक भाग है। आगे यह दलील भी दी गई है कि मंदिर का आकार चाहे जो भी हो, भूतल का तहखाना अब भी वादी के कब्जे में है जोकि 15वीं शताब्दी से पूर्व निर्मित मंदिर का ढांचा है। साथ ही उस पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र जो 15 अगस्त, 1947 के दिन था, वैसा ही बना हुआ है।

इसलिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के प्रावधानों को यहां लागू नहीं किया जा सकता। हालांकि समय की कमी के चलते बहस पूरी नहीं हो सकी और अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च, 2022 को अन्य संबंधित मामलों के साथ करने का आदेश दिया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि इसके बाद भी नियमित आधार पर बहस जारी रहेगी। इससे पूर्व, अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों को (शेष पेज 8)

# कई राज्यों में घट गई किसानों की आय

- कृषि पर संसदीय स्थायी समिति के आंकड़ों में हुआ खुलासा
- देश की मासिक कृषि घरेलू आय 8059 रुपए से बढ़कर 10218 हुई



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** के किसानों की आय दोगुनी करने के केंद्र सरकार के दावे को झटका लगा है, जहां कृषि घरेलू आय में बढ़ोतरी हुई है वहीं कुछ राज्यों के किसानों की आय में गिरावट दर्ज की गई है।

संसदीय समिति की एक रिपोर्ट के अनुसार किसानों की आय झारखंड, मध्य प्रदेश, नागालैंड और ओडिशा में घटी है, वहीं देश की मासिक कृषि घरेलू आय 8059 रुपये से बढ़कर 10218 हो गई है। कृषि पर संसदीय स्थायी समिति के प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, कृषि विभाग ने कहा कि झारखंड में किसानों की आय 7068 रुपये से घटकर 4895 रुपये, मध्य प्रदेश में 9740 रुपये से घटकर 8339 रुपये, नागालैंड में 11428 रुपये से घटकर 9877 रुपये और ओडिशा में 5274 रुपये से घटकर 5112 रुपये हो गई है। कृषि और किसान कल्याण पर एक संसदीय स्थायी समिति के समक्ष कृषि विभाग द्वारा एक जवाब में यह खुलासा किया गया है। रिपोर्ट गुरुवार को संसद में पेश की गई।

विभाग के जवाब को संज्ञान में लेते हुए पीसी गद्दीगौदर की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा है कि विभाग को उन राज्यों में किसानों की आय में गिरावट के कारणों का पता लगाने और सुधारात्मक उपाय करने के लिए एक विशेष टीम बनानी चाहिए ताकि किसानों की आय दोगुनी हो, न कि उनकी आय का आधार ही खत्म हो जाए। रिपोर्ट में कहा गया है कि किसानों की आय में कमी आई है, वहीं देश की मासिक कृषि घरेलू आय 8059 रुपये से बढ़कर 10218 रुपये हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया जब विभाग ने झारखंड, मध्य प्रदेश, नागालैंड, ओडिशा राज्यों से किसानों की आय बढ़ाने के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी तो इन राज्यों ने कृषि विभाग को जवाब देने में हीला हवाली दिखाई।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन संबंधित राज्य सरकारों से इस संबंध में ठीक तरह से पूछा जाना चाहिए। यह एक तथ्य है कि भारत सरकार के कई विभाग, संगठन और मंत्रालय इस देश के प्रत्येक किसान की आय को एक निश्चित समय सीमा के भीतर दोगुना करने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि किसानों की आय दोगुनी करने का प्रमुख कार्य कृषि और किसान कल्याण विभाग के पास है।

## कुत्ता भौंकने से परेशान किशोर ने बुजुर्ग मालिक को मार डाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कुत्ते** के ज्यादा भौंकने से तंग आकर नागालिग लड़के ने अपने पड़ोसी व कुत्ते के मालिक की हत्या कर दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि लड़का उनके घर में घुसा आया और बुजुर्ग के सिर पर लोहे के डंडे से हमला कर दिया। मरने वाले बुजुर्ग की पहचान अशोक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पिछले शुक्रवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे अशोक कुमार के बेटे ने पुलिस को फोन कर घटना के बारे में बताया। पुलिस की टीम राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल पहुंची और पीड़ित की पत्नी मीना का बयान दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर 17 वर्षीय आरोपी लड़के को पकड़ लिया था, लेकिन बाद में किशोर न्याय बोर्ड ने उसे छोड़ दिया। कुमार की रविवार को अस्पताल में (शेष पेज 8)

# रबूपुरा के बिजली घर में लगी आग, 42 गांवों की आपूर्ति ठप

## शार्ट सर्किट के कारण हुआ हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ट्रांसफार्मर में लगी आग से बिजली घर में उठती ऊंची लपटें।

ग्रेटर नोएडा में गुरुवार की सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां रबूपुरा में स्थित एक बिजली ट्रांसफार्मर में आग लग गई है। बिजली घर में आग लगने के कारण 42 गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ है। हादसा गुरुवार की सुबह हुआ जिसमें एक तेज धमाके के साथ बिजली घर में आग लगी और 42 गांव की बिजली कट गई।

मिली जानकारी के मुताबिक रबूपुरा में यूपीपीसीएल बिजली सप्लाई करता है। गुरुवार की सुबह बिजली घर में स्थित ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है। आग लगते समय एक बड़ा धमाका हुआ। जिसकी वजह से आसपास के लोग दहशत में आ गए। घटना की जानकारी बिजली स्टेशन के कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।

इस दौरान आग ने काफी विकराल रूप ले लिया था। इस मामले के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों में भगदड़ मच गई है। रबूपुरा कस्बे के एक शख्स श्यामसिंह ने बताया कि वह बिजली घर के पास से गुजर रहा था तो उस समय यह हादसा हुआ। शॉर्ट सर्किट कारण काफी तेज धमाका हुआ। बिजली ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारण 42 गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। तेज धमाके के साथ आग लगी है। अब यह नहीं कहा जा सकता कि आखिर कब तक ट्रांसफार्मर ठीक होगा।

## निगम ठेकेदार के लालच ने ली मजदूरों की जान

**गाजियाबाद।** बुधवार को प्रताप विहार में निर्माणाधीन नाले की दीवार एकाएक भरभरा कर गिर गई थी। इस हादसे में मलबे की चपेट में 5 मजदूर आ गए थे जिसमें 3 मजदूरों मौत हो गई थी।

हादसे पर नगरायुक्त ने जांच के लिए नगर निगम की कमेटी गठित की है। यह कमेटी तीन दिन में अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेगी। उधर प्रारंभिक जांच के मुताबिक घटना के लिए ठेकेदार का लालच जिम्मेदार है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार कम गुणवत्ता के साथ भी समझौता कर रहा था। ठेकेदार की इसी लालच ने तीन मजदूरों की जान ले ली। इस मामले में नगर निगम के जूनियर इंजीनियर की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

माना जा रहा है कि घटिया सामग्री का उपयोग होने की वजह से यह हादसा हुआ है। सीओ प्रथम ने बताया कि दीवार के नीचे दबे सभी मजदूर जिला अररिया बिहार के रहने वाले हैं। मृतकों की पहचान मुनकेश मोशीन, अहजाज और तौकिर के रूप में हुई है।

# ट्विन टावर के 5 पिलरों पर किया जाएगा ट्रायल ब्लास्ट

## *विस्फोट के लिए रोजाना हरियाणा के पलवल से आएगा बारूद*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमेरल्ड कोर्ट में अवैध रूप से बने ट्विन टावर को तोड़ने की प्रक्रिया काफी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब विशेषज्ञ ट्विन टावर को ध्वस्त करने के लिए एक ट्रायल ब्लास्ट करेंगे। यह ट्रायल ब्लास्ट 10 अप्रैल को होगा। जिसमें विशेषज्ञ पांच पिलर में विस्फोटक लगाकर गिराएंगे। आपको बता दें कि इस ट्रायल ब्लास्ट के जरिए यह अनुमान लगाया जाएगा कि पूरे टावरों को ध्वस्त करने के लिए कितने किलो बारूद की आवश्यकता पड़ेगी।

10 अप्रैल को किए जाने वाले ट्रायल ब्लास्ट में विशेषज्ञ 5 पिलरों को विस्फोट लगाकर गिराएंगे। इन 5 पिलरों में से 4 प्लस बेसमेंट के और 1 प्लस 14 मंजिल का होगा। इन पिलरों को कंट्रोल ब्लास्ट के जरिए बढ़ाया जाएगा। यह ट्विन टावर ध्वस्त करने से पहले एक ट्रायल मात्र होगा। आगरा से आए एक्सप्लोसिव डिपार्टमेंट के ज्वाइंट चीफ कंट्रोलर वीके मिश्रा ने बुधवार को सुबह ट्विन टावर की साइट पर पहुंचे। उनके साथ नोएडा कमिश्नरेट पुलिस के डीसीपी यातायात और डीसीपी हेड क्वार्टर भी मौजूद थे। यहां पर पहुंच कर उन्होंने ऐडिफिस कंपनी से चर्चा की।

उन्होंने कंपनी के पार्टनर उत्कर्ष मेहता से ट्विन टावर के संबंध में चर्चा की। एडिफिस कंपनी के विशेषज्ञों ने अधिकारियों को बताया कि यह ट्रायल ब्लास्ट ट्विन टावर को ध्वस्त करने से पहले करना जरूरी है। ट्रायल ब्लास्ट के जरिए यह पता लगाया जा सकेगा कि दोनों टावरों को ध्वस्त करने के लिए कितने किलो विस्फोटक की जरूरत होगी। यह एकदम पूरी तरह से सुरक्षित है। ट्रायल ब्लास्ट के समय आसपास के मकानों को खाली कराना जरूरी नहीं है, लेकिन जिस समय ट्रायल ब्लास्ट किया जाएगा, उस समय ट्विन टावर के अंदर किसी को जाने की अनुमति नहीं होगी। उत्कर्ष मेहता ने बताया की ट्रायल ब्लास्ट के लिए ट्विन टावर के सबसे मजबूत 5 पिलरों को चुना गया है। जिसमें 4 पिलर इमारत के बेसमेंट के और 1 पिलर 14 मंजिल का चुना गया है। इसे ट्रायल ब्लास्ट को 10 किलोग्राम विस्फोटक के साथ किया जाएगा। साथ ही 10 अप्रैल को किए जाने वाले ट्रायल ब्लास्ट के लिए एक्सप्लोसिव डिपार्टमेंट के ज्वाइंट चीफ कंट्रोलर ने अनुमति दे दी है।

एडिफिस कंपनी के विशेषज्ञों ने बताया कि विस्फोटक को टावर से 100 किलोमीटर की दूरी पर रखा जाएगा। जिसके लिए पलवल को चुना गया है। अब रोजाना पलवल से विस्फोट को टावरों पर लाया जाएगा। प्रतिदिन दो वैन के माध्यम से विस्फोटक को टावरों तक पहुंचाया जाएगा। बचे हुए विस्फोट को फिर से वापस पलवल ले जाकर मैगजीन में ही रख दिया जाएगा।

# बाइक बोट घोटाला मामले में एक आरोपी का फ्लैट कुर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने बहुचर्चित बाइक बोट घोटाले के एक आरोपी का 1.80 करोड़ रुपए कीमत का फ्लैट बुधवार को कुर्क कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने बताया कि घोटाले के आरोप में गिरफ्तार राजेश भारद्वाज के खिलाफ गैंगस्टर कानून के तहत कार्रवाई की गई थी। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर कानून के तहत भारद्वाज के नोएडा में सेक्टर 121 स्थित क्लोकाउंटी सोसायटी के फ्लैट को कासना थाने ने कुर्क किया है। बता दें कि 2018 में बाइक बोट योजना के तहत बाइक टैक्सी शुरू की गई थी, जिसके लिए लोगों से निवेश कराया गया था। यह घोटाला 42 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का है।

## नौकरी नहीं मिलने से परेशान छात्रा ने की खुदकुशी

**नोएडा।** नौकरी नहीं मिलने से परेशान एक युवती ने सेक्टर 56 में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 62 में रहने वाली एक युवती बी-टेक अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी, लेकिन कॉलेज प्लेसमेंट में कई बार शामिल होने के बाद भी सफल नहीं होने से वह काफी परेशान थी। उन्होंने बताया कि सेक्टर 58 थाने के तहत आने वाले घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है,जिसमें उसने अपने परिजनों से क्षमा मांगी है। सुसाइड नोट में लिखा है कि वह प्लेसमेंट ना होने के कारण परेशान है, तथा इस वजह से वह आत्महत्या कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस व कंटेनर के बीच टक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

### ● क्रेश बीम बैरियर के कारण बची लोगों की जान

यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह एक हादसा हुआ है। यह हादसा अलीगढ़ जनपद में हुआ जहां पर एक स्लीपर बस, कंटेनर और गाड़ी के बीच भिड़ंत हो गई। एक्सप्रेसवे के किनारे क्रेश बीम बैरियर है। जिसकी वजह से हादसा बड़ा नहीं हो पाया। सभी लोग सुरक्षित हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक यमुना एक्सप्रेसवे पर अलीगढ़ जनपद के 46वें माइल स्टोन के पास यह हादसा हुआ है। जहां पर अनियंत्रित होकर एक स्लीपर बस, कंटेनर और कार के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे के दौरान स्लीपर बस क्रैश बैरियर को कूदते हुए पलट गई।

राहत की बात यह है कि क्रैश बीम बैरियर होने के कारण हादसा बड़ा ना हो सका। बस में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए हैं। सूचना मिलने के बाद अलीगढ़ पुलिस और एक्सप्रेसवे राहत टीम मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त वाहन को एक्सप्रेसवे के एक तरफ कर दिया गया है और यातायात सामान्य है।

आपको बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे डिवाइडर के दोनों और क्रैश बीम बैरियर लगाए जा रहे हैं। बैरियर लगने से गाड़ियां हादसे का शिकार होने के बाद दूसरी लेन में नहीं जाएगा। इससे हादसे की भयावहता कम होगी। उन सड़क हादसों में ज्यादा लोग हताहत होते हैं जो कारें टकराने के बाद दूसरी लेन में जाते हैं। अलीगढ़ की तरफ यह कार्य पूरा हो चुका है। आपको बता दें कि क्रैश बीम बैरियर दिल्ली आईआईटी की सिफारिश पर लगाया गया है।

# ठेकेदार ने एक्सप्रेसवे किनारे काटे 300 पेड़

### ● वन अधिकारी ने दिए जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे लगे 300 पेड़ों को काटा गया है। बुधवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर कटे हुए पेड़ों को ले जाया जा रहा था। यह सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन मौके से सभी लोग फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से कटे हुए पेड़ से लदे ट्रैक्टर.ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया है। वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

दनकौर में सालारपुर अंडरपास के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर चढ़ने का रैंप बना है। रैंप और सर्विस रोड के पास से निजी कंपनी के ठेकेदार ने सोमवार से बुधवार तक बबूल के करीब 300 पेड़ कटवा दिए। काफी पेड़ों को काटकर ठेकेदार के मजदूर ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर ले भी गए। बुधवार को मामले की जानकारी जिला वन अधिकारी पीके श्रीवास्तव को मिली जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। जिले के वन अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने बताया कि बिना अनुमति के पेड़ काटे गए हैं। अब इस मामले की जांच की जा रही है कि जो एजेंसी पेड़ को काट रही थी। वह सरकारी है या प्राइवेट। इसके अलावा इस बारे में भी छानबीन की जा रही है कि इन पेड़ों को काटने का उद्देश्य क्या है।

## नकली शराब को लेकर आबकारी विभाग ने बनाई रणनीति

**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहा है। पूर्व में शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो चुकी है। इसी क्रम में अब शराब माफिया को जड़ से उखाड़ने के लिए आबकारी विभाग ने कबाड़ व्यापारी, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मंथन कर ठोस कदम उठाए है। कुछ शराब माफिया अपने फायदे के लिए खाली शीशी को कबाड़ की दुकान से खरीद कर उसमें अवैध शराब भरकर बेचने का कारोबार करते हैं। जिस कारण अवैध शराब के सेवन से दुखद घटनाएं घटित होती रहती हैं। ऐसी घटनाओं पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने नई रणनीति तैयार की है।

अनुज्ञापी शराब की दुकानों से निकलने वाला कबाड़ शराब की खाली शीशी को खरीदने के बाद कबाड़ का कारोबार करने वाले व्यापारी उसे किस तरीके से उपयोग करते हैं। शराब की खाली बोतल और ढक्कन को क्रय करने के उपरांत उसे किस प्रक्रिया द्वारा उपयोगी बनाया जाता है। इसके बारे में जानकारी ली।

## युवतियां हुईं साइबर क्राइम की शिकार

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के होशियारपुर गांव में रहने वाली एक युवती को दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट में नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर अज्ञात साइबर ठगों ने 68 हजार रुपए ठग लिया। वहीं, सेक्टर-51 में रहने वाली एक महिला के खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने 50 हजार रुपए निकाल लिया। खास बात यह है कि दोनों युवतियां अच्छी-खासी पढ़ी लिखी है। पुलिस ने दोनों पीड़िताओं की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

थाना सेक्टर-49 के थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि होशियारपुर गांव में रहने वाली रेखा कुमारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं दूसरे मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-51 में रहने वाली नीनू प्रकाश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर ठगों ने उनके खाते कि जानकारी हासिल कर 50 हजार रुपए निकाल लिया।


## संक्षिप्त समाचार




प्रेसवार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते संस्था के पदाधिकारी।

### पर्यावरण बचाने को एकजुट हुईं सामाजिक संस्थाएं

**नोएडा।** पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नोएडा के कई सामाजिक संगठन एक साथ आकर काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में सामाजिक संगठन यज्ञ, संगोष्ठी और साइकिल रैली निकालने जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना है। लोगों की लापरवाही की वजह से हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। साथ ही लोग पेड़ों की कटाई भी खूब कर रहे हैं। जिसका असर पर्यावरण पर साफदिख रहा है। इसी कड़ी में लोगों को जागरूक करने के लिए 26 मार्च से शनि मंदिर से हवन यज्ञ करने बाद साइकिल रैली पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 9 जिलों में जाएगी। बता दें कि यह साइकिल रैली गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद और रामपुर से होने के बाद मेरठ पहुंचेगी। जहां 11 अप्रैल को इस साइकिल यात्रा का समापन होगा।



अवैध निर्माण का ढहाता निगम का बुलडोजर।

### माफिया के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**गाजियाबाद।** प्रशासनिक अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को एक माफिया के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवा दिया। जिसकी कीमत 85 करोड़ रुपये थी। माफिया ने 25 साल से भी ज्यादा समय से यहां कब्जा कर रखा था। अधिकारियों के अनुसार, वसुंधरा जोन के साइट चार में एक माफिया ने नगर निगम की 10 हजार वर्ग मीटर की भूमि पर कब्जा कर बैंक्वेट हाल बना रखा था। 1996 से इस भूमि पर उसने कब्जा कर रखा था। रसूखदार होने के कारण कार्रवाई करने से बार-बार नगर निगम कदम पीछे खींच लेता था। लेकिन बुधवार को अधिकारियों ने बुलडोजर चलाकर इसे ध्वस्त कर दिया है।

### बैंक की दीवार तोड़कर चोरी का प्रयास

**नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव स्थित बैंक के बाथरूम की दीवार तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। चोरों ने होली की छुट्टियों के दौरान घटना को अंजाम दिया। हालांकि, बैंक का सभी सामान सुरक्षित मिला है लेकिन फाइलें बिखरी पड़ी थीं। इस मामले में शाखा प्रबंधक की शिकायत पर कासना कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बैंक की प्रबंधक अंजलि गौतम ने पुलिस को बताया कि होली की छुट्टियों के दौरान शाखा में चोरी का प्रयास किया गया। बाथरूम की दीवार तोड़कर चोर अंदर तक पहुंच गए थे।

**परिशिष्ट IV A**
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **29.04.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में 5 मिनिट के अमर्यादित स्वचालित एक्सटेंशन के साथ) **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, तथा **''बिना किसी समर्थन के आधार पर''** ऋण खाता नं. **HHLNOI00415390 के लिए रू.26,30,575/- (रुपए छब्बीस लाख तीस हजार पाँच सौ पचहत्तर मात्र) के लिए 16.03.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **17.03.2022** से प्रभावी जो **सुरेंद्र बंधोपाध्याय और पापिया बंधोपाध्याय** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.38,00,000/- (रुपए अड़तीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) **रू.3,80,000/ - (रुपए तीन लाख अस्सी हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** (दस प्रतिशत) होगा और यह **DD/RTGS/NEFT** अथवा अन्य किसी उचित बैंकिंग चैनल द्वारा ऑनलाईन टेंडर जमा करने से पहले **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम, खाता नं.32180585427, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ** (IFSC: **SBIN0009995**), **सीएजी शाखा,मुंबई (महाराष्ट्र)** ऑनलाइन सार्वजनिक निलामी में भाग लेने के लिए निविदा प्रस्तुत करने से पहले देय होगा और सफल बोलीदाता बोली के समय स्वीकृती पर बिक्री मूल्य राशि का 25% (ई - निलामी में भाग लेने के लिए आरक्षित मूल्य का 10% कम करके)का तुरंत भुगतान करेगा यानि उसी दिन या उसके अगले कार्य दिवस के बाद नही होगा। अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनोके भितर बिक्री मुल्य का बकाया जमा कराना होगा।
**अचल संपत्ति(यों) का वर्णन**
**संपुर्ण पहली मंजिल, प्लॉट नं.- 334, सेक्टर - II B, वैशाली, गाज़ियाबाद , उत्तरप्रदेश - 201010 ।**
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com और www.auctionfocus.in का संदर्भ ले।
**दिनांक: 21.03.2022**
**स्थान : गाज़ियाबाद**
सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

**परिशिष्ट IV A**
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **26.04.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में 5 मिनिट के अमर्यादित स्वचालित एक्सटेंशन के साथ) **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, तथा **''बिना किसी समर्थन के आधार पर''** ऋण खाता नं. **HLAPLAJ00176754 के लिए रू.68,79,861/- (रुपए अड़सठ लाख उनासी हजार आठ सौ इकसठ मात्र) के लिए 14.03.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **15.03.2022** से प्रभावी जो **क्रिएटिव इंफ्रापावर प्राइवेट लिमिटेड (उनके निदेशकों द्वारा), श्रीमती गरिमा सिंह, श्री ओमवीर सिंह और श्री ललित कुमार सिंह के साथ श्री सत्य पाल सिंह और श्रीमती पिंकी राजोरा-गारंटर्स** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.96,00,000/- (रुपए छियानवे लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) **रू.9,60,000/ - (रुपए नौ लाख साठ हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** (दस प्रतिशत) होगा और यह **DD/RTGS/NEFT** अथवा अन्य किसी उचित बैंकिंग चैनल द्वारा ऑनलाईन टेंडर जमा करने से पहले **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम, खाता नं.32180585427, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ** (IFSC: **SBIN0009995**), **सीएजी शाखा,मुंबई (महाराष्ट्र)** ऑनलाइन सार्वजनिक निलामी में भाग लेने के लिए निविदा प्रस्तुत करने से पहले देय होगा और सफल बोलीदाता बोली के समय स्वीकृती पर बिक्री मूल्य राशि का 25% (ई - निलामी में भाग लेने के लिए आरक्षित मूल्य का 10% कम करके)का तुरंत भुगतान करेगा यानि उसी दिन या उसके अगले कार्य दिवस के बाद नही होगा। अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनोके भितर बिक्री मुल्य का बकाया जमा कराना होगा।
**अचल संपत्ति(यों) का वर्णन**
**फ्री होल्ड संपत्ति बियरींग प्लॉट नं. जी-45, संपुर्ण तीसरी मंजिल उसके टेरेस/ रूफ राइट्स के साथ और उसके ऊपर बिल्ट अप एरिया 200 स्के.यार्डस, फ्री होल्ड जमीन के नीचे का समानुपातिक, अविभाजित, अविभाज्य और अपक्षपाती हिस्से के साथ, लाजपतनगर-1 में स्थित, नई दिल्ली-110024।**
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com और www.auctionfocus.in का संदर्भ ले।
**दिनांक: 17.03.2022**
**स्थान : नई दिल्ली**
सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

**सांकेतिक कब्जा सूचना**
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005
जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विनीत कुमार रतन/सरिता शर्मा/ एलबीएफडीबी00004810598 | फ्लैट नंबर 1101, हैप्पी होम्स ग्रैंड-टावर 3, 11वां तल, सेक्टर-85, फरीदाबाद /21 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 10,37,550/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | दीप कुमार दास/सरबनी करमाकर दास/ एलबीएनओडी00001202412 | फ्लैट नंबर बी 254, प्रथम तल, सेक्टर बी, राइट हैंड साइड, ग्रीन फील्ड कालोनी, फरीदाबाद /21 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 11,55,920/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | सही राम रावत/राजेश देवी रावत/मैसर्स रावत क्रेन सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड/ एलबीएफडीबी00001442283/ एलबीएफडीबी00001442283 | प्लॉट नंबर 411, सेक्टर-22, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, फरीदाबाद /21 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 10,99,918/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | सरोजिनी/ जी सेंतिल कुमार/ एलबीएफडीबी00004405051 | फ्लैट नंबर 706, 7वां तल, ऑरिक सिटी होम्स, टावर 8, सेक्टर-82, फरीदाबाद /21 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 10,23,555/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | ज्योति दत्ता/राहुल दत्ता/कमल कान्त एलबीडीईएल00002146773 | मकान नंबर 259, सूर्य नगर फेज-2, सेक्टर-91, फरीदाबाद /21 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 11,61,013/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | अर्चना मिश्रा/ अविनाश मिश्रा/ एलबीएनओडी00002206648/ एलबीएनओडी00005198782 | फ्लैट नंबर एफ-1011, 10वां तल, टावर एफ, पीयूष हाइट्स, सेक्टर-89, फरीदाबाद, ग्राम रेवासपुर एवं खेड़ी कलां, हरियाणा /21 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 42,64,429/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | अरूण कुमार मंडल/सीमा सिंह/ एलबीएफडीबी00005124694 | फ्लैट नंबर बी-1402, टावर बी, 14वां तल, मलबरी काउंटी, ग्राम मुजेड़ी, सेक्टर-70, फरीदाबाद, हरियाणा /21 मार्च, 2022 | 23-06-2021 रू. 49,43,604/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | कविता चौधरी/विनीत कुमार/ एलबीएफडीबी00003045174 | प्लॉट नंबर 4030 का सम्पूर्ण द्वितीय तल, छत और टेरेस अधिकार के साथ, ब्लॉक के, सैनिक कालोनी, सेक्टर-49, फरीदाबाद, हरियाणा /21 मार्च, 2022 | 25-06-2021 रू. 37,38,088/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | सुभाष चंद/ रेखा/ एलबीएफडीबी00002906010/ एलबीएफडीबी00005130245 | फ्लैट नंबर एफ-801, 8वां तल, टावर एफ, प्रिंसेस पार्क, सेक्टर-86, बुडेना, फरीदाबाद, हरियाणा /21 मार्च, 2022 | 25-06-2021 रू. 38,85,156/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10 | योगिता गौड़/अमित शर्मा/ एलबीजीएचजेड00002718056 | प्लॉट नंबर 1886 I, भू तल, अरावली विहार, सेक्टर-49, फरीदाबाद, हरियाणा /21 मार्च, 2022 | 16-10-2021 रू. 30,41,844/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11 | सविता बजाज/ बजाज होलोग्राफिक्स इंडिया प्रा. लि/ हेमराज बजाज/ कपिल बजाज/ एलबीएमएनजे00003460942 | फ्लैट नंबर जीएए-014, टावर ए, प्रथम तल, न्यू टाउ हाइट्स, डीएलएफ-II, सेक्टर-86, गुरूग्राम /21 मार्च, 2022 | 16-08-2021 रू. 89,27,026/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12 | राघवेन्द नाइक/बी डी अर्पिता/ एलबीडीईएल00002365536 | फ्लैट नंबर 1202, 12वां तल, टावर सी-01, कृष आइबिजा टाउन, सेक्टर-39, फरीदाबाद /21 मार्च, 2022 | 23-07-2021 रू. 78,69,456/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13 | राज कुमार/सुमन देवी/ एलबीजीयूआर00005172448 | प्लॉट नंबर 12 तथा 13, रोड नंबर यू-66, डीएलएफ सिटी फेज-3, गुरूग्राम, हरियाणा /21 मार्च, 2022 | 23-06-2021 रू. 80,97,443/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14 | लीना कुमारी/सुदेश कुमार/ एलबीडीईएल00003338638 | फ्लैट नंबर एफ-305, तृतीय तल, आर्चर्ड एवेन्यू, टावर एफ, ग्राम हयातपुर, सेक्टर-93, गुरूग्राम, हरियाणा /21 मार्च, 2022 | 30-08-2021 रू. 21,96,397/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15 | सुगंधा कौशिक/मनोज पाल/ एलबीडीईएल00004320550 | फ्लैट नंबर बी-201, द्वितीय तल, टावर बी, जीएलएस एवेन्यू 51, ग्राम बजीरपुर, सेक्टर-92, गुरूग्राम /21 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 20,72,474/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 16 | गौरव गुप्ता/ नीरा गुप्ता/ एलबीएफडीबी00005050878/ एलबीएफडीबी00005077155 | फ्लैट नंबर सी 502, फ्लोरिडा - टावर सी, 5वां तल, सेक्टर-82, फरीदाबाद /21 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 20,62,907/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 25 मार्च 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली विस का दूसरा दिन रहा हंगामेदार

## तिरंगा लगाने के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तिखी नोकझोंक

**● भाजपा विधायकों को मार्शल ने किया बाहर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा दिन हंगामेदार रहा है। सदन में बृहस्पतिवार को उस समय आम आदमी पार्टी और भाजपा के सदस्यों के बीच जुबानी जंग छिड़ गई, जब सत्तपक्ष के विधायक सोमनाथ भारती ने आरोप लगाया कि उनके निवार्चन क्षेत्र में ऊंचाई पर तिरंगा लगाने का भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) विरोध कर रहे हैं।

विपक्षी सदस्यों ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के सदस्यों को टुकड़े-टुकड़े गैंग का हिस्सा करार दिया। इस पर आप सदस्यों ने आरएसएस हाय-हाय के नारे लगाए। दोनों दलों के सदस्य शोर-शराबा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल के आसन के समीप पहुंच गए। गोयल ने सदन में तैनात मार्शल को निर्देश दिया कि वे भाजपा विधायकों विजेंदर गुप्ता और जितेन्द्र महाजन को बाहर ले जाएं। इसके बाद महाजन को दिन भर की कार्यवाही से भी निलंबित कर दिया गया।

सदन में हंगामा उस वक्त शुरू हुआ जब मालवीय नगर के विधायक भारती ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के सूर्यसेन पार्क में ऊंचाई पर तिरंगा लगाने का भाजपा और आरएसएस विरोध कर रहे हैं। भाजपा विधायकों ने उनके इस आरोप का विरोध किया। भाजपा विधायक महाजन ने आप सदस्यों को टुकड़े-टुकड़े गैंग का सदस्य करार दिया। शोर-शराबे के बीच ही गोयल ने भाजपा विधायकों को कहा कि वह दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा विधायकों को बाहर कर दिए जाने के बाद अध्यक्ष ने कहा कि भारती ने इस मामले को उठाने के लिए लिखित में सूचना दी थी।

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भारती ने बहुत ही गंभीर मुद्दा उठाया है और यह हमारे देश के गौरव के लिए गंभीर मामला है। भाजपा को शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। सिसोदिया ने कहा कि वह अपनी जान देकर भी यहां तिरंगा लहराएंगे। इस के बाद सदन में भारत माता की जय के नारे गूंज उठे।

# दिल्ली पर लगा सबसे प्रदूषित राजधानी का कलंक : नेता प्रतिपक्ष

## बसें खरीदी नहीं, घाटा हर साल बढ़ता गया, स्वास्थ्य सेवा भी बदहाल : बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल के



अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार को घेरते हुए हर मोर्चे पर असफल सरकार बताया। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और पानी-बिजली उपलब्ध कराने में सरकार पूरी तरह निष्फल रही है।

बिधूड़ी ने कहा कि अभी दो दिन पहले ही सर्वे आया है जिसमें बताया गया है कि 17 देशों के 6475 शहरों में दिल्ली विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी है। यह दिल्ली के नाम पर कलंक जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ महीने पहले ही प्रदूषण पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि स्कूल बंद करके लॉकडाउन लगा दो।

यमुना की सफाई के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को 2419 करोड़ रुपए दिए हैं लेकिन यमुना मैली की मैली ही है। ग्रीन पीस साउथ ईस्ट एशिया की एक और रिपोर्ट में बताया गया है कि एक साल में दिल्ली में प्रदूषण के कारण 54 हजार लोगों की अकाल मौत हो गई।

दिल्ली सरकार इस साल बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर नतीजों के लिए अपनी पीठ थपथपा रही है जबकि कोरोना के कारण दो सालों से तो स्कूल ही नहीं खुले और परीक्षाएं ही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार 12 हजार कमरों को अपनी उपलब्धि बता रही है लेकिन स्कूलों के इन कमरों में पढ़ाने के लिए शिक्षकों की भारी कमी है। 745 स्कूलों में प्रिंसिपल और 418 स्कूलों में वाइस प्रिंसिपल नहीं हैं।

इसके अलावा साढे 24 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं। 22 हजार गेस्ट टीचर्स पढ़ा रहे हैं । लेकिन उनमें से एक को भी पक्का नहीं किया गया। इसके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, वोकेशनल ट्रेनर और अलग-अलग विभागों में काम कर रहे करीब डेढ़ लाख कांट्रेक्ट कर्मचारियों को नियमित करने का सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया। दिल्ली में बुजुर्गों और बेसहारा महिलाओं को पेंशन के फार्म सालों से नहीं मिल रहे और वे मारे-मारे फिर रहे हैं।

## आप विधायक ने उठाया डीपीसीआई एक्ट में संशोधन का मुद्दा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बच्चों को नियम के कारण अपने ही प्रदेश में कई बार लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं। दिल्ली के बच्चों को लाभ मिले इसके लिए वर्तमान दिल्ली प्रोफेशनल कॉलेजेज़ व इंस्टीट्यूट (डीपीसीआई) एक्ट 2007 में संशोधन जरूरी है। यह मांग विधायक विशेष रवि ने उठाई है।

विधायक विशेष रवि ने कहा कि मेरे सामने कई ऐसे उदाहरण आए जहां योग्य छात्र इस अधिनियम की वर्तमान संरचना के कारण दिल्ली से होने के बावजूद उनका लाभ नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम की वर्तमान परिभाषा के मुताबिक़ जिस छात्र ने दिल्ली के स्कूल व कॉलेज से योग्यता परीक्षा पास की हो, केवल वो ही इस अधिनियम के दायरे में आते हैं। इस संदर्भ में मैंने यह सुझाव दिया है कि इस परिभाषा को बदलकर ऐसा किया जाए, जिससे दिल्ली के निवासी इसके दायरे में आ जाएं।

# सदन में सीएम का भाषण अप्रासंगिक है : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● निगम एकीकरण व फंड की कमी व शराब नीति पर कोई चर्चा नहीं की : चौ. अनिल**

विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भाषण पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने अप्रासंगिक करार दिया है।

उन्होंने कहा कि सीएम ने भविष्य में दिल्ली के विकास और आम लोगों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करने की बजाय भगत सिंह, अम्बेडकर की तस्वीर लगाने, द कश्मीर फिल्म को यूट्यूब पर डालने जैसे अनावश्यक मुद्दों पर समय बर्बाद करके उन्होंने अपना ओछी राजनीति करने वाला चेहरा उजागर कर दिया है। कुमार ने कि केजरीवाल को भाषण में निगमों के एकीकरण जैसे मुद्दे पर बोलना चाहिए था लेकिन सीएम ने निगम चुनाव सहित अन्य मुद्दों को लेकर भड़काऊ और भ्रमित करने वाला अमर्यादित वक्तव्य दिया।

चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि 15 वर्षों से निगम में भाजपा का शासन और दिल्ली में 8 सलों से आम आदमी पार्टी का शासन है। निगमों के एकीकरण दोनों पार्टियों का रुख एक ही है।




**यूक्रेन से सुरक्षित भारत आए छात्र जंतर-मंतर पर एकत्रित हो प्रधानमंत्री का आभार जताते।** फोटो : रंजन डिमरी

# एमसीडी चुनाव टालने को पीएमओ आया फोन

## सीएम केजरीवाल ने लगाए बड़े आरोप, कहा-चुनाव से भाग रही भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का चुनाव टालने के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से फोन किया गया था।

केजरीवाल ने विधानसभा में कहा कि यह दुनिया में कहीं नहीं हुआ होगा कि प्रधानमंत्री सीधे कॉल कर और निर्वाचन आयोग को पत्र लिख चुनाव टलवा रहे हों। भाजपा चुनाव नहीं चाहती है। भाजपा नेताओं ने एमसीडी में लूट के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी उपराज्यपाल का पत्र मिलने के बाद इस महीने के शुरु में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निकाय चुनाव टालने की घोषणा के बाद आई है। आयोग ने कहा कि केंद्र की योजना संसद के बजट सत्र के दौरान तीनों निगमों को मिलाने के लिए विधेयक लाने की है।

केंद्रीय मंत्रिमडल ने मंगलवार को दिल्ली के तीनों नगर निगम को मिलाने के लिए विधेयक लाने को मंजूरी दे दी। इस विधेयक को संसद के चालू बजट सत्र में ही पेश किए जाने की उम्मीद है।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने जानना चाहा कि आखिर भाजपा ने गत सात सालों में क्यों नहीं तीनों निगमों को मिलाने का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि आप (भाजपा)गत सात साल से कहां सोए थे। राज्य निर्वाचन आयोग नौ मार्च को शाम पांच बजे एमसीडी चुनावों की घोषणा करने वाला था लेकिन पीएमओ से आयुक्त को फोन कॉल आया और चुनाव की तारीखों की घोषणा से महज एक घंटे पहले चुनाव टालने के लिए पत्र आया।

विधानसभा में बोलते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा बाबा साहेब आम्बेडकर से नफरत करती है क्योंकि उन्होंने संविधान और लोकतंत्र दिया। उन्होंने भाजपा को समय से एमसीडी चुनाव कराने और जीतने की चुनौती दी।

# अतिक्रमण को लेकर जारी आरोप-प्रत्यारोप दुर्भाग्यपूर्ण

## एसडीएमसी और डीएसआईआईडीसी के बीच रस्साकशी पर अदालत ने की टिप्पणी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




उच्च न्यायालय ने ओखला औद्योगिक क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण को लेकर एसडीएमसी और डीएसआईआईडीसी की रस्साकशी को दोषी ठहराने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और अधिकारियों को अनधिकृत निर्माण हटाने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) और दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (डीएसआईआईडीसी) को एक-एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करने का निर्देश दिया। अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए हैं।

ये अधिकारी ओखला औद्योगिक क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि एवं सड़कों पर से अनकृितत निर्माण एवं अतिक्रमण हटाने की योजना बनाने के लिए बैठक करेंगे। पीठ ने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि दो प्राधिकारी सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण के लिए एक दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। एक ओर एसडीएमसी के वकील ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र को डीएसआईआईडीसी को स्थानांतरित कर दिया गया है, तो दूसरी ओर डीएसआईआईडीसी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि अतिक्रमण एसडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में हुआ है।

अदालत ने एसडीएमसी और डीएसआईआईडीसी को नोडल अधिकारियों के बीच होने वाली बैठक की जानकारी देने के लिए कहा। साथ ही अदालत ने कहा कि इस संबंध में स्थिति रिपोर्ट और अतिक्रमण हटाने को लेकर की गई कार्रवाई की तस्वीरें भी पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने डीसीपी (दक्षिण) को क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया।

# पैरा शूटिंग चैंपियनशिप में इंदु राणा ने जीता स्वर्ण पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**● दक्षिणी निगम के धूलसिरस प्राथमिक विद्यालय में हैं शिक्षिका**

दक्षिणी निगम की शिक्षिका इंदु राणा ने दूसरी राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैम्पियंनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीता है।

निगम की तरफ से जारी बयान के अनुसार इंदु राणा दक्षिणी निगम के धूलसिरस प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत है। उन्होंने यह पदक जीतकर न केवल दक्षिणी निगम को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई है बल्कि निगम कर्मचारियों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनी है। इंदु की जीत पर दक्षिणी निगम की तरफ से जारी बयान में कहा कि यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व व हर्ष का विषय है। आशा की जाती है कि इंदु राणा अंतर्राष्ट्रीय पैरा शूटिंग प्रतियोगिता में इसी प्रकार स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करेगी। दक्षिणी निगम द्वारा उन्हें हर संभव सहयोग व प्रोत्साहन दिया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार



**रोहिणी इलाके में बैंक्वेट हॉल में लगी आग के दौरान उठता धुंआ।**

### विवाह स्थल पर लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी इलाके में बृहस्पतिवार को बैंक्वेट हॉल में आग लग गई। दमकल की 12 गाड़ियों ने आग को काबू किया। इस आगजनी में एक व्यक्ति मामूली रूप से झुलस गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, सीएनजी पंप के पास बैंक्वेट हॉल में आग लगी। बैंक्वेट हॉल एक दमकल केंद्र के पास स्थित है और उनकी टीम वहां से धुआं निकलते देख तुरंत मौके पर पहुंची। दो कारों और एक बाइक में आग लगी थी। आग के कारण पैदा हुई तपिश कम होने पर वह जांच करेंगे कि हॉल के अंदर कोई फंसा तो नहीं था। अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे आग पर काबू पा लिया गया। मामूली रूप से झुलसे एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार दिया गया।



**आप की सदस्यता लेने के बाद मंत्री सतेंद्र जैन के साथ खड़े लोग।**

### पंजाब चुनाव के बाद हिमाचल में विस्तार कर रही आप

**नई दिल्ली।** पंजाब में क्लीन स्वीप के बाद, आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को दिल्ली में हिमाचल प्रदेश के स्टेट इंचार्ज व दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, सह-प्रभारी रत्नेश गुप्ता, आब्जर्वर सचिन राय की मौजूदगी में हिमाचल प्रदेश की राजनीति के 6 अहम नेताओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। सत्येंद्र जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के गुड गवर्नेंस मॉडल से प्रभावित होकर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित लोग पुरानी राजनीति और भ्रष्टाचार को पीछे छोड़कर आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू किए गए बदलाव की राजनीति में शामिल हो रहे हैं।

### द कश्मीर फाइल्स की सराहना निरर्थक : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भाषण की निंदा करते हुऐ कहा है की मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में सभी राजनीतिक मर्यादाओं को तोड़ दिया। सीएम ने अपने संबोधन का अधिकांश भाग भाजपा की दी कश्मीर फाइल्स फिल्म को मनोरंजन कर मुक्त करने मांग पर केंद्रित किया और उनका भाषण उनकी कश्मीरियों की पीड़ा के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाह रहा था। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री जो खुद अक्सर फिल्में देखते उन पर टिप्पणी करते है वह आज देश के नागरिकों पर हुऐ आत्याचारों को दर्शाती फिल्म को मनोरंजन कर से मुक्त करना तो दूर उसको एक अच्छी फिल्म के रूप में भी स्वीकार करने से बच रहे हैं। आम आदमी पार्टी का इतिहास रहा है की उसके नेताओं ने कश्मीर में अलगाववादियों की जनमत संग्रह की मांग का समर्थन किया था, ऐसी पार्टी से दी कश्मीर फाइल्स की सराहना की उम्मीद रखना निरर्थक है। यह भी सम्भव है की यह फिल्म उनके कुछ जेएनयू के मित्रों की पोल खोली है।

## संपत्तिकर कार्यालय 26-27 मार्च को भी खुलेंगे

**नई दिल्ली।** संपत्ति-करदाताओं के सुविधा के लिए दक्षिणी निगम के सभी संपत्ति-कर कार्यालय (मुख्यालय व क्षेत्रीय) 26 मार्च व 27 मार्च 2022 (शनिवार और रविवार)को भी खुले रहेंगे।

सभी कार्यालय सुबह 9 से शाम 5.30 तक खुले रहेगे। यहां ऑनलाइन संपत्तिकर जमा करने हेतु विशेष प्रबंध किये गये है और करदाताओं की सहायता को विभाग द्वारा काउन्टर भी लगाये है। संपत्तिकर भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च 2022 है। लोगों से अनुरोध किया जाता है कि वे आम माफी योजना 2021-22 का लाभ उठाये और समय पर संपत्तिकर अदा कर, ब्याज व जुर्माने पर छूट पाएं।

# आप के पांचों प्रत्याशी रास के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**पीएनएस।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

राज्यसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के सभी पांच उम्मीदवारों को पंजाब से निर्विरोध चुन लिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इससे दिल्ली में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया।

आप ने 31 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, पार्टी नेता राघव चड्ढा, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक अशोक मित्तल, आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर संदीप पाठक और उद्योगपति संजीव अरोड़ा को नामित किया था। नामांकन वापसी के लिए बृहस्पतिवार आखिरी दिन था।

निर्वाचन अधिकारी-सह-सचिव, पंजाब विधानसभा, सुरिंदर पाल ने कहा कि पर्चा दाखिल करने वाले किसी भी उम्मीदवार ने अपराह्न तीन बजे तक नामांकन पत्र वापस नहीं लिया था इसलिए, निर्विरोध निर्वाचित हुए। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ ने एक रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई है। पंजाब से किसी और राजनीतिक दल ने राज्यसभा चुनावों के लिए उम्मीदवार नहीं उतारा था।

पंजाब से राज्यसभा के पांच सदस्यों सुखदेव सिंह ढींढसा (शिअद), नरेश गुजराल (शिअद), प्रताप सिंह बाजवा (कांग्रेस), शमशेर सिंह दुल्लो (कांग्रेस) और श्वेत मलिक (भाजपा) का कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

हरभजन सिंह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हैं। जालंधर से आने वाले हरभजन सिंह आईपीएल में मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब की कप्तानी भी कर चुके हैं।

अशोक मित्तल फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के संस्थापक हैं। यह राज्य का पहला निजी विश्वविद्यालय है और देश के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से भी एक है।

### राघव चड्ढा ने विधानसभा से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक राघव चड्ढा ने बृहस्पतिवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। आप ने उन्हें राज्यसभा के लिए नामांकित किया गया है। चड्ढा आप द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकित पांच प्रत्याशियों में से एक हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए 31 मार्च को मतदान होगा। अगर चड्ढा निर्वाचित हो जाते हैं तो 33 साल की उम्र में वह संसद के उच्च सदन में निर्वाचित सबसे युवा सदस्य होंगे। विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने चड्ढा की उनके काम के लिए प्रशंसा की।

## उमर खालिद को जमानत देने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** फरवरी 2020 में हुए दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में आरोपी उमर खालिद को अदालत से बड़ा झटका लगा है। बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान पूर्वी दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने खालिद को जमानत देने से इनकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने 3 मार्च को खालिद और अभियोजन पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान आरोपी ने अदालत से कहा था कि अभियोजन पक्ष के पास उसके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सबूतों का अभाव है।

# रेड लाइन पर स्वदेशी सिग्नलिंग तकनीक का इस्तेमाल शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो की रेड लाइन पर पहली बार स्वदेशी रूप से विकसित सिग्नलिंग तकनीक के अंतिम फील्ड ट्रायल का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। देश की पहली स्वदेशी स्वचालित ट्रेन पर्यवेक्षण प्रणाली (आई-एटीएस) दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) की संयुक्त टीम द्वारा विकसित की गई है।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर जानकारी दी कि देश के पहले आई-एटीएस के अंतिम फील्ड ट्रायल का उद्घाटन प्रबंध निदेशक डॉ. मंगू सिंह ने मेट्रो भवन में निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदी में रेड लाइन पर किया। एक अन्य ट्वीट में कहा गया, यह कवायद डीएमआरसी को मेट्रो ट्रेन सिग्नलिंग के क्षेत्र में और अधिक आत्मनिर्भर बनाएगी और भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा मिलेगा।

दिल्ली मेट्रो ने पिछले साल 24 दिसंबर को अपने परिचालन के 20वें वर्ष में प्रवेश किया था और इस अवसर पर आई-एटीएस तकनीक का फील्ड ट्रायल शुरू किया था। एटीएस एक कंप्यूटर आधारित प्रणाली है, जो ट्रेन संचालन का प्रबंधन करती है।

# एनडीएमसी पार्कों के लिए खुद बनाती है 50 फीसदी खाद

## पौधों के बेहतर विकास के साथ रसायन मुक्त पोषक तत्व कर रही प्रदान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



एनडीएमसी अपने प्रमुख पार्कों और उद्यानों की सुंदरता बनाए रखने के लिए हरित जैविक खाद का उपयोग करती है। इसमें से 50 फीसदी खाद की पूर्ति एनडीएमसी अपने स्रोतों से करती है। यह बात एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने गुरुवार को नेहरू पार्क-चाणक्यपुरी का दौरा करने के बाद दी।

उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान में एनडीएमसी के 47 क्षेत्र है जिसमें मुख्य रूप से नेहरू पार्क, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, चिल्ड्रन पार्क सहित कॉलोनी पार्क है जिसमें 110 कम्पोस्ट पिट बनाए गए हैं, जिनमें प्रति दिन 1 से 1.5 टन खाद का उत्पादन किया जाता है। खाद उत्पादन में करीब 50-60 दिन का समय लगता है। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी केवल अपने प्रमुख उद्यानों और कॉलोनी पार्कों के हरे कचरे का उपयोग करती है।

उपाध्याय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सड़क के किनारे से पत्तियों के उठाने का कार्य किया जाता है लेकिन पार्क के अंदर से एकत्र किए गए सूखे कचरे को बागवानी विभाग द्वारा कंपोस्ट पिट में संसाधित किया जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा कम्पोस्ट पिट पार्कों के अंदर उत्पन्न पूरे हरे कचरे का उपयोग करने के लिए पर्याप्त है और सड़क की ओर से एकत्र किए गए अतिरिक्त कचरे को स्वास्थ्य विभाग द्वारा ट्रकों के माध्यम से ओखला कम्पोस्ट प्लांट में स्थानांतरित किया जाता है। रईस अली निदेशक (उद्यान) ने खाद निर्माण तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सूखी पत्तियों से कम्पोस्ट खाद तैयार किया जाता है।

उपाध्याय ने कहा कि यह मिट्टी के लिए सबसे स्वास्थ्यप्रद खाद है। एनडीएमसी अपनी खाद की आवश्यकता का 50 फीसदी घरेलू उत्पाद और प्रमुख उद्यानों को बनाए रखने और नई दिल्ली क्षेत्र के गोल चक्कर, कॉलोनी के छोटे पार्कों आदि की सुंदरता को बढ़ाने के माध्यम से उपयोग कर रहा है।

# विधायक समेत 211 लोगों ने देखी द कश्मीर फाइल्स फिल्म

## सेक्टर-83 के सिनेमाघर में लोगों को निशुल्क दिखाई गई फिल्म

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-83 के सिनेमाघर में द कश्मीर फाइल्स फिल्म देखते विधायक सतप्रकाश जरावता, सरपंच सुंदरलाल व अन्य ग्रामीण।

**सेक्टर-83** में द कश्मीर फाइल्स देखने को भीड़ उमड़ी। यहां के सिनेमाघर में पटौदी के विधायक सतप्रकाश जरावता समेत क्षेत्र के आम और खास 211 लोगों ने यह फिल्म देखी और कश्मीर के इतिहास को जाना।

सिकंदरपुर गांव के सरपंच सुंदर लाल यादव के निवेदन पर विधायक सतप्रकाश जरावता यहां पहुंचे। इस दौरान सेक्टर-83 क्षेत्र के ग्रामीणों बुजुर्ग, महिलाएं, युवा भी काफी संख्या में फिल्म देखने सिनेमाघर में पहुंचे। फिल्म देखने के बाद विधायक सतप्रकाश जरावता ने कहा कि यह फिल्म कश्मीर के लोगों पर हुए जुल्म और अत्याचारों की हकीकत को दिखाती है। जिसने कश्मीर के दर्द को कभी जाना नहीं है, वे इस फिल्म को जरूर देखें। फिल्म में दिखाई गई कश्मीर की हकीकत सबको विचलित कर रही है। एक ही देश में रहते हुए कश्मीर के लोगों पर जो अत्याचार किए गए, वे कभी भुलाए नहीं जा सकते।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि इस फिल्म को वर्तमान युवा पीढ़ी जरूर देखे। युवाओं को यह तय करना है कि वे किस तरह की राजनीति देश में चाहते हैं। जो राजनीति उस समय हुई, जिससे कश्मीरियों को इतनी पीड़ा झेलनी पड़ती उसे कभी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

इस अवसर पर हरजस सरपंच, लक्ष्मण सरपंच, प्रदीप सरपंच, दयाराम चेयरमैन, विजय सरपंच, सतदेव सरपंच, देविंदर यादव, अजित यादव, अभिमन्यु यादव, केशु यादव, संजम सरपंच, साधु सिंह सूबेदार, देशराज सतप्रकाश यादव, धर्मबीर यादव, संजय यादव, बिट्टू कासन, रोहतास सहित अनेक गणमान्य लोग फिल्म देखने पहुंचे।

# हरियाणा में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के गठन की मजबूत शुरुआत : सुशील गुप्ता



गुरुग्राम में आप नेता उमेश अग्रवाल के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हरियाणा प्रभारी सुशील गुप्ता।

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता का कहना है कि हरियाणा में भ्रष्टाचार की पोषक भाजपा-जजपा सरकार को उखाड़ फेंकने और आम आदमी पार्टी की जनहितैषी ईमानदार सरकार के गठन की मजबूत शुरुआत वीरवार को गुरुग्राम से हो चुकी है।

गुरुग्राम में केवल इस जिला के ही नहीं, बल्कि प्रदेश के कई जिलों से लोगों के आम आदमी पार्टी में शामिल होकर यह साफ हो गया है कि हरियाणा की वतज़्मान सरकार से यहां के लोग पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं। शीतला माता रोड स्थित पूर्व विधायक एवं आप नेता उमेश अग्रवाल के कार्यालय में आयोजित एक समारोह में विभिन्न पार्टियों की सदस्यता छोड़कर व विभिन्न वर्गों के लोगों को आम आदमी पार्टी में शामिल किया गया। इस अवसर पर सांसद सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के विकास का खोखला ढोल पीटने वाली सरकार ने आज हरियाणा बेरोजगारी में नंबर-1 हो चुका है। सरकार में बिना खर्ची पर्ची के न लोगों को रोजगार मिल पा रहा है और न ही लोगों के अन्य काम हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रंजिश में सगे दो सगे भाइयों पर लाठी, डंडा व सरियों से हमला

**सोहना।** भोंडसी की डिफेंस कॉलोनी में रंजिश के चलते कार सवार पांच लोगों ने दो सगे भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला करके घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर एक नामजद समेत पांच के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके पास कार है। वह अपने पड़ोसी पूजा के मकान के साथ खाली प्लाट में खड़ी करता था। एक दिन पूजा ने उसके कार खड़ा करने का विरोध किया। उसके खिलाफ भोंडसी थाना में झूठा मामला दर्ज कराया दिया। जिसकी पुलिस द्वारा की गई जांच में वह निर्दोष पाया गया। इसी बात को लेकर पूजा का भाई टीकली निवासी सोनू उससे रंजिश रखने लगा। 22 मार्च को वह और उसका भाई ललित कॉलोनी में बने दूसरे मकान पर बाइक से जा रहे थे। सोनू ने पहले तो बीच रास्ते में कार को बाइक के आगे लगा दिया। कार में सवार चार नौजवान युवक नीचे उतरे और अपने हाथों में लिए लोहे की सरियां, लाठी व डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उसका भाई ललित बेहोश हो गया। उसको भी आरोपियों ने खूब पीटा। भोंडसी पुलिस ने सुनील की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### गुरुग्राम विवि में 125 सदस्यों ने किया रक्तदान



**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय एनएसएस शिविर के पहले दिन गुरुग्राम विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर सेक्टर-51 में किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, मुख्य अतिथि के रूप में सिविल अस्पताल के उप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज गर्ग, डॉ. जयप्रकाश, विशिष्ट अतिथि के रूप में रेनू पाठक अखिल भारतीय महिला प्रमुख, राष्ट्रीय सेवा भारती ने शिरकत की। इस दौरान सिविल अस्पताल से पहुंची टीम ने 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया। छात्र-छात्राओं सहित विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ ने शिविर में उत्साह से भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर में अतिथियों द्वारा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज गर्ग ने सभी को जन सेवा के लिए रक्तदान करने को प्रेरित किया। डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि रक्त का कतरा-कतरा अमूल्य है, जो किसी को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्तदान करके हम समाज के ऐसे लोगों को जीवन दे सकते हैं, जो रक्त के अभाव में जीवन और मौत के संघर्षमें हार जाते है। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी जाती है। सचमुच में यह महादान है, जिससे लोगों की जान बचाई जाती है। रेनू पाठक ने बताया कि हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। विश्वविद्यालय की एनएसएस शाखा की प्रमुख डॉक्टर नीलम वशिष्ट ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए टीम को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रो. एमएस तुरान, डॉ. सुमन वशिष्ठ, अशोक खन्ना, डॉ. बिजेंद्र समेत अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### संजय भसीन को मिला पृथ्वीराज कपूर रास रंग सम्मान



**गुरुग्राम।** प्रदेश में कला और संस्कृति के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत हरियाणा कला परिषद् के निदेशक तथा निष्ठा सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष संजय भसीन को पाईट कॉलेज समालखा में रास कला मंच सफीदों द्वारा आयोजित 11वें चलो थियेटर राष्ट्रीय नाट्य समारोह में पृथ्वीराज कपूर रास रंग सम्मान से नवाजा गया। रास कला मंच की ओर से सांसद संजय भाटिया, फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा, पानीपत के जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने संजय भसीन को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र तथा 11 हजार रुपये का चैक प्रदान कर सम्मानित किया। रास कला मंच द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले चलो थियेटर नाट्य समारोह की 11वीं कड़ी में सात दिवसीय नाट्य समारोह के उद्घाटन अवसर पर कला के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणीय भूमिका निभाने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि संजय भसीन द्वारा पिछले लम्बे समय से रंगकर्म के क्षेत्र में अथक सेवा, सक्रियता, कला उत्थान तथा बहुमुखी प्रतिभा के कारण हरियाणा के रंगकर्म को बढ़ाने में विशेष योगदान देने पर उन्हें पृथ्वीराज कपूर अवार्ड से नवाजा गया। इस अवार्ड से सम्मानित होना बेहद गौरव की बात है। संजय भसीन को उनके कला के क्षेत्र में दिए जा रहे सहयोग के कारण ही प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा कला परिषद् के निदेशक के रुप में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजय भसीन को सम्मान मिलने पर रास कला मंच से रवि मोहन सहित निष्ठा सांस्कृतिक मंच के चेयरमैन सुभाष सिंगला, सचिव योगेश गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश कालड़ा, अर्पित भसीन, हरजीत सिंह, केके गांधी, जगभूषण गुप्ता, गोल्डी सिंगला, कमल यादव, रजनीश भनौट, मनीष अरोड़ा, अंकुश भसीन, रविंद्र जैन, नवीन गुप्ता, कमल संदूजा आदि ने बधाई दी।

# पांच शहीद स्मारक बनाएगी हुकुम का इक्का अकादमी



**गुरुग्राम।** भारत देश को आजादी किसी एक व्यक्ति विशेष की शहादत से नहीं, बल्कि 3 लाख 27 हजार शहीदों की बदौलत आजादी मिली है। देश के महान क्रांतिकारियों को हमेशा के लिए याद रखा जाएगा। यह बात हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने सेक्टर-10 स्थित कादीपुर सिटी बस डिपो के सामने हुकुम का इक्का फिल्म एंड मीडिया अकादमी के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

ओमप्रकाश धनखड़ ने आगे कहा कि आजादी के आंदोलन में तो कांग्रेसी नेताओं ने भी भाग लिया था, पर आजादी के बाद इतिहास लिखने में कांग्रेस ने भेदभाव किया। शहादत पर कभी भी ऐसा बर्ताव नहीं करना चाहिए। हुकुम का इक्का फिल्म एंड अकादमी के निदेशक दीप सिहाग सिसाय ने कहा कि इस अकादमी में दाखिला लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए सभी पाठ्यक्रम निशुल्क रहेंगे। उन्होंने ऐलान किया कि हरियाणा में हुकुम का इक्का परिवार की तरफ से 5 शहीद स्मारक बनाए जाएंगे। सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि आप जो बदलाव देखने चाहते हो पहले ऐसा बदलाव अपने आप से शुरू करना चाहिए।


# लटके बिजली तार दे रहे हादसों को निमंत्रण

## सांचौली गांव के उपभोक्ताओं को हो रही काफी परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** के गांव सांचौली में बिजली की लाइन जर्जर हालत में है। उसके लटके तार टूटकर जमीन पर गिर रहे हैं। जिससे जानलेवा हादसा होने का पूरा-पूरा खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों को तार टूटने के बाद 24 तक बिजली सप्लाई न आने से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है।

गांव सांचौली में पांच साल पहले यहा बिजली लाइनों पर नई तारें लगाई गई थीं। जिनकी हालत बहुत ही जल्द जर्जर हो गई। आएदिन बिजली की लाइन से तार टूटकर जमीन पर गिर रही हैं। जिससे बिजली सप्लाई तो गुल हो ही जाती है। साथ में जमीन पर लटकी तारों से जानलेवा हादसा होने की पूरी-पूरी संभावना रहती है। गांव निवासी बिट्टू यादव ने बताया कि तार टूटने के बाद यहां के 200 से 250 घरों में 24-24 घंटों तक बिजली सप्लाई ठप हो जाती है। जिसकी शिकायत करने पर ही निगम के कर्मचारी ठीक करने के लिए आते है। स्थानीय निवासी बबली का कहना है कि बिजली निगम के लाइनमैन और जेई को कई बार ग्रामीणों ने लाइन पर लटकी तारों को बदलने की मांग की है, लेकिन जेई व लाइन मेन उच्चाधिकारियों के आदेश पर तारों को जल्द ही बदलने का आश्वासन दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिजली की टूटी तार आम रास्ते के साथ लटकी रहती है।



सोहना के गांव सांचौली में बिजली की लाइनों पर लटकी जर्जर हालत में टूटी तारें।

### पेयजल आपूर्ति हुईं ठप

**यहां** के निवासी नवीन भारद्वाज ने बताया कि बिजली सप्लाई ठप होने के साथ ही घरों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में 24 घंटा तक बिजली सप्लाई के ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियां हो रही है। पूरी-पूरी रात ग्रामीणों को हाथ के पंखों के हवा करके जागकर बैठना पड़ता है, क्योंकि गांव में मच्छरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है।

### अधिकारियों से की जाएगी शिकायत

**गांव** निवासी राजू यादव का कहना है कि ग्रामीण जल्द ही एकजुट होकर बिजली निगम के अधिकारियों को लिखित में शिकायत देकर जर्जर हालत में लटकी लाइनों पर तारों को बदलने की मांग की जाएगी।

# ट्रूकॉलर ने अपने ऐप पर मैसेजिंग का सबसे अच्छा अनुभव प्रदान किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**चाहे** कॉल करना हो, मैसेजिंग हो या अनचाहे संचार को रोकना हो, ट्रूकॉलर अपने उपयोगकर्ताओं के अनुभव को और भी बेहतर बनाने का प्रयास करता है। हमारे मैसेजिंग/चैट की सुविधा को उपयोग करने के तरीके में बदलाव लाने के लिए, ट्रूकॉलर ने मैसेजिंग के अनुभव बनाने के लिए अपने ऐप पर बिल्कुल नए अपडेट पेश किए हैं। नई सुविधाओं में अत्यंत ज़रूरी मैसेज, स्मार्ट कार्ड्स की शेयरिंग, बेहतर स्मार्ट एसएमएस, भेजे गए चैट मैसेजेज को बदल पाना और डिफॉल्ट व्यू सेट करना शामिल हैं।

ट्रूकॉलर भारत के चीफ़ प्रोडक्ट ऑफिसर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर रिषित झुनझुनवाला ने नए सुविधाओं के बारे में बोलते हुए कहा, हम अपने उपयोगकर्ताओं की बदल रही ज़रूरतों पर ध्यान देना जारी रखे हुए हैं और अगले ज़माने के समाधानों के साथ उन ज़रूरतों को पूरा करते हैं। ये सुविधायें हमें अपने मिशन के और भी नज़दीक ले जाती हैं- ताकि संचार को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक कुशल बनाया जा सके ट्रूकॉलर संचार के एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है और जो लोग इस ऐप का भरपूर उपयोग करना चाहते हैं, उनके लिए ये सुविधायें उनके लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण होंगी। ये सुविधाएं मजेदार और उपयोग में आसान हैं और हमारी रोज़मर्रा की मैसेजिंग में आने वाली बहुत सारी समस्याओं को हल कर सकती हैं। ट्रूकॉलर का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को अपनी बात-चीत को नियंत्रित करने में सक्षम बनाना, अपने साथियों के साथ आराम से संपर्क करना और आभासी दुनिया यानि कि इंटरनेट का ज़्यादा से ज़्यादा लाभ उठाना है। इस ऐप में नई सुविधायें रोमांचक अतिरिक्त सुविधायें हैं क्योंकि वे न केवल कार्यात्मक उपकरण हैं बल्कि इस भाग-दौड़ वाली दुनिया में समय को बचाने वाली भी हैं।




**नई सुविधाओं की एक संपूर्ण गाइड :** अत्यंत ज़रूरी संदेश - कभी-कभी, आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि मैसेज प्राप्त करने वाला व्यक्ति कॉल किए बिना आपका मैसेज देख ले। यह नई सुविधा आपको अनुकूलित सूचना के साथ ज़रूरी या समय के अनुसार संवेदनशील मैसेजेज़ के लिए प्राप्त करने वाले व्यक्ति का ध्यान आकर्षित करना संभव बनाती है। अत्यंत जरूरी मैसेज प्राप्त करने वाले व्यक्ति की स्क्रीन पर साफ़-साफ़ नज़र आने के साथ पॉप अप होगा, चाहे कोई दूसरा ऐप खुला हो, और जब तक प्राप्त करने वाला व्यक्ति उसे पढ़ नहीं लेता तब तक वह स्क्रीन पर से गायब नहीं होगा।

# गारंटीड रिटर्न प्लान से अपने निवेश पोर्टफोलियो को बनाएं रिस्क फ्री

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

**जीवन** अनिश्चितताओं से भरा है। यह तथ्य बीते दो वर्षों में और भी ज़्यादा स्पष्ट हो गया है, जब पूरी दुनिया को एक घातक वायरस के कारण बड़े पैमाने पर लॉकडाउन का सहारा लेना पड़ा। इस महामारी के दौर में देश और घरों दोनों की संपूर्ण अर्थव्यवस्था में भारी उथल-पुथल हुई है।

वित्तीय दुनिया के साथ-साथ शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई और कमोडिटी की कीमतों में भी अत्यधिक अस्थिरता रही। इस समय में, ऐसे उत्पादों में निवेश करना निश्चित रूप से समझदारी है, जो वित्तीय स्थिरता और निश्चितता की गारंटी देते हैं। स्टॉक और कमोडिटी बाजारों की अत्यधिक अस्थिरता के बावजूद निवेश पर रिटर्न की गारंटी, एक ऐसी चीज है जिसकी भारतीय निवेशकों को अक्सर तलाश रहती है। यही कारण है कि फिक्स्ड डिपॉज़िट (एफ डी) और भविष्य निधि (प्रोविडेंट फंड) योजनाएं भारतीय निवेशकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। गारंटीड रिटर्न प्लान पर विवेक जैन - हेड इन्वेस्टमेंट, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम का कहना है कि यह योजनाएं बीमा कंपनियों द्वारा पेश की जाती हैं। जिसमें आपको केवल योजना की अवधि के दौरान मासिक या वार्षिक आधार पर एक निश्चित प्रीमियम का भुगतान करना होता है। पॉलिसी मैच्योर होने के बाद, आपको अपने निवेश पर 100 फीसद गारंटीड रिटर्न मिलना शुरू हो जाता है। आप अपने भुगतान के लिए एक मुश्त लाभ (लम्प सम बेनेफिट) या आवर्ती आय (रेकरिंग इनकम) का विकल्प चुन सकते हैं। भुगतान राशि आपके द्वारा भरे गए प्रीमियम, चुने गए बीमा कवरेज और प्रीमियम भुगतान की अवधि पर निर्भर करता है। इन योजनाओं के तहत, आप निश्चित वर्षों के लिए भुगतान प्राप्ति या आजीवन आय प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अलावा, आपको इसमें मासिक आधार के बजाय वार्षिक आधार पर आय प्राप्त करने का विकल्प चुनने की सुविधा भी मिलती है। गारंटीड रिटर्न योजनाओं की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें आपको यह पता होता है कि पॉलिसी के मैच्योर होने पर आपको मासिक आधार पर कितना पैसा मिलेगा क्योंकि इसमें रिटर्न की गारंटी तय होती है।

नियमित आय की इस स्पष्टता से आपको भविष्य के लिए योजना बनाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लंबा समय मिलता है। यह योजनाएं अपने साथ एक और निश्चितता लेकर आती हैं कि यदि आपके साथ कुछ भी दुर्भाग्यपूर्ण होता है, तो आपके परिवार की वित्तीय सुरक्षा को इसके तहत कवर किया जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ये प्लान सालाना प्रीमियम के 10 गुना के बराबर लाइफ कवर के साथ लंबी अवधि की गारंटीड इनकम का आश्वासन देते हैं। साथ ही, यह प्लान पर्याप्त टैक्स बेनिफिट्स भी उपलब्ध कराते हैं।

# इन गर्मियों में मेन ऑफ प्लेटिनम के शानदार विशेष कलेक्शन से अपने स्टाइल व फैशन को बढ़ाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हम** जानते हैं कि यह दुनिया लगातार बदल रही है। भविष्य उन पुरुषों के द्वारा लिखा जाएगा, जो दूसरों से अलग हैं। इन पुरुषों के जीवन मूल्यों का परीक्षण होगा तथा जिन्हें सही चुनाव के लिए बुलाया जाएगा। लोग उनसे या तो डरेंगे या फिर उन्हें हमेशा के लिए याद रखा जाएगा। ऐसे पुरुष जिन्हें पहले से आजमाएं हुए रास्ते या फिर एक बिल्कुल नया रास्ता चुनने के लिए एक कठिन फैसला लेना होगा। ऐसे पुरुष जिन्हें अंधाधुंध अपनी महत्वाकांक्षा के पीछे जाना या फिर अपने जीवन मूल्यों पर चलते हुए सफलता की ओर बढ़ने में से एक चुनना होगा। ऐसे पुरुष जो बुद्धिमानी से चुनाव करेंगे, वही एक बेहतर कल का निर्माण कर सकेंगे और उनका यही सही निर्णय उनके जीवन की सच्चाई का निर्णायक क्षण बनेगा। ऐसे चरित्रवान लोग प्लैटिनम को ही अपनी फेवरेट मेटल के रूप में चुनते हैं क्योंकि यह उनके जीवन मूल्यों को दर्शाता है। यह उनके गहन विश्वास को दिखाता है जिस पर वह सदा से ही अडिग रहे हैं। प्लैटिनम से बने आभूषण जिसका जन्म सितारों में हुआ है एक व्हाइट मेटल है जो कि इसे पहनने वाले के स्टाइल स्टेटमेंट को ऊंचा कर देता है, जो उन्हें भीड़ से बिल्कुल अलग करता है। प्लैटिनम की उत्पत्ति और यात्रा की कहानी उतनी ही अनोखी है जितनी की इसको पहनने वाले पुरुषों की है। अरबों साल पहले की बात है जब एक उल्का पिंड इस धरती से टकराया और इस शानदार व्हाइट मेटल के अवशेषों को पीछे छोड़ गया। यह व्हाइट मेटल पूरी दुनिया में बहुत ही कम मात्रा में पाया जाता है और यह वास्तव में दुर्लभ एवं कीमती है। प्लैटिनम प्राकृतिक रूप से अपनी सफेद चमक को कभी भी नहीं खोता है एवं अन्य कीमती मेटल्स की तुलना में इसका घनत्व अधिक होता है जो इसे बेहद टिकाऊ बनाता है तथा इसे पहनने वाले का साथ जीवन भर देता है। 95 फीसद शुद्धता के साथ प्लैटिनम, आभूषणों में पाए जाने वाले शुद्धता के उच्चतम मानकों में से एक है जो कि इस मेटल के सर्वोत्तम गुणों को प्रदान करता है। मेन ऑफ प्लेटिनम का शुद्ध और दुर्लभ प्लैटिनम पुरुषों के लिए उत्कृष्ट रूप से तैयार किए गए आभूषणों का नवीनतम दुर्लभ संग्रह है तथा उच्च मूल्य वाले पुरुषों के लिए यह सबसे उपयुक्त आभूषण हैं। इस कलेक्शन में प्लैटिनम चेन्स और रिस्ट वियर सहित अवांट-गार्डे डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। ज्वैलरी को साफ, बोल्ड लाइनों के साथ कास्ट किया जाता है, जिसके मुख्य हिस्से में सबसे कम काम किया जाता है। इन आभूषणों को डिजाइन करते समय विशिष्ट प्रतीक दिए जाते हैं जैसे कि ठोस रूप में शिखा का होना तथा एरोडायनेमिक एलिमेंट्स का होना। आभूषणों को डिजाइन करते समय मेटल में विभिन्न स्थानों पर इंसीजन करते हुए इसकी शानदार बनावट सामने आती है। बेहद सावधानी के साथ मेटल में की गई कारीगरी इन आभूषणों के स्टाइल स्टेटमेंट को काफी शानदार रूप देती है और इसीलिए यह आभूषण उन पुरुषों के लिए हैं जो सभी से अलग हैं तथा जो विशिष्ट चीजों को महत्व देते हैं। इन आभूषणों का नवीनतम संग्रह पूरे भारत में रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है और अधिक जानकारी के लिए कृपया www.menofplatinum.com पर जाएं।



# शरीर स्वस्थ ही नहीं, मेंटल मजबूती भी देता है योग



गुरुग्राम में योग महोत्सव के कर्टन रेजर कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि योग को हम अपने जीवन का हिस्सा बना लें। निरोग रहने के लिए योग बहुत जरूरी है। काफी हद तक हम योग करके बीमारियों को खुद से दूर रख सकते हैं। यह बात उन्होंने गुरुवार को आयुष विभाग हरियाणा, हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित योग महोत्सव के कर्टन रेजर कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विचार संगोष्ठी में बोलते हुए कही। इस अवसर पर योगाचार्य एवं भाजपा सीता मंडल से सज्जन सिंह, जिला आयुष अधिकारी मंजू कुमारी व कई समाजसेवी व अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक सुधीर सिंगला ने लोगों को योग के फायदों के बारे में बताया और कहा कि हम सभी को योग को अपने जीवन में लाना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लोगों तक प्रचारित व प्रसारित करना चाहिए। योग केवल एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति अथवा योग करने वाले की मानसिक अवस्था को भी नियंत्रित करता है। यही वजह है कि महर्षि पतंजलि ने योग को मनुष्य के अंत:करण में चित्त में उठने वाली वृत्तियों और प्रवृत्तियों के निषेध के रूप में भी परिभाषित किया है।

योग और योगासनों को केवल कुछ शारीरिक अवस्थाओं तक ही सीमित नहीं माना जा सकता। योग के आसनों कि संख्या असंख्य है। अगर आपने अभी तक स्वस्थ जीवन के लिए योग नहीं अपनाया है तो इसे अपनाएं। योग हमें बैठने का तरीका, प्राणायाम तथा ध्यान सिखाता हैं। नियमित रूप से अभ्यास करने वाले को असंख्य लाभ प्राप्त होते हैं।

# डिजिटल कौशल की जरूरत है, लेकिन प्रशिक्षण योजना आधे से भी कम संगठनों ने लागू की

## भारत के 95 प्रतिशत कर्मियों ने कोविड के बारे में बताया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आज** एमेजॉन.कॉम कंपनी, एमेजॉन वेब सर्विसेज, इंक (एडब्लूएस) ने एक नई रिसर्च रिपोर्ट के परिणाम जारी किए, जिसमें महामारी के दौरान डिजिटल कौशल प्रशिक्षण की जरूरत का खुलासा हुआ है। भारत में 95 प्रतिशत कर्मचारियों ने बताया कि कोविड-19 महामारी के कारण नौकरी में हुए परिवर्तनों के अनुरूप ढलने के लिए उन्हें ज्यादा डिजिटल कौशल, क्षमता व ज्ञान की जरूरत है, ताकि वो कार्यस्थल पर किए जाने वाले कामों में डिजिटल टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल कर सकें।

इस रिपोर्ट में सामने आया कि भारत में डिजिटल कौशल की जरूरत रखने वाले कर्मचारियों की संख्या अगले एक साल में 27.3 मिलियन बढ़ जाएगी, जो भारत में कार्यबल के 7 प्रतिशत के बराबर होगा। इसके बावजूद, भारत में केवल 45 प्रतिशत रोजगारदाताओं ने ही प्रशिक्षण योजना का क्रियान्वयन किया है, जिससे उत्पादकता, इनोवेशन और एम्प्लॉई रिटेंशन जैसे क्षेत्रों में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता पर असर पड़ेगा। बिल्डिंग डिजिटल स्किल्स फॉर द चेंजिंग वर्कफोर्स रिपोर्ट, स्ट्रेट्जी एंड इकॉनॉमिक्स कंसल्टिंग फर्म, एल्फाबीटा द्वारा तैयार की गई है और एडब्लूएस द्वारा कमीशन की गई है। इसमें भारत में टेक्नॉलॉजी और नॉन-टेक्नॉलॉजी के पदों पर काम करने वाले 1,012 डिजिटल कौशल रखने वाले कर्मचारियों और 303 रोजगारदाताओं का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें विभिन्न आकार व उद्योगों के पब्लिक, प्राईवेट, और नॉनप्रॉफिट सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व रहा। इस रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि क्लाउड-बेस्ड टूल्स, जैसे क्लाउड डेवलपर टूल्स और ऑनलाईन सहयोग, अकाउंटिंग, एवं कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (सीआरएम) सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने की क्षमता 2025 तक रोजगारदाताओं द्वारा सबसे ज्यादा मांग में होगी, जिसके बाद टेक्निकल सपोर्ट स्किल्स और साईबरसिक्योरिटी स्किल्स का स्थान आएगा। इसमें ज्यादा आधुनिक क्लाउड कंप्यूटिंग स्किल्स की जरूरत भी सामने आई, जिसमें मशीन लर्निंग और क्लाउड आर्किटेक्चर डिज़ाईन शामिल हैं, जो 2025 तक भारत में रोजगारदाताओं द्वारा पांचवें और छठवें सबसे ज्यादा मांग वाले डिजिटल कौशल हैं। ये कौशल हैल्थकेयर से लेकर कृषि, फिनटेक से लेकर मीडिया और एंटरटेनमेंट तक अनेक व्यवसायों में काफी ज्यादा मांग में रहेंगे। भारत के 63 प्रतिशत कर्मचारियों को महसूस होता है कि 2025 तक उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए क्लाउड से संबंधित स्किल्स में प्रशिक्षण की जरूरत होगी।

**क्लाउड, साईबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग के कौशल 2025 तक रोजगारदाताओं द्वारा सर्वाधिक मांग वाले शीर्ष पांच डिजिटल कौशल में होंगे**

# किराया न देने पर स्वास्थ्य विभाग को खाली करनी पड़ रही डिस्पेंसरी

कविता। फरीदाबाद

## परेशान होकर मकान मालिक ने स्वास्थ्य विभाग से खाली करवाई डिस्पेंसरी

**जिला** स्वास्थ्य विभाग की सेहतपुर, सेक्टर-91 में चल रही डिस्पेंसरी के भवन का करीब सवा साल से किराया न मिलने पर डिस्पेंसरी को मालिक ने खाली करने को कहा है। पिछले सात-आठ साल से हर माह डिस्पेंसरी के किराये के लिए मकान मालिक को सीएमओ दफ्तर और डीसी दफ्तर के चक्कर कटवाये जाते हैं।

ऐसे में बेटी की शादी के चलते अब परेशान मकान मालिक ने डिस्पेंसरी को शिफ्ट करने को कहा था, लेकिन इंचार्ज ने एक माह के भीतर खाली करने का पत्र मकान मालिक को सौंपा। इसके डेढ़ माह बाद भी डिस्पेंसरी को खाली नहीं किया गया। सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को इस विषय में कोई जानकारी नहीं थी, उन्होंने पूरी बात सूनकर फोन काट दिया। दोबारा फोन करने पर उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

**यह है पूरा मामला :** सेक्टर-91 स्थित




सेहतपुर निवासी हंसराज ने बताया कि वह चित्रकूट में रहता है और उसका परिवार सेहतपुर गांव में ही रहता है। उसने घर से दूर ही एक ढ़ाई सौ गज जमीन पर मकान भी बना रखा है। जोकि शहर के इलाके में है। उस ढ़ाई सौ गज के मकान को स्वास्थ्य विभाग की डिस्पेंसरी के लिए किराये पर दे रखा है। पिछले कई सालों से यहां यूएचसी इस मकान में चल रही है। जिसमें चार कमरे और एक बरामदा मौजूद है। उसने बताया कि 10-12 साल से चल रही डिस्पेंसरी का किराया महीने का 8 हजार रुपये है, लेकिन विभाग की तरफ से पिछले सात-आठ साल से हमेशा किराया देने में देरी की जा रही है। एक से डेढ़ साल के भीतर किराया मिलता है, वह भी कई बार चक्कर काटने के बाद। उन्होंने बताया कि बीते करीब एक-सवा साल से उन्हें मकान का किराया ही नहीं मिला है। इस पर वहां की इंचार्ज डॉ. ज्योति को बोला तो उन्होंने खाली करने के लिए पत्र लिख दिया। लेकिन पत्र देने के डेढ़ महीने बाद भी वह डिस्पेंसरी खाली नहीं कर सकी। जिस पर उन्हें इस मकान को बेटी की शादी के कारण खाली करवाना पड़ रहा है। ताकि ग्रामीण इलाके से बाहर निकलकर वह बेटी की शादी कर सकें। वहीं डिस्पेंसरी को यहां से खाली करने के बाद कहां शिफ्ट किया जाएगा। इसके बारे में पता करने के लिए जब सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को फोन किया गया तो उन्होंने इस विषय में कुछ कहे बिना ही फोन रख दिया।

# छात्रों को नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करें शिक्षक : राज्यपाल

## राज्यपाल ने लिंग्याज विद्यापीठ के दसवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेसीबोस विश्वविद्यालय में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति प्रो. एसके तोमर व कुलसचिव एसके गर्ग।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। दत्तात्रेय जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद में संकाय सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल दत्तात्रेय, जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं, ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति तथा विवि द्वारा नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए की जा रही पहल के बारे में जानकारी भी ली।

इससे पहले, राज्यपाल-कुलाधिपति के आगमन पर शिष्टाचार भेंट करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने उन्हें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास को लेकर एक संक्षिप्त प्रगति रिपोर्ट दी और अवगत कराया कि विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान और विकास गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने राज्यपाल को विवि द्वारा एनईपी-2020 के लिए की जा रही पहलों से भी अवगत कराया।

दत्तात्रेय ने विवि के विकास पर संतोष व्यक्त किया और संकाय सदस्यों से आह्वान किया कि वे छात्रों को नवाचार, अनुसंधान और उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित करें। कुलपति प्रो. तोमर ने श्रीदत्तात्रेय को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं शॉल भी भेंट किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग भी मौजूद थे। राज्यपाल को विवि परिसर में जिला पुलिस की ओर से औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इसके बाद राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय गुरूवार को लिंग्याज विद्यापीठ के दसवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने के उपरांत शोधार्थियों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करके नौकरी ढूंढने वाले न बनकर नौकरी देने वाले बनें। विद्यार्थी हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहें। अपनी मातृ भाषा का सम्मान करते हुए अपनी पहचान बनाए रखें। विद्यार्थी शिक्षा ग्रहरण करने के बाद रोजगार देने वाले बनने का संकल्प लें, तभी देश आगे बढ़ेगा। हरियाणा में इस नई शिक्षा नीति को 2025 तक लागू कर दिया जाएगा। आज लड़कियां हर क्षेत्र में लडक़ों से बहुत आगे हैं तथा दीक्षांत समारोह में डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों में भी लड़कियां ज्यादा हैं।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग की छात्रा नैनू वधवा को चांसलर टेकनिकल गोल्ड अवार्ड, स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की दीक्षा को चांसलर नॉन गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया, जबकि 23 छात्रों को वाइस चांसलर गोल्ड अवार्ड व 6 विद्यार्थियों को वाइस चांसलर सिल्वर अवार्ड दिया गया। स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंस विभाग की विभा प्रकाश को हरिशंकर अवार्ड दिया गया। अन्य विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। समारोह के विशिष्ट अतिथि रविंद्र राजू तथा विशिष्ट अतिथि किलारू दिलीप को स्मृति चिन्ह, पौधा व शॉल भेट कर सम्मानित किया। किलारू दिलीप को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से भी नवाजा गया।

# ब्राह्मण सभा ने देखी फिल्म कश्मीर फाइल्स




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेपी** भारद्वाज हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा तथा आरडब्ल्यूए प्रेजिडेंट आईपी कॉलोनी ने आईपी कॉलोनी ब्राह्मण महासभा की टीम के सहयोग और समर्थन से द कश्मीर फाइल नामक फिल्म को ब्राह्मण परिवारों एवं हिंदू परिवारों को प्रिसटीन माल सेक्टर-31 में नि:शुल्क दिखाने का सफल आयोजन किया।

इस मौके पर अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली, अधिवक्ता पंडित शिवदत्त वशिष्ठ फरीदाबाद अध्यक्ष अखिल भारतवर्ष के ब्राह्मण महासभा, मीना पांडे महिला मोर्चा अध्यक्ष हरियाणा प्रदेश अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, पंडित केसी शर्मा अध्यक्ष आईपी कॉलोनी ब्राह्मण महासभा, आईपी कॉलोनी से वरिष्ठ समाजसेवी, पंडित शशिकांत मिश्रा, पंडित गिरिधर, गोपाल, रमन, धवन, अनुज गर्ग, नरेश गौड अधिवक्ता पहलाद शर्मा, दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित देवदत्त शर्मा, बदरपुर के पूर्व विधायक पंडित नारायण दत्त शर्मा, पंडित रजनीश शर्मा, सोनाली सारस्वत, रेनू भारद्वाज, प्रबीर, सहा उदयवीर सिंह चौहान, पवन वर्मा अन्य गणमान्य लोग वहां पर उपस्थित रहे। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा अगर ऐसा अत्याचार कश्मीरी पण्डितों पर हुआ तो बहुत दुखद घटना है। हम इसकी निन्दा करते हैं। जेपी भारद्वाज ने वहां पर इस बात पर जोर दिया की हिंदुओं और कश्मीरी पंडितों पर जो अत्याचार एक विशेष जाति वर्ग के लोगों ने कश्मीर में किया। वह एक शर्मनाक घटना थी। वहां से जबरदस्ती विस्थापित किए गए उनके पुनर्वास को शीघ्र अति शीघ्र अमलीजामा पहनाया जाए। जो संपत्ति कश्मीरी पंडितों से वहां पर छीन ली गई है उसे वापस दिया जाए।

# विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार आयोजित हुई



**फरीदाबाद।** एनआईटी-3 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष दंत चिकित्सा विभाग प्रमुख डॉ. मयंक हंस ने की। जबकि नेतृत्व डॉ. वीनू मदान हंस ने किया।

सेमिनार का विषय था स्वच्छ दांत, स्वस्थ मुंह, स्वस्थ शरीर। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे दंत चिकित्सा विभाग प्रमुख डॉ. मयंक हंस ने कहा कि मौखिक स्वास्थ्य शरीर के लिए बेहद जरूरी है। मुंह स्वस्थ न होने से वह प्रकार की बीमारियों को जन्म दे सकता है। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल पांडे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को ओरल हाइजीन किट वितरित की। डॉ. हंस ने कहा कि मौखिक स्वास्थ्य शरीर की विभिन्न बीमारियों को जन्म देता है। इसमें उच्च रक्तचाप, ह्दय रोग, मस्तिका आघात, अनियंत्रित मधुमेह, अल्जाइमर रोग, दमा, गठिया व गुर्द की बीमारी होना का खतरा बढ़ जाता है। वहीं मेडिसिन विभाग प्रमुख डॉ. प्रवीन मलिक ने कहा कि गर्मी एकाएक बढ़ गई हैं। ऐसे में लोगों को अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत हैं। डॉ. निधि आनंद, डॉ. शांता पाशी, डॉ. राजीव रंजन ने भी अपने विचार रखे।

# मेला : वैन ने दर्शकों को किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मेले में लोगों को स्वच्छता का संदेश देती निगम की जागरुकता कैंटर वैन।

**भारत** सरकार ने प्रदूषित वायु में 20-30 प्रतिशत की कमी प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ व्यापक तरीके से देश भर में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए एक दीर्घकालिक, समयबद्ध, राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू किया है।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, फरीदाबाद नगर निगम द्वारा शहर के चारों ओर कई कदम और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कैंटर वैन गतिविधि का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों और इसे कैसे रोका जा सकता है, इसके बारे में बताया जा रहा है। यह कैंटर वैन शहर की सड़कों, गली मोहल्ले से होती हुई बृहस्पतिवार को सूरजकुंड मेले में जा पहुंची।

जहां वैन के जरिये लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें रोककर प्रदूषण रोकने के बारे में बातचीत की गई और उन्हें गेम्स भी खिलाई गई। इसकी जानकारी देते हुए निगमायुक्त यशपाल ने बताया की कैंटर एक्टिविटी के दौरान फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्र, शहर और औद्योगिक क्षेत्र में 30 दिनों की मुहीम चलाई जा रही है।

हमारा एंकर वायु प्रदूषण और उसके समाधान पर राहगीरों को ''वायु प्रदूषण को बढ़ाना यानी बिमारी को गले लगाना'' का जोरदार संदेश दिया जा रहा है। निगमायुक्त ने बताया कि इस गतिविधि के दौरान हमारे पास स्पिन द व्हील खेल से, लोगों को राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ की एलईडी स्क्रीन पर फिल्म चलाई जा रही है जिसके द्वारा लोगो को पर्यावरण के प्रति अपनी गंदी आदत को छोडकर, पर्यावरण के अनुकूल बनने का संदेश दिया जा रहा है।

भारी ट्रैफिक और प्रदूषण को लेकर भी हर जगह कैंटर एक्टिविटी की जा रही है। इस युग के सबसे बड़े संकटों में से एक वायु प्रदूषण भी है, जो न केवल जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव डालता है, बल्कि बढ़ती रुग्णता और मृत्यु दर के कारण सार्वजनिक और व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर भी इसका प्रभाव होता है। अत: निगमायुक्त ने वायु को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में योगदान करने के लिए अपील की है।

# आंगनबाड़ी वर्कर और हैल्परों की हड़ताल 107 वें दिन भी रही जारी

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय फरीदाबाद के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। आज हड़ताल को 107 दिन हो गए हैं। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान देविंद्री शर्मा ने की जबकि संचालन जिला सचिव माल वाती ने किया।

प्रदर्शनकारियों को सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सरकार पर आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने 25 मार्च तक मांगों का समाधान नहीं किया तो यूनियन की तालमेल कमेटी के आह्वान पर 26 मार्च को कलायत में होने वाली महापंचायत में भारी संख्या में फरीदाबाद से कर्मचारी मजदूर किसान भाग लेंगे। यूनियन की मुख्य मांगों में प्रधानमंत्री के द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में की गई वृद्धि को लागू करना। सीएम के द्वारा कुशल और अकुशल की घोषणा को लागू करना महंगाई भत्ते की किस्त को मानदेय में जोड़ करके उसका भुगतान करने समेत आदि मांगें हैं।

# गोद लिए गांव तिलपत का विकास नहीं

## मूलभूत सुविधाओं को भी तरस रहा है आदर्श गांव तिलपत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आदर्श** गांव के नाम से मशहूर तिलपत विकास से कोसों दूर है। गांव तिलपत को 11 अक्टूबर सन 2014 को लॉन्च हुई आदर्श ग्राम योजना के तहत केन्द्रीय राज्य मंत्री और फरीदाबाद से सांसद कृष्ण पाल गुर्जर ने गोद लिया था।

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से सभी सांसदों से विकास के लिए एक गांव को गोद लेने की अपील की थी। करीब 20 हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांव तिलपत को केन्द्रीय मंत्री द्वारा आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत गोद लिए हुए सात वर्ष बीत जाने के बाद भी गांव के अच्छे दिन नहीं आए हैं।

पायनियर द्वारा ग्रामीणों से बात करने पर उन्होंने बताया कि इससे अच्छा तो हमारा गांव मंत्री के गोद लेने से पहले ही ठीक था। गोद लेने के बाद तो हमें सुविधाओं की जगह असुविधाएं ही ज्यादा हो रहीं हैं।



तिलपत गांव के चौराहे पर गंदगी का ढ़ेर और जलभराव।

नहीं है कोई सुविधा: ग्रामीणों का कहना था कि ये कैसा आदर्श गांव हैं। जिसमें मूलभूत सुविधाओं तक का अभाव है। ना स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है, ना प्राथमिक उपचार के लिए कोई स्वास्थ्य केंद्र है, नाहीं प्राथमिक विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक हैं और ना हीं बारात के ठहरने के लिए बारात घर की कोई व्यवस्था है। हां इसके विपरीत-कूड़े का ढ़ेर, टूटी सड़के, सड़कों पर फैला सीवर का पानी, जर्जर गलियां, सड़कों पर घूमती बेसहारा गायों की संख्या में जरूर पिछले सात वर्षों में वृद्धी हुई है। अगर यह आदर्श गांव के मानक हैं तो हम अनादर्श ही ठीक थे।

**बीमारियों का खतरा:** बुजुर्ग रामचरण शर्मा का कहना था कि सीवर का पानी सड़क पर फैल जाने के कारण सड़क से निकलने, काम पर समय से पहुंचने में होने वाली देरी के साथ ही डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से भी गांवों के लोगों को दो चार होना पड़ता है।

**केवल चुनाव में आता याद:** युवक गौरव शर्मा का कहना था कि 2014 के मुकाबले 2019 के लोकसभा चुनाव में हमने करीब ढेड़ लाख अधिक वोटों से मंत्री महोदय को विजयी बनाया, इसके बावजूद हमारी सुध नहीं ली जा रही। मंत्री जी गांव का दौरा भी केवल चुनाव के समय ही करते हैं। उसके पहले और बाद में कभी गांव की सुध लेने नहीं आते।

# विभिन्न मुकदमों में 18 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने 14 मुकदमों में 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें आरोपी शेर मोहम्मद, संतोष, आलम, विक्की, अजय, मोगली, सुमित, कपिल, श्यामवीर, सुखविंदर, सूरज, मनीष, संजू, फारुख, शुभम, हिमांशु, राजेंद्र तथा शंकर का नाम शामिल है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सूरज तथा मनीष को अवैध शराब, आरोपी संतोष, आलम तथा शेर मोहम्मद को चोरी, आरोपी शुभम हिमांशु तथा फारुख को जुआ अधिनियम, आरोपी संजू को अवैध हथियार, आरोपी अजय, विक्की, मोगली, सुमित, कपिल, श्यामवीर तथा सुखविंदर को लड़ाई झगड़ा, आरोपी संजीव को अवैध हथियार तथा आरोपी शंकर तथा राजेंद्र को पीओ के मुकदमे के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# साथी की बहाली की मांग को लेकर गरजे बिजली कर्मी



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विरोध** प्रदर्शनों की अग्रिम कड़ी में आज भी बिजली निगम की सभी बिजली दफ्तरों में हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन की सर्कल फरीदाबाद कमेटी के आव्हान पर जोरदार प्रदर्शन किये गये।

कर्मचारियों ने अपने निर्दोष कर्मचारी साथी जेई माजिद खान के साथ हुई उत्पीडनता की कार्यवाही में निगम दवारा निलंबन के मामले को लेकर कर्मचारियों ने बहाली की मांग पर अड़ते हुए विरोध को जताया। जिसके विरोधस्वरूप लामबंद होकर बिजली कर्मियों ने निगम के तानाशाह अधीक्षण अभियंता फरीदाबाद, निगम मैनेजमेंट सहित एसडीओ सबअर्बन व कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन बल्लभगढ़ के खिलाफ जमकर मुर्दाबाद कर गगन भेदी नारे लगाये। फरीदाबाद बिजली निगम के चारों डिविजिन के जोनों में कर्मचारी नेताओं जिनमें सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा व केंद्रीय कमेटी के नेता सतीश छाबड़ी के नेतृत्व में प्रदर्शन किये। जिसमें ओल्ड फरीदाबाद जोन में प्रधान लेखराज चौधरी, सचिव जयभगवान अन्तिल व एनआईटी की सब डिवीजनों में प्रधान विनोद शर्मा, सचिव बृजपाल तंवर व ग्रेटर फरीदाबाद की सब डिवीजनों में प्रधान सुनील चौहान, सचिव वीर सिंह रावत और बल्लभगढ़ की सब डिवीजनों में प्रधान कर्मवीर यादव, सचिव मदन गोपाल शर्मा ने सभी कर्मियों के साथ विरोध प्रदर्शन जताया।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 डिग्री तापमान में भी नहीं लगती ठंड



**फरीदाबाद।** जम्मू-कश्मीर से आए शिल्पकार फयाज व बानी पश्मीना शॉल बनाने में महारत हासिल रखते हैं। इनके बनाए शॉल की कीमत सात हजार रूपए से लेकर चार लाख रूपए तक की है। फयाज और बानी ने बताया कि माइनस बीस डिग्री तापमान में भी पश्मीना शॉल पहनने वाले को सर्दी नहीं लगने देती। इस कपड़े की खासियत यह है कि यह जितना पुराना होगा, उसकी कीमत उतनी ही ज्यादा होगी। फयाज ने बताया कि पश्मीना एक बकरी का नाम है, जो कि लद्दाख क्षेत्र के चांग थांग में पाई जाती है। पश्मीना बकरी के बालों से रेशे तैयार कर इस शॉल को बनाया जाता है। देखने में हल्का यह कपड़ा धारण करने में बहुत गर्म होता है। फयाज ने बताया कि उनको बेहतरीन कारीगरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2020 में सम्मानित किया था। शॉल के अलावा वे महिलाओं के लिए सूट, सिल्क साड़ी व ओवरकोट की तरह पहने जाने वाला कफतान भी बनाते हैं। इनकी कृतियां काफी सराही जा रही हैं।

### योग महोत्सव पर दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित



**फरीदाबाद।** आयुष विभाग हरियाणा व योग आयोग हरियाणा के निर्देश अनुसार आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2022 के 100 दिन पूर्व रहने पर योग महोत्सव curtain raiser programme के तहत दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन जिला खेल परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद के सभागार में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ अजीत सिंह की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छतरपाल पार्षद वार्ड नंबर 31 उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, क्रीड़ा भारती, ब्रह्मकुमारी आदि संस्थाओं से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बहन प्रिया जी ने योग का तात्विक ग्रन्थ गीता विषय पर वक्तव्य दिया, अंकुर जिला अध्यक्ष भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने अष्टांग योग व क्रीड़ा भारती से वक्ता संदीप ने योगासन खेल भविष्य एवं चुनौतियां विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। कल इस कार्यक्रम में निम्न विषयों पर अन्य वक्ताओं द्वारा वक्तव्य दिए जाएंगे व विभिन्न संस्थानों के व्यक्तियों व छात्रों को 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का लक्ष्य पूरा करने व योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम योजन में आयुष विभाग के ओर से डॉ मोहित वासदेव, डॉ विजय शर्मा, डॉ सोनम अरोड़ा, विकास दहिया का मुख्य योगदान रहा।

### देखो देखो बाईस्कोप देखो.. ओ पइसा फेंको तमाशा देखो



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले की विशेषता है कि यह नए युग को पुराने काल से जोड़ता है। यहां अनेक ऐसी वस्तुएं, परंपराएं तथा कला के नमूने देखने को मिलते हैं, जो कि अब धरातल पर नहीं है। इन्हीं में से एक है-बाईस्कोप। अब बच्चों को मोबाइल गेम से फुर्सत नहीं मिलती, इसलिए बाईस्कोप ना तो देखने वाले रहे और ना ही दिखाने वाले। अजमेर के समीप विजयनगर के भंवरलाल हर साल सूरजकुंड में बाईस्कोप लेकर आते हैं। उनके चार पौत्र भी उनके साथ मेले में बाईस्कोप दिखा रहे हैं।

### बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रहे थाना प्रभारी



फरीदाबाद। धौज थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर महेंद्र पाठक की टीम ने छोटे बच्चों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए उनमें कॉपी पेन वितरित करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना धौज प्रभारी महेंद्र पाठक ने आज श्रम बस्तियों के स्कूल जाने वाले छोटे - छोटे बच्चों को कॉपी, किताब व पेन पेंसिल वितरण करते हुए बच्चों करते हुए शिक्षा का महत्व समझाया। गांव कोट में आयोजित किए गए इस समारोह में उनके साथ स्कूल हेडमास्टर श्री सुरेंद्र खटाना तथा सरपंच केसर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इस मौके पर थाना धौज की पुलिस टीम द्वारा बच्चों को सभी पढ़ने लिखने की सामग्री वितरित की गई जिसमें जिसमें 500 नोटबुक, पेन तथा पेंसिल शामिल थी।

### बीन की लहर और नगाड़े की थाप पर थिरक रहे लोग

**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला में सपेरा बीन पार्टी के कलाकार आने-जाने वाले राहगीरों को नाचने के लिए लालायित कर रहे हैं। यहां मनीष कुमार की पार्टी हरियाणा प्रदेश से आई है। जिसमें चार बीनवादक, तीन तूंबावादक, एक ढोल सहित आठ सदस्यों का समूह है। मनीष बताते हैं कि उनका यह खानदानी काम है, जो वे सदियों से करते आ रहे हैं। पार्टी में बीनवादक सुखवीरनाथ, महेंद्र नाथ, राजूनाथ, तूंबा वादक महेंद्र, संजय, जसवंत और ढोल वादक सरजीत है। मरौली जिला पलवल से आई बृज नगाड़ा पार्टी के कलाकार मस्त वादन कर रहे हैं। पूर्व सरपंच नानकचंद इस पार्टी को लेकर आए हैं। इसमें दो नगाड़े, झांझ, खंजरी, खड़ताल, चिमटा आदि साज तल्लीनता से बजाए जा रहे हैं, जिनको सुनकर विदेशी मेहमान झूमने लगते हैं व नाचना शुरू कर देते हैं।

### प्रदेश के लाखों कर्मचारी करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल: लाम्बा

**फरीदाबाद।** पुरानी पेंशन बहाली व कच्चे कर्मियों को पक्का करने की मांग की अनदेखी की तो सरकार को कर्मचारियों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। बजट सत्र में उक्त दोनों मांगों की अनदेखी के खिलाफ प्रदेश के लाखों कर्मचारी 28-29 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे और हड़ताल के बाद सरकार की खिलाफ कर्मचारियों की व्यापक एकता के साथ निर्णायक आंदोलन का निर्माण किया जाएगा। यह चेतावनी बृहस्पतिवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों में आयोजित कर्मचारियों की सभाओं को संबोधित करते हुए दी।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी चलती ट्रेन से गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए फरार चल रहे बलात्कार के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गीता राठी की टीम द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य में एएसआई विधु, एएसआई अजय, हेड कॉन्स्टेबल कविता, सिपाही मुनीश सोनू तथा सतीश का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रविकांत उत्तर प्रदेश के शाहजहां जिले के मऊ कैंट का निवासी है। आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज है।

# भारतीय रणनीति

## बाइडेन की टिप्पणी

**यूक्रेन** में हमले पर भारतीय प्रतिक्रिया के बारे में बाइडेन की टिप्पणी संपूर्ण सत्य नहीं प्रकट करती है। जो बाइडेन की टिप्पणी को किस तरह देखा जाएगा कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बारे में भारत की प्रतिक्रिया 'अस्थिर' थी? उनकी टिप्पणी जापान व आस्ट्रेलिया द्वारा रूस की कठोर निन्दा के संदर्भ में आई थी जिसमें भारत अपवाद था क्योंकि उसकी प्रतिक्रिया 'इनमें से कुछ पर अस्थिर थी।' इस प्रकार उन्होंने दूसरी बार भारत को अलग कर देखा है। पिछले महीने उन्होंने कहा था, 'हमने अभी इस मामले का पूर्ण समाधान नहीं किया है।' उनसे पूछा गया था कि भारत की उनके दृष्टिकोण के साथ संगति क्यों नहीं है। क्या बाइडेन के नवीनतम बयान में कोई चेतावनी है? अथवा क्या यह बड़बोलापन या भारत के भू-राजनीतिक यथार्थ की बेमन से स्वीकृति है? ऐसा नहीं है भारत अपने आप रूस के मामले में फंस गया है और वह जिद के कारण रास्ते पर अकेला हो गया है। भारत ने सुरक्षा परिषद तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ में रूस की निन्दा वाले प्रस्तावों पर मतदान नहीं किया। इसके बाद भारतीय रिफाइनरियों ने रूस से छूट पर तेल खरीदने के लिए टेंडर भरे। लेकिन भारत ने खुलेआम यूक्रेन का समर्थन करते हुए उस देश को चिकित्सा व आपातकालीन सहायता भेजी, क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने को कहा तथा टकराव समाप्त कराने के लिए कूटनीतिक प्रयास किए। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस और अमेरिका, दोनों के साथ दीर्घकालीन संबंधों के प्रति ईमानदारी बरत रहा है। उसने रूस की खुलेआम निन्दा करने के अलावा और सब कुछ किया है। इससे ही उसका दृष्टिकोण निर्धारित होता है। इसकी शुरुआत हालिया क्वाड



बैठक से शुरू हुई जब यूक्रेन पर रूसी खतरा सामने आया था।

अपनी ओर से भारत ने रेखांकित किया है कि क्वाड को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता को प्रोत्साहित करने के मुख्य लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। क्वाड के संयुक्त बयान में रूस का कोई उल्लेख नहीं है जो सदस्यों के बीच एकमत होने का संकेत है। बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आस्ट्रेलियाई समकक्ष स्काट मोरीसन के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने कहा कि वे टकराव पर भारत के दृष्टिकोण का कारण समझते हैं। मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा से भी मुलाकात की जिन्होंने स्पष्ट रूप से रूस की आलोचना की। इसके साथ ही अपने नाम से प्रकाशित एक लेख में उन्होंने क्वाड और यूक्रेन को जोड़ते हुए कहा, 'हमने इस बात पर सहमति प्रकट की कि एकपक्षीय रूप से बल प्रयोग द्वारा यथास्थिति बदलने के किसी प्रयास को इस बार हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वीकार नहीं किया जाएगा।' क्या उनका संकेत चीन की ओर है तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संदर्भ में लद्दाख स्थिति को रेखांकित किया गया है? यदि ऐसा है तो इसका अर्थ है कि सभी क्वाड सदस्यों के बीच अघोषित समझदारी है कि किशिदा के 'बल प्रयोग से यथास्थिति बदलने' कहने का क्या अर्थ है। यह बात यूक्रेन के साथ लद्दाख पर भी लागू होती है। इससे रूस पर अडिग दृष्टिकोण के बावजूद यूक्रेन से भारत की संवेदना भी स्पष्ट होती है। अमेरिका हिंद-प्रशांत में भारत के लिए क्वाड का महत्व समझता है और ऐसा रूस के मुद्दे पर उनके बीच मतभेद के बावजूद है। उनके बीच संबंध गहरे और मजबूत हैं। कोई यह भी पूछ सकता है कि जब चीन ने लद्दाख में प्रवेश किया तब दुनिया के लोकतंत्र क्या कर रहे थे। लेकिन वर्तमान समय में इसका अर्थ यह नहीं कि भारत पर दबाव कम हो गया है कि उसे रूस के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

# नियोजित पर्यावरण पर्यटन को प्रोत्साहन

पर्यावरण पर्यटन जिम्मेदार पर्यटन होने के साथ यह प्रकृति से सामंजस्य बनाए रखता है। यह पर्यटकों, स्थानीय लोगों तथा पर्यावरण के लिए विन-विन वाली स्थिति है।



**वी के बहुगुणा**
(लेखक संसाधन प्रबंध एवं पर्यावरण केंद्र के अध्यक्ष हैं)



भारतीय भूमि विविधतापूर्ण व बेजोड़ प्राकृतिक सुंदर दृश्यों से भरी है जिनमें गरम रेगिस्तान से लेकर ठंडे रेगिस्तान, ट्रापिकल व टेम्परेट वन, समुद्री तट व ग्लेशियर शामिल हैं। ये सभी जीवों और वनस्पतियों से समृद्ध हैं। आधुनिक जीवनशैली में सुंदर प्राकृतिक दृश्यों के बीच आराम करना प्रत्येक विश्व नागरिक का सपना है। अनेक ऐतिहासिक स्मारकों व तत्वों वाले यूरोपीय देशों ने अपनी दृश्यावलियों की बिजनेस संभावनाओं को समझा है तथा पर्यटन को राजस्व का प्रमुख स्रोत बनाया है। दुनिया की 10 प्रतिशत से अधिक जीडीपी तथा दुनिया के कुल निर्यात का 7 प्रतिशत पर्यटन से आता है। यह उद्योग 1.1 ट्रिलियन डालर का है। विदेशियों के खर्च से होने वाली आमदनी आर्थिक विकास की प्रमुख संचालक शक्ति है तथा विदेशी मुद्रा प्राप्ति का महत्वपूर्ण साधन है। 2018 में फ्रांस दुनिया में सबसे आगे था जहां 89.4 मिलियन पर्यटक आए थे और इसके बाद स्पेन व अमेरिका का स्थान था। एशिया के देशों में सर्वोच्च स्थान थाईलैंड का था जहां 38.2 मिलियन लोग आए थे। भारत में 2018 में 17 मिलियन से थोड़े अधिक पर्यटक आए थे, पर्यटन हर साल 5 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा था तथा इसके बहुत तेजी से बढ़ने की उम्मीद थी। लेकिन पर्यटन के कुछ नकारात्मक तत्व भी हैं। इससे पर्यावरण प्रभावित होता है तथा जलवायु परिवर्तन के कारण भूमि व जल प्रदूषित हो रहे हैं। दुनिया भर में ऐसी परिघटनायें सामने आने के बाद अब सारी दुनिया में पर्यावरण पर्यटन पर जोर दिया जा रहा है।

पर्यावरण पर्यटन जिम्मेदार पर्यटन है और यह प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करता है। यह परिस्थितिकी के विभिन्न तत्वों को सीखने, उनका आनन्द उठाने तथा किसी क्षेत्र में प्रमुख पर्यावरणीय आयामों को बढ़ावा देने से संबंधित है। पर्यावरण पर्यटन स्थानीय संस्कृति तथा समुदाय की आजीविका स्रोत को बढ़ाने में योगदान करता है। यह पर्यटकों, स्थानीय लोगों तथा पर्यावरण के लिए विन-विन वाली स्थिति है। अनुमान लगाया गया था कि 2019 में वैश्विक पर्यावरण पर्यटन 181 बिलियन डालर का था और इसके 2027 तक बढ़ कर 350 बिलियन डालर होने की उम्मीद थी। संसाधनों के प्रबंधक यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या भारत पर्यावरण पर्यटन को न केवल नीतिगत मोर्चे, बल्कि पैदा राजस्व, वन संरक्षण तथा आजीविका सृजन के मामले में भी बढ़ावा देने की स्थिति में है। इससे रोजगार और नौकरियां पैदा होती हैं, पर यह पर्यावरण की कीमत पर नहीं होता है। भारत के बढ़ते मध्य वर्ग को देखते हुए पर्यावरण पर्यटन से आमदनी की व्यापक संभावनायें हैं। हालांकि, इसके लिए ढांचागत संरचना बनाने में सुविचारित नीतियों की जरूरत है। हमारी कुल भूमि का लगभग 24 प्रतिशत वनों से आच्छादित है तथा पेड़ों से आच्छादित क्षेत्र लगभग 4.8 मिलियन हेक्टर है जो 103 राष्ट्रीय पार्कों व 544 वन्यजीव अभयारण्यों में फैला हुआ है। हमारे देश की समग्र दृश्यावली में असंख्य सुंदर दर्शनीय स्थल हैं। पर्यावरण पर्यटन की बहुआयामी संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए पर्यावरण पर्यटन का वन संरक्षण रणनीति का अभिन्न अंग बनाने की जरूरत है। हमें इन आयामों को कुछ राज्यों के संदर्भ में रख कर देखना चाहिए जहां महान संभावनायें हैं और जो एक

> संसाधनों के प्रबंधक यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या भारत पर्यावरण पर्यटन को न केवल नीतिगत मोर्चे, बल्कि पैदा राजस्व, वन संरक्षण तथा आजीविका सृजन के मामले में भी बढ़ावा देने की स्थिति में है। इससे रोजगार और नौकरियां पैदा होती हैं, पर यह पर्यावरण की कीमत पर नहीं होता है।

उदाहरण बन सकते हैं। पर्यावरण पर्यटन के संदर्भ में जनता अक्सर राष्ट्रीय मीडिया में मध्य प्रदेश व कुछ बाघ वाले राज्यों की चर्चा देखती है। लेकिन कुछ सबसे अच्छे आयाम पूर्वोत्तर राज्यों, जैसे त्रिपुरा में अनदेखी का शिकार हैं और इनकी पूरी क्षमता का लाभ नहीं उठाया जा रहा है। भारतीय दृश्यावली हमें बाघों व हाथियों के सिवा और बहुत कुछ दे सकती है। त्रिपुरा में क्लाउडेड लेपार्ड नेशनल पार्क, बाइसन नेशनल पार्क, रबर इस्टेट्स, तृष्णा वन्यजीव अभयारण्य, हाथी अभयारण्य, हार्नबिल संरक्षण रिजर्व के साथ अनेक महत्वपूर्ण भौगोलिक व अन्य सांस्कृतिक आयाम शामिल हैं। इनमें 1901 में बना उजयंत पैलेस, उनाकोटी राक टेम्पल तथा चाबीमुरा राक कार्विंग्स पर्यावरण का आनन्द उठाने के लिए सर्वोत्तम हैं। चाबीमूरा गोमती नदी के किनारे खड़ी पहाड़ी दीवाल पर राक कार्विंग्स पैनलों के लिए लोकप्रिय है। भारत में सबसे बड़े बास रिलीफ़ स्कल्पचर्स का घर कहा जाने वाला उनाकोटी भगवान शंकर को समर्पित विशाल पत्थरों व चट्टानों में बनी मूर्तियों के लिए प्रशिद्ध है जिनको ग्यारहवीं शताब्दी में पहाड़ी के किनारे बनाया गया था। हाल में बना अगरतला हेरिटेज पार्क त्रिपुरा के भौगोलिक आयामों को स्पष्ट करता है। पूरे त्रिपुरा में अनेक सुंदर पार्क तथा जल भंडार हैं जिनका विकास पर्यावरण पर्यटन केन्द्रों की तरह किया जा सकता है। त्रिपुरा के बांस व लकड़ी के बने हस्तशिल्प बाहर से आने वालों में बहुत लोकप्रिय हैं। त्रिपुरा में आने वाले पर्यटकों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। 2018-19 में कुल 5,29,879 पर्यटक त्रिपुरा आए थे जिनमें 1,12,955 विदेशी पर्यटक थे। हालांकि, पिछले तीन साल से आने वालों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है, पर यह विशाल अछूते क्षेत्रों व परिस्थितिकीय संभावनाओं की पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के निकट भी नहीं है।

त्रिपुरा देश में वर्ष 2004 में पर्यावरण पर्यटन नीति घोषित करने वाला पहला राज्य था, लेकिन इसके बाद पर्यावरण पर्यटन का ढांचा तैयार करने की दिशा में कोई खास काम नहीं किया गया। अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, बेहतर रेल संपर्क तथा बेहतर सड़कों जैसी शानदार ढांचागत संरचनायें राज्य में पर्यटन संभावनाओं को भारी गति देंगी। पिछले पांच साल में अगरतला देश के पूर्वोत्तर भाग में सबसे तेज विकसित होने वाली राज्य राजधानी बना है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकार वन क्षेत्रों के भीतर और बाहर पर्यावरण पर्यटन के विस्तृत दिशानिर्देश घोषित करे। इसके साथ ही उसे राज्य में पर्यावरण पर्यटन के लिए एक स्वतंत्र संस्था विकसित करनी चाहिए जो स्थानीय आजीविकाओं, संरक्षण व संस्कृति को परस्पर जोड़ने का काम करे। त्रिपुरा तथा देश के अन्य भागों में संयुक्त वन प्रबंधन-जेएफएम वन-आधारित आजीविकायें प्रदान करने के मामले में काफी सफल हुआ है। सरकार को इन जेएफएम गतिविधियों को मजबूत कर देखना चाहिए कि पर्यावरण पर्यटन में लोगों को असली पक्ष बनाया जाए। राज्य में 18 आदिवासी समुदाय हैं जिनके खाद्य पदार्थ तथा संस्कृति किसी पर्यटक रिजार्ट व स्थल में आकर्षण का केन्द्र बन सकते हैं। इसे सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों व खासकर महिलाओं को पर्यटकों से व्यवहार के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए।

स्वास्थ्यवर्धक भोजन बनाने तथा चारों ओर सफाई रखने पर ध्यान देना जरूरी है क्योंकि किसी स्थल पर लोगों को आकर्षित करने के लिए स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय व बिस्तर मूलभूत आवश्यकतायें हैं। सुनियोजित पर्यावरण पर्यटन से सरकार को राजस्व भी मिलना चाहिए। राष्ट्रीय वन संरक्षण कार्यक्रमों तथा नीतियों में बिजनेस भावना लाने के लिए यह जरूरी है। इसके लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सक्रिय तरीके से काम कर देश की भू-दृश्यावलियों व सुंदर स्थलों का आर्थिक लाभ उठाना चाहिए।

# ईरान से तेल आपूर्ति की संभावनाएं

> यदि प्रतिबंध अंततः हटा दिए जाते हैं तो ईरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कम से कम डेढ़ मिलियन बीपीडी बेच सकता है, और अतिरिक्त आपूर्ति निश्चित रूप से तेल की कीमत में तेजी से गिरावट आएगी।

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



यह खबर कि अस्पष्ट रूप से नामित संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) वापस आ गई है, इस लेख के आने से पहले ही आप तक पहुंच सकती है, लेकिन बुधवार को नाज़नीन ज़गारी-रैटक्लिफ की रिहाई एक स्पष्ट संकेत था कि ईरान परमाणु समझौता वापस प्रभाव में है। ईरानी मूल की ब्रिटिश नागरिक जगारी-रैटक्लिफ को 2016 में तेहरान में अपनी मां से मिलने के दौरान गिरफ्तार किया गया था और एक जासूस के रूप में जेल में डाल दिया गया था। इस्लामिक गणराज्य को एक बहुत बड़ा, बहुत पुराना कर्ज चुकाने के लिए यूनाइटेड किंगडम को बनाने के प्रयास में उसे वास्तव में बंधक बनाया जा रहा था। फिर अचानक, बुधवार को, वह अपने घर जा रही थी, और ईरानी मूल का एक और ब्रिटिश बंधक था। एक ही विमान। यह खबर लीक हो गई कि 45 साल के रुकने के बाद ब्रिटेन ने आखिरकार अपने 540 मिलियन डॉलर के कर्ज का भुगतान कर दिया। (शाह ने उन्हें उखाड़ फेंकने से पहले ब्रिटिश टैंकों का आदेश दिया था। ब्रिटेन ने आदेश रद्द कर दिया, लेकिन पैसा रखा।) तो, जेसीपीओए वापस आ गया है। 2015 के सौदे में, ईरान ऐसा कोई काम करने के लिए सहमत नहीं हुआ जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिबंधों को हटाने के बदले में पंद्रह वर्षों तक परमाणु हथियार बनाने के करीब पहुंच जाए। यह बराक ओबामा की महान विदेश नीति की सफलता थी - यही वजह है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति की हर उपलब्धि को मिटाने की कोशिश करते हुए 2018 में इस सौदे को रद्द कर दिया।

जेसीपीओए के अन्य हस्ताक्षरकर्ताओं - चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और यूके - ने अमेरिकियों को



वापस लाने का प्रयास करने का वादा किया, लेकिन ट्रम्प ने ईरान पर एकतरफा थप्पड़ मारने वाले व्यापार प्रतिबंधों का प्रभावी ढंग से पालन किया। ईरान ने एक साल तक इंतजार किया, और फिर हर तीन महीने में अपने परमाणु अनुसंधान को तेज करना शुरू कर दिया, हथियारों की क्षमता के करीब और करीब पहुंच गया। संधि में कहा गया है कि ईरान 3.67 प्रतिशत से अधिक यूरेनियम का संवर्धन नहीं करेगा। पिछले महीने तक यह 60प्रतिशत तक था। ट्रम्प और नेतन्याहू दोनों चले गए थे, और इजरायल और अमेरिकी दोनों वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला था कि पुराना सौदा कुछ भी नहीं से बेहतर था। राष्ट्रपति जो बिडेन एक ही दिमाग के थे, और वे यूक्रेन पर रूस के साथ एक आसन्न टकराव के बारे में भी चिंतित थे, इसलिए पिछली शरद ऋतु में उन्होंने अपने राजनयिक लोगों को ईरानियों से अतिरिक्त रियायतें छीनने की कोशिश बंद करने का निर्देश दिया। बस इसके साथ लगे रहो! उसके बाद चीजें तेजी से आगे बढ़ीं और पिछले महीने के अंत तक यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के प्रमुख जोसेप बोरेल कह रहे थे कि एक अंतिम पाठ अनिवार्य रूप से तैयार है और मेज पर है। हालांकि, उन्होंने कहा, बाहरी कारकों के कारण वियना वार्ता में विराम की आवश्यकता है। बाहरी कारक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण और उसके बाद रूस पर पश्चिमी प्रतिबंध थे।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मांग की कि वाशिंगटन जेसीपीओए के प्रभावी होने के बाद रूस और ईरान के बीच किसी भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर प्रतिबंध नहीं लगाने की प्रतिज्ञा करे। इस समय ईरान प्रतिदिन दस लाख बैरल से भी कम कच्चे तेल का निर्यात करता है, लगभग सारा तेल चीन को। यदि प्रतिबंध अंततः हटा दिए जाते हैं तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कम से कम डेढ़ मिलियन बीपीडी बेच सकता है, और अतिरिक्त आपूर्ति निश्चित रूप से तेल की कीमत में तेजी से गिरावट आएगी। तेल और गैस की बिक्री रूस के लिए विदेशी मुद्रा के अंतिम शेष प्रमुख स्रोत के बारे में है।

बेंचमार्क ब्रेंट ऑयल की कीमत आज 95 डॉलर प्रति बैरल है, जो पिछले महीने के आतंक-पीक से पहले ही 40 डॉलर से अधिक नीचे है। अतिरिक्त ईरानी तेल इसे एक और 20 या 30 बीपीडी नीचे गिरा सकता है, रूस की आय में और कटौती कर सकता है और यूरोप को रूस से नहीं बल्कि ईरान से अपना अधिक तेल खरीदने देता है। इस सौदे के इतने सारे चलते हुए हिस्से हैं कि यह अभी भी अंतिम सेकंड में अलग हो सकता है। लेकिन अभी के लिए यह अच्छा लग रहा है, और नाज़नीन ज़गारी-रैटक्लिफ़ पहले से ही अपने परिवार के साथ घर पर है।

## आप की बात

### यूपी में फिर योगी

**उत्तर** प्रदेश की सत्ता पर एक बार फिर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी काबिज होने जा रही है। 28 मार्च को योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले लेंगे, जिसकी तैयारी लखनऊ में जोर-शोर से चल रही हैं। योगी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर ग्रह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व भीजेपी के तमाम दिग्गज नेता शामिल होंगे। इसी के साथ सभी विपक्षी दल के बड़े नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। माना जा रहा है आज से पहले इतने बड़े पैमाने पर अभी तक किसी भी नेता का शपथग्रहण समारोह नहीं हुआ है। गौरतलब है कि यूपी विधानसभा चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया है कि सन्यासी जीवन जीने वाले योगी आदित्यनाथ जनता की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं, इसी वजह से प्रदेश की जनता ने उन्हें दोबारा सत्ता पर बैठाया है। उत्तर प्रदेश के नए मुख्यमंत्री बनने वाले योगी आदित्यनाथ सन्यासी हैं और बेहद ही सादगी भरा जीवन जीते हैं व उनके पास खुद के स्वामित्व वाला घर भी नहीं है। जो उनके व्यक्तित्व को स्पष्ट दर्शाता है। वैसे तो भाजपा के तमाम नेताओं की सोच परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देती है। जो राष्ट के लिए भविष्य में बेहतर कदम साबित होगी।

- **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### पाषाण युग की ओर

**इस** साल जनवरी में जब, नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में, तालिबानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के नेतृत्व में,पश्चिमी राजनयिकों से मुलाकात की थी। अफ़गानिस्तान में मानवीय संकट एवं आर्थिक बदहाली के विषय पर लंबी वार्तालाप हुआ। उसके बाद लगा था की हां अब अफ़ग़ानिस्तान में कुछ सुधार देखने को मिलेंगे। इसी के तहत बुधवार 23 मार्च से, लड़कियों के लिए सेकेंडरी स्कूलों को खोलने का ऐलान किया गया। बच्चियां स्कूल पहुंच भी गयी। हर तरह के इस्लामिक कायदे कानून के साथ। लड़कों से अलग कक्षा का प्रबंध किया गया। उनके लिये महिला शिक्षिकाओं को लगाया गया। सर को हिज़ाब से ढंकने का आदेश को भी माना गया। बावजूद इसके, स्कूल खुलने के एक घंटे के भीतर ही, उन्हें बंद कर देने के आदेश दे दिए गए। लगता है तालिबानी शासक , अफ़ग़ान समाज को पाषाण युद में धकेलना चाह रहे हैं। जहां लड़कियां अशिक्षित रहेंगी। उनका काम केवल चौका बर्तन करना एवं बच्चे पैदा करना भर रह जायेगा। महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का सलूक तो बहुत से देशों में होता है। मगर उन्हें पढ़ने के अधिकार से वंचित दुनिया का कोई देश नहीं करता।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### दूर करें विसंगतियां

**देश** इस समय सुधार की राह पर है। मोदी सरकार चुन चुन कर उन सभी विसंगतियों को दूर कर रही है जो न केवल हास्यास्पद वरन कानून का मजाक भी है। इसके चलते अब 'एक देश एक कानून' की पैरवी होने लगी है। राजनीति क्षेत्रों में विसंगतियों का बड़ा जाल दिखता है जिन्हें लांघना नेता अपने बाएं हाथ का खेल समझते हैं। इस समय सुर्खियो में है महाराष्ट्र के मंत्री मलिक की, जो जेल में बंद है और अब अपने मंत्री पद पर भी आसीन है। यहां पर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि इस जगह कोई छोटा मोटा कर्मचारी होता तो उसकी नौकरी कब की चली गई होती। इस प्रकार की विसंगति से कई तरह के स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े होते हैं। बड़ा दुख तो तब होता है जब अपने कारनामों की सजा नहीं मिलने से जेल से बाहर आते ही नेताओं का खेल फिर शुरू हो जाता है। ऐसे में सख्त कानून की जरूरत है। एक देश एक कानून का क्रियान्वयन जो किसी भी क्षेत्र में और कितने भी बड़े व्यक्ति को भी उपयुक्त दंडित करने में सक्षम हो।

- **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भगवद्गीता** को पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने से बच्चों के बौद्धिक स्तर में सुधार होगा।

- **बासवराज बोम्मई**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री

**रामायण** व अन्य महाकाव्यों के अंश स्कूली पाठ्यक्रमों का पहले ही हिस्सा हैं। पाठ्यक्रम बदलने की जरूरत नहीं है।

- **डी.के. शिवकुमार**
कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष





**मैंने** अपने वादे पूरे किए। मेरे कलम ने बेरोजगारों के समर्थन में हस्ताक्षर किए।

- **भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री







कालिदास मार्ग पर शपथ ग्रहण को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगे हुए होडिंग्स और कट आउट



भाजपा विधायक दल की बैठक में निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने अपना समर्थन पत्र सीएम योगी को सौंपा



भाजपा कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं का लगा हुजूम

# अयोध्या से लेकर अवध, काशी से मथुरा तक शपथ ग्रहण समारोह को लेकर उत्साह

## शपथ के पहले मंदिरों में होगी विशेष पूजा, व्यापारी बांटेंगे मिठाई





### ● लोकप्रिय नेता योगी की शपथ के लिए सजी राजधानी, प्रदेश में जश्न का माहौल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**तिरंगे** की रोशनी से सजे चौक चौराहे, दुकानों पर भगवा रंग से लहराते झंडे, पीएम मोदी और योगी के बड़े-बड़े कटआउट, फूलों से सजे मंदिर, अयोध्या से लेकर अवध तक, काशी से लेकर मथुरा तक, उत्तर प्रदेश में हर जगह का नजारा एक सा है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी हर कोई बनना चाहता है। ऐसे में अपने सबसे लोकप्रिय नेता योगी आदित?यनाथ को एक बार फिर से मुख?यमंत्री की शपथ लेने वाले इस विशेष दिन के लिए लोगों में बेहद उत्साह देखने को मिल रहा है। लखनऊ के सभी मंदिरों में एक ओर शुक्रवार की सुबह जहां सीएम योगी के लिए विशेष पूजा अर्चना की जाएगी तो वहीं व्यापरी मंडल की ओर से शपथ के बाद मिठाई बटवाने के इंतेजाम किए गए है। युवा से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग से लेकर व्यापारियों में शपथ ग्रहण को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। राजधानी लखनऊ में होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह में देश की तमाम बड़ी शख्सियतें जुटेंगी। सर्वाधिक आबादी वाले यूपी के लोगों के साथ ये दिन यूपी के बाहर के लोगों के लिए भी उतना ही खास है। यूपी में पर्यटन, सुरक्षा, निवेश, रोजगार और विकास को जिस तरह से पिछले पांच सालों में पंख लगे हैं उसको देख विदेश के लिए अपार संभावनाओं वाले यूपी पर सबकी निगाहें टिकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस शपथ ग्रहण समारोह में जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, होम मिनिस्टर अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे वहीं दूसरे प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी इस सुनहरे पलो के साक्षी बनेंगे। इन मेहमानों के स्वागत के लिए स्टेडियम से लेकर 500 मीटर दायरे की भव्य सजावट लोगों के उत्साह को बढ़ा रही है। स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों तरफ 200-200 मीटर का क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होर्डिंग्स से पट गया है। अमौसी एयरपोर्ट से स्टेडियम तक 150 वर्टिकल गार्डन व स्टेडियम के आसपास चार हजार गमलों की व्यवस्था की गई है।

### स्वागत के लिए जगह-जगह लगे होर्डिंग्स

**शपथ** ग्रहण समारोह के लिए स्टेडियम से लेकर 500 मीटर दायरे की भव्य सजावट मंत्र-मुग्ध कर रही थी। स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों तरफ 200-200 मीटर का क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होर्डिंग्स से पट गया है। मुख्य प्रवेश द्वार के बाएं तरफ मोदी की एक साथ मीन होर्डिंग्स को लगाया गया है। पहली होर्डिंग्स में मोदी ग्रे कलर की सदरी, दूसरी में बंद गले के सूट एवं तीसरी में भगवा कुर्ता पहने शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले लोगों की अभिवादन की मुद्रा में थे। शपथ को लेकर सोशल मीडिया पर मोदी योगी के साथ कई आर्कषक हैशटैग चल रहे हैं। जिसमें आ गए महाराज जी छा गए महाराज जी, यूपी में फिर से भाजपा सरकार, योगी मय हुआ यूपी, योगी ही उपयोगी, जय भाजपा आ गई भाजपा जैसे हेशटैग वहीं योगी जी आए हैं जो राम को लाए हैं, बाबा का बुलडोजर जैसे गीत लोगों में और भी उत्साह भर रहे हैं।



### नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक से पूर्व जयंत ने मांगे जनता से सुझाव

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय लोकदल के नवनिर्वाचित विधायकों की आगामी 26 मार्च को प्रस्तावित पहली बैठक से पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने विधायकों की कार्यशैली से लेकर क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर जनता से सुझाव मांगे है। जिसे पार्टी अमल में ला सके।

राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह 26 मार्च को राजधानी लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करके चुनावी समीक्षा करेंगे। चौधरी जयन्त सिंह ने प्रदेश की जनता से विधायकों की कार्यशैली और क्षेत्रीय विकास से सम्बन्धित सुझाव आमंत्रित किये हैं जो संसदीय इतिहास में ऐतिहासिक पहल के रूप में मील का पत्थर साबित होगी। विभिन्न क्षेत्रों की जनता क्षेत्रीय विकास के साथ साथ कानून व्यवस्था की सुदृढ़ता की भावना से अपने क्षेत्रीय प्रतिनिधि का चुनाव करती है परन्तु अधिकांशत: विधायकगणों का संवाद और क्षेत्रीय विकास जनता की भावनाओं के अनुरूप नहीं हो पाता है।

त्रिवेदी ने बताया कि चौधरी जयन्त सिंह ने इच्छा व्यक्त की है कि राष्ट्रीय लोकदल और उसके विधायक लगातार जनता के सम्पर्क में रहे और उनका दुखदर्द साझा करें। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार विधान सभा चुनाव के पूर्व पार्टी का संकल्प पत्र तैयार करने में चौधरी ने जनता के विभिन्न वर्गो से संवाद स्थापित करके उसे तैयार किया था। ठीक उसी प्रकार अब क्षेत्रीय विकास के सन्दर्भ में सुझाव आमंत्रित किये हैं। यह निश्चित है कि राष्ट्रीय लोकदल जनता से किये गये वादों पर खरा उतरेगा।

## शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे राम नाईक

**लखनऊ।** प्रदेश में नई सरकार के गठन के बीच शुक्रवार को प्रस्तावित सीएम योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के पूर्व राज्यपाल रामनाईक शामिल होंगे। पूर्व राज्यपाल निर्वतमान मुख्यमंत्री के आमंत्रण पर शामिल होंगे। योगी आदित्यनाथ के पहले मंत्रिमंडल को ठीक 5 वर्ष पूर्व नाईक ने शपथ दिलाई थी।

## खास मेहमान बढ़ाएंगे शपथ ग्रहण समारोह की शोभा

**योगी** आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, अरूणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा, गोवा, असम, कर्नाटक, गुजरात समेत दूसरे राज्यों के सीएम मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही टाटा ग्रुप के एन चन्द्रशेकरन, आदित्य बिरला ग्रुप के कुमार मंगलम बिरला, महिन्द्रा ग्रुप के आनंद महिंद्रा जैसे बड़े उद्योगपति शामिल होंगे।

## स्मार्ट और आत्मनिर्भर युवा बनेंगे प्रदेश की पहचान

### ● प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को दिया जाएगा टैबलेट और स्मार्ट फोन

### ● खेलों को बढ़ावा देने के लिए शुरू होगा मेजर ध्यानचंद खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन

### हर परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा

**लखनऊ।** योगी सरकार शुक्रवार को शपथ लेने जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के विकास को गति देने का काम तेज हो जाएगा। इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवा प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकेंए इसके लिए प्रदेश सरकार का जोर उन्हें सक्षम बनाने पर है। योगी सरकार युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने में जुटी है, वहीं दो करोड़ युवाओं को स्मार्ट फोन और टैबलेट उपलब्ध कराने का भी लक्ष्य है। साथ ही खेलों में रुचि रखने वाले युवा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी, प्रदेश और देश की पहचान बना सकें, इसके लिए उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।सरकार प्रदेश के युवाओं को स्मार्ट और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में 3 करोड़ से अधिक रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। अगले पांच सालों में योगी सरकार की मंशा है कि हर परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार का अवसर मिले। इसके लिए योगी सरकार सभी विभागीय रिक्तियों को शीघ्रता से भरने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही स्वरोजगार में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए प्रशिक्षण और सुविधाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए अभ्युदय योजना के तहत यूपीएससी, यूपीपीएससी, एनडीए, सीडीएस, जेईई, एनआईआईटी, टीईटी, क्लैट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में बिना तकनीक के युवाओं का आगे बढ़ना नामुमकिन सा है। इसको देखते हुए योगी सरकार प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन देने जा रही है। इससे प्रदेश के युवा तकनीकी तौर पर सक्षम बन सकेंगे। वहीं योगी सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए मेजर ध्यानचंद खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू करने जा रही हैए जिसके अंतर्गत सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों समेत पूरे प्रदेश में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण एवं नवीनीकरण किया जाएगा। प्रदेश सरकार आने वाले समय में सरकारी खेल प्रशिक्षण अकादमियों में प्रत्येक खिलाड़ी को मुफ्त स्पोर्ट्स किट एवं उपकरण उपलब्ध कराएगी। गांवों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में जिम एवं खेल मैदान बनाया जाएगा। इसके अलावा हर ब्लॉक में क्रिकेट प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी और विभिन्न खेलों के लिए अकादमी की स्थापना की जाएगी। खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता भी दी जाएगी।



हजरतगंज चौराहे पर लगे कट आउट और लहराते हुए भाजपा के झंडे

## काले धन के कारोबारियों को जेल नियम व जमानत अपवाद: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**मनी** लॉड्रिंग के एक मामले में वांछित मुल्जिम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बेहद अहम टिप्पणी की है। पीठ ने कहा है कि काले धन के कारोबारियों के लिए जेल नियम है व जमानत अपवाद। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी इसलिए अहम हो जाती है कि जमानत के मामलो में सुप्रीम कोर्ट कई बार इस सिद्वांत को दोहरा चुका है कि जमानत नियम व जेल अपवाद है।

जस्टिस कृष्ण पहल की एकल पीठ ने यह टिप्पणी मुल्जिम अनिरुद्ध कुमार शुक्ला की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए की है। पीठ का कहना है कि मनी लॉड्रिंग एक अपराध होने के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी खतरा है। यह सफेदपोश अपराधियों द्वारा किया जाता है जो समाज में अच्छी पैठ रखते हैं। इस प्रकार के अपराध विशुद्ध षडयंत्र के साथ इस बात की परवाह किए बिना कि इसका समाज और देश पर क्या प्रभाव पड़ेगाए अंजाम दिए जाते हैं। एकल पीठ ने यह भी स्पष्ट किया है कि मनी-लॉड्रिंग निषेध अधिनियम के तहत हुए अपराध के मामलों में दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधान लागू नहीं होते। मनी लॉड्रिंग का यह मामला वर्ष 2005 से 2016 के मध्य का है। बैंक ऑफइंडिया के कुछ बड़े अधिकारियों ने मिलीभगत कर आठ फर्जी हाउसिंग लोन पास किए थे।

## कक्ष निरीक्षक न भेजने पर चार विद्यालयों को नोटिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की गुरुवार से शुरू हुई हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं के पहले दिन कक्ष निरीक्षकों की अनुपस्थिति भारी पड़ी। जिसके चलते वैकल्पिक तौर पर व्यवस्था कर परीक्षा सम्पन्न कराई गयी। परीक्षा संपन्न होने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने चार स्कूलों को नोटिस जारी कर कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी पर लगे शिक्षकों को शुक्रवार से भेजने के निर्देश दिये हैं। साथ ही यह भी कहा है कि पुनरावृत्ति होने पर शिक्षकों की अनुपस्थिति के लिए विद्यालय की मान्यता समाप्त करने की कार्यवाही की जा सकती है। जला विद्यालय निरीक्षक डा. अमरकांत सिंह की तरफ से जिन स्कूलों को नोटिस जारी की गयी है उनमें सरस्वती ज्ञान मंदिर सहिजनपुर हरौनी, आदर्श इंडिया मॉंट इंटर कालेज, एमएल पाल इंटर कालेज और एमएलआरपी पब्लिक स्कूल शामिल है। परीक्षा के पहले दिन कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी से बेसिक शिक्षा विभाग की 16 शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाई गयी। जिसको गंभीरता से लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डा् अमरकांत सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिख कर अतिरिक्त कक्ष निरीक्षक उपलब्ध कराने को कहा है। परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल ले जाना सख्त मना है। लेकिन लखनऊ जेडी की टीम ने आपरेटर के पास से मोबाइल बरामद किया है। साई इण्टर कॉलेज, बालाजी महाराज इण्टर कॉलेज गौसगंज में मोबाइल बरामद किया गया। सचल दल संख्या 4 के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी ने बताया कि आपरेटर का मोबाइल जमा कराने के बाद केन्द्र व्यवस्थापक धर्मेन्द्र कुमार, अतिरिक्त केंद्र व्यावस्थापक व स्टैटिक मजिस्ट्रेट को फटकार लगाई गई।

## चुनाव बाद भाजपा अब जनता को दे रही महंगाई का रिटर्न गिफ्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दोबारा सरकार बनने से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई के मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनावी लाभ के लिए अब तक कीमतों पर रोक लगाए बैठी भाजपा ने जनता को महंगाई का 'रिटर्न गिफ्ट' देना शुरू कर दिया है।



भाजपा के सत्ता में आते ही गरीब, मजदूर, मध्यमवर्ग पर महंगाई की मार दोगुनी हो गई है। डीजल-पेट्रोल, पढ़ाई, दवाई, रसोई गैस, खाना-पीना सब महंगा हो गया है। तानाशाह बन बेतहाशा दाम बढ़ोत्तरी करने वाली भाजपा की जुमलों से इतर यही सच्चाई है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनावों में खूब झूठे वादे किए और लोगों को गुमराह किया गया। भाजपा ने होली और दीवाली में मुफ्त सिलेंडर का वादा किया था। अभी होली आई पर किसी को मुफ्त सिलेंडर नहीं मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुप्रचारित उज्ज्वला योजना पूरी तरह विफ ल हो गई और महंगी रसोई गैस की वजह से फिर घरों में चूल्हा जलने लगा है। उन्होंने कहा कि सच तो यही है कि जब-जब भाजपा सत्ता में आई है। महंगाई में खूब वृद्धि हुई है। 16 महीनों में रसोई गैस के सिलेंडर के दाम 356 रूपए बढ़े हैं। नोटबंदी, कोरोना महामारी, विध्वंसक आर्थिक नीतियों की वजह से जनसामान्य की आय बढ़ी नहीं बल्कि जो बचा खुचा धन था उसे भी महंगाई ने खा लिया है। लखनऊ और पटना में रसोईगैस सिलेंडर के दाम हजार रुपए के पार हो गए है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा को वस्तुत: आम जनता की कतई परवाह नहीं है, उसकी प्राथमिकता में पूंजीघरानों का हित साधन है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के दामों में भारी बढ़ोत्तरी से पूंजीपतियों की तिजोरी भरी जा रही है। गरीब का पैसा लूट कर बड़े-बड़े लोग विदेश भाग गए। गरीब की जेब पर डाका डाल कर जश्न मनाना ही भाजपा का असली चरित्र है।

## प्रत्येक जिले में ड्रोन कैमरे की यूनिट बनाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रोन कैमरे की यूनिट्स बनाने की तैयारी है। गृह विभाग बॉडीवॉर्म कैमरे, नाइट विजन युक्त ड्रोन कैमरे और हाईटेक ड्रोन कैमरे खरीद कर यूनिट बनाने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के प्रत्येक जिले में सीओ के अधीन यूनिट बनाई जाएंगी। इनकी मदद से पुलिस अपने क्षेत्र के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों पर मुस्तैदी से नजर रख सकेगी। अपराधियों को पकड़ने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस वर्तमान में 3635 बॉडी वॉर्म कैमरे इस्तेमाल कर रही है। जो तैयारी है उसके मुताबिक गृह विभाग जल्द ही 25 हजार नए कैमरे क्रय करेगा। अभी तक 75 ड्रोन कैमरे यूपी पुलिस के पास थे। अब 425 नए ड्रोन कैमरे और लिए जाएंगे। इन ड्रोन की खास बात ये होगी कि इनके कैमरों से रिकॉर्ड की गयी फुटेज को हटाया नहीं जा सकता है, साथ ही फुटेज को सेंट्रल सर्वर पर आसानी से भेजा जा सकता है।

प्रदेश पुलिस के एक अधिकारी कहते हैं कि कानुपर के बहुचर्चित गैंगेस्टर विकास दुबे कांड में अगर उसके घर दबिश डालने गई पुलिस टीम के पास ड्रोन कैमरे होते तो शायद आठ पुलिसकर्मी शहीद नहीं हुए होते। ये ड्रोन नाइट विजन कैमरे से लैस होते हैं, जिससे पुलिसकर्मी को भेजे बिना ही अपराधी के ठिकाने की भौगोलिक स्थिति पता लग जाती है।

इसके साथ ही ये भी पता लग जाता है कि वहां पर कितने लोग मौजूद हैं, हथियार हैं या नहीं, भागने का कोई दूसरा रास्ता है या नहीं। इनकी मदद से अपराधी आसानी से पकड़ा जा सकता है। इधर दूसरी ओर प्रदेश की जेलों में भी सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने के प्रयास शुरू हो चुके हैं। सभी 73 जेलों को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने के बाद इन जेलों के छूटे हुए हिस्सों को भी कैमरों के दायरे में लाने की योजना बनाई गई है। जेल महकमे के सूत्रों ने बताया कि इस कड़ी में प्रदेश की 30 जेलों में जल्द ही 933 और सीसीटीवी लगेंगे।

शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# टैक्स चोरी को लेकर वी-मार्ट सीज

- टैक्स न जमा करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई के निर्देश
- लालबाग से आंख अस्पताल रोड पर हटाया गया अतिक्रमण

संवाददाता। सीतापुर




**शहर को** अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर गुरूवार को भी ईओ वैभव त्रिपाठी ने अपना अभियान जारी रखा, इस बार तो नगर पालिका के टैक्स चोरी करने वाले व्यापारियों को भी चेतावनी देकर कार्रवाई का चाबुक तक चला दिया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शहर के महेश कुमार के प्रतिष्ठान हीरो अग्रवाल ऑटो सेल्स पर 73 लाख 83 हजार 804 रूपये व जगदीश शरण अग्रवाल जिनके भूखण्ड पर प्रतिष्ठान वी-मार्ट व शुभलग्न है, उस भूखण्ड पर 1 करोड़ 41 लाख 49 हजार 88 रूपये का गृहकर व जलकर बकाया है। लालबाग चौराहे से आंखस्पताल रोड पर उस वक्त हडकंप मच गया जब नगर पालिका प्रशासन की कार्रवाई का हटंर चला। अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी के साथ नगर पालिका परिषद की टीम जिसमें कर अधीक्षक हरीश चन्द्र, अवधेश जायसवाल व विनीत वर्मा राजस्व निरीक्षक, महेश गुप्ता कार्यालय अधीक्षक, राकेश मिश्रा सम्पत्ति लिपिक, जागेन्द्र प्रताप सिंह सफाई निरीक्षक, अनुकूल सेठ वाहन प्रभारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। छोटे व पटरी दुकानदारों को हिदायत देते हुए ईओ ने कहा कि अपनी सीमा में ही दुकान लगाए व बड़े दुकानदारों को निर्देश दिए कि सरकारी टैक्स जमा करें नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे। ईओ ने कहा कि अगर वह टैक्स 31 मार्च तक नहीं जमा करते है तो उनकी दुकानें सीज कर दी जाएगी। गुरूवार को चले अभियान में हीरो एजेन्सी, मेगामार्ट, अनमोल इंटर प्राइजेज को निर्देश दिए कि टैक्स जमा करें व वी-मार्ट को सीज करने की कार्रवाई की गई है। मौके पर ही वीमार्ट सीज होने के बाद वी-मार्ट व शुभलग्न भूखण्ड के मालिक द्वारा पांच लाख रूपये की चेक जमा करने की बात कही गई जिससे कि शुभलग्न शोरूम को सीज नहीं किया गया, लेकिन चेतावनी दी गई कि कल शुक्रवार तक वह अपना बकाया राशि जमा करें अन्य सीज की कार्रवाई कर दी जाएगी। ईओ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है और नोटिस देने के बावजूद टैक्स चोरी करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

# रक्तदान शिविर ही बचाता है लोगों की जान-अचिन मेहरोत्रा

संवाददाता। सीतापुर



**दया फाउंडेशन** के ने भाजपा जिलाध्यक्ष के 37वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसका शुभारम्भ भाजपा के जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने फीता काटकर किया। शिविर में 40 लोगो ने अपना रक्तदान किया। इस मौके पर दया फाउंडेशन के संस्थापक अजय मिश्र दया, गीता देवी, मामता डोडेजा, राहुल, जय कुमार, संदीप अवस्थी, अमित वाधवानी, वैभव मिश्र, सत्यम ठाकुर, मो जावेद अंसारी, प्रवीण शुक्ल, शशांक सिंह, राजन गुप्ता, देवेन्द वर्मा, दिवांशु मिश्र, आशुतोष, महेन्द्र, शादाब खान, विकाश अवस्थी, शोभित यादव, अथर्व शुक्ला, जितेंद्र मिश्र, प्रकाश नारायण गुप्ता, शिवम मिश्र, पंकज दीपक, बाजपेयी, दिलीप मिश्र, मो उस्मान, अंकित कुमार, अरिदमन दास, शोयब, पंकज, मुन्ना सिंह, सुनीत, शनि कुमार, संदीप शर्मा, रोहित वर्मा, अवि महेंद्र, अगम, शिवम अग्रवाल आदि लोगो ने अपना रक्तदान किया।

# कमलापुर पुलिस की लापरवाही क्षेत्रवासियों पर पड़ रही है भारी

संवाददाता। कसमंडा सीतापुर

**थाना कमलापुर** के अंतर्गत आने वाले ग्राम किंधौलिया गांव में कल रात में दो घरों में छत के जरिए आंगन में उतरे कर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी पार कर दिया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई सुनील कुमार पुत्र श्याम कुमार सिंह किंधौलिया निवासी जो लखनऊ में नौकरी करते हैं बीती रात चोरों ने छत के जरिए घर में उतरकर अलमारी का ताला तोड़कर अलमारी में रखे पांच चांदी के सिक्के दो सोने की अंगूठी एक चांदी की प्लेट चांदी का गोला चांदी की सुपारी तीन चांदी के पान के पत्ते एक जोड़ी सोने की टपस चोरी कर ले गए दूसरे घर में राम लखन सिंह पुत्र हरिबक्श सिंह जो घर के बाहर बरामदे में लेटे हुए थे उनके घर में छत से उतर कर दरवाजा अंदर से बंद करके अलमारी व बक्सों का ताला तोड़कर उसमें रखे ₹14000 नगदी एक सोने की माला 2 जोड़ी बाला एक सोने की चेन सोने की दो अंगूठी समेत लाखों का माल पार कर दिया जानकारी होने पर पीड़ितों ने जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

## रेउसा में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की इकाई की हुई बैठक

- होली मिलन व परिचय कार्यक्रम के आयोजन व संगठन विस्तार पर की गई चर्चा

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**रेउसा में** विसवां रोड पर स्थित जानकी मैरिज लॉन में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल इकाई रेउसा के अध्यक्ष प्रदीप बाजपेई व रविंद्र सोनी की उपस्थिति में एक बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य होली मिलन कार्यक्रम व परिचय समारोह का आयोजन कर संगठन का विस्तार करने करना था बैठ बैठक में कार्यक्रम के संबंध में विचार विमर्श किया गया जिसमें तय हुआ कि मार्च के अंतिम सप्ताह में ही होली मिलन व परिचय कार्यक्रम कर लिया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों के संबंध में जिला व तहसील स्तरीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर निर्णय लिया जायेगा। बैठक में प्रदीप बजपेई, रविन्द्र सोनी, अवधराम पोरवाल, पवन रस्तोगी, पवन रस्तोगी, अशोक रस्तोगी, आशीष रस्तोगी, प्रदीप पोरवाल, नवनीत , सुरेश पोरवाल, रामु अवस्थी, सैय्यद, टिंकू यादव, विशेष पोरवाल, तोहित, कमलेश, सन्तोष आदि मौजूद रहे।

## शराबी भतीजे ने चाचा का सिर फोड़ा

संवाददाता। बरेली

**शराब के** नशे में भतीजे ने चाचा पर लाठी से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया क्रैंट थाना क्षेत्र के गांव क्यारा निवासी कप्तान मौर्य पुत्र जोगराज को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसने बताया कि उसका भतीजा गुड्डू आज सुबह नशे की हालत में उसके घर आया था उसने गुड्डू को नशा न करने के लिए कहा जिससे वह नाराज हो गया और उसे गालियां देने लगा विरोध करने पर गुड्डू ने लाठी से उसके सिर पर हमला किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और जमीन पर गिर पड़ा सूचना मिलने पर पहुंचे गांव के लोगों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज और घटना की शिकायत पुलिस से कर दी जो हमलावर को गिरफ्तार करने में जुट गई।

# क्षयरोग घातक बीमारी, इलाज भी है:डीएम

संवाददाता। सीतापुर




**विश्व क्षय** रोग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर एक गोष्ठी एवं टी.बी. मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि क्षय रोग घातक है, परन्तु इसका इलाज है। उन्होंने टी0बी0 के मरीजों के अभिभावकों से कहा दवाएं उन्हें अस्पताल से मिल रही हैं उन्हें नियमित रूप से मरीज को दें, जिससे वह स्वस्थ्य हो जायेगा। इसके साथ ही मरीज के लिये स्वच्छ वातावरण, घर में हवा के आने जाने की अच्छी व्यवस्था, अन्य आवश्यक सावधानियां न केवल मरीज के लिये लाभप्रद है अपितु घर के अन्य सदस्यों को भी बीमारी से सुरक्षित रखने में सहयोगी होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि टी0बी0 के मरीजों को गोद लेकर उनके इलाज का नियमित अनुश्रवण किये जाने, अपने परिवार के सदस्य से समान भावनात्मक सहयोग प्रदान करने तथा सरकार की ओर से दी जा रही समस्त सुविधाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जा रहा है। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डा. मुसाफिर यादव ने टी0बी0 के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि राबर्ट कॉक द्वारा 24 मार्च, 1882 को टी.बी. जीवाणु की खोज की थी, जो टी.बी. के उपचार मे मील का पत्थर साबित हुयी। उनकी इस खोज के लिए उन्हे 1905 मे नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया था। डा0 शोएब अख्तर ने उपस्थित लोगों को अवगत कराया कि एक बलगम धनात्मक क्षय रोगी वर्ष मे 10-15 व्यक्तियों को क्षय रोग से ग्रसित कर सकता है। टी0बी0 के लक्षण जैसे दो हफ्ते से अधिक खाँसी, लगातार बुखार रहना, वजन घटना, सीने मे दर्द, बलगम में खून, रात में अत्यधिक पसीना आना आदि लक्षण पाये जाने पर बलगम जाँच करने की सुविधा सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित कुल 42 माइक्रोस्कोपिक केन्द्रों पर पूर्णतया नि:शुल्क उपलब्ध है। जनपद में एम0डी0आर0 मरीजों की पहचान हेतु वर्तमान में 03 सी0बी0नॉट साइट तथा 13 ट्रूनॉट साइटें क्रियाशील हैं जिनमें सरकारी एवं निजी क्षेत्रों के मरीजों के जाँच की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक आर0पी0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला, उप जिलाधिकारी सदर अनिल कुमार, तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी डा0 संजीव मेहरोत्रा, सचिव रेडक्रास सोसायटी रियाज अहमद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 पी0के0 सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 मुसाफिर यादव, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 शोएब अख्तर एवं अन्य अधिकारी तथा मरीज व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# निर्विरोध निर्वाचित हो ही गए अनूप, भाजपाई गदगद

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

- दूसरे निर्दलीय प्रत्याशी ने भी वापस ले लिया पर्चा
- सपा प्रत्याशी का पर्चा हो गया था खारिज
- पहले निर्दलीय ने भी वापस ले लिया था नाम

**सपा** प्रत्याशी अनुराग वर्मा का पर्चा निरस्त होने व एक निर्दलीय प्रत्याशी के पर्चा वापस लेने के बाद बृहस्पतिवार को दूसरे निर्दलीय प्रत्याशी की पर्चा वापसी के साथ ही भाजपा प्रत्याशी अनूप कुमार गुप्ता के निर्विरोध एमएलसी बनने का रास्ता साफ हो गया है। दूसरे निर्दलीय प्रत्याशी नरसिंह ने बृहस्पतिवार को अपना पर्चा वापस ले लिया। भाजपा प्रत्याशी के निर्विरोध निर्वाचन से भाजपाइयों में खुशी का माहौल है।

गौरतलब रहे सोमवार तक भाजपा और सपा सहित चार ने नामांकन दाखिल किया था। भाजपा की ओर से प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता, सपा की तरफ से अनुराग वर्मा और दो निर्दलियों नरसिंह और नवनीत शुक्ला ने ताल ठोकी थी। इसके बाद प्रशासन द्वारा नोटरी का लाइसेंस रिनीवल न होने की आपत्ति लगाकर सपा प्रत्याशी अनुराग वर्मा का पर्चा खारिज कर दिया गया था। वहीं नवनीत शुक्ला ने नाम वापस ले लिया था। जिसके बाद मैदान में अनूप गुप्ता और नरसिंह ही बचे थे। इस बीच तमाम उठापटक की खबरें आईं। हालांकि बृहस्पतिवार को नरसिंह ने भी पर्चा वापस ले लिया। इसके बाद अनूप कुमार गुप्ता का निर्विरोध निर्वाचन हो गया।

# भाजपा ही रखती है किसानों का ध्यान:अजय

- गन्ना गोष्ठी का हुआ आयोजन

संवाददाता। बेहजम खीरी



**केंद्रीय गृह** राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ब्लाक बेहजम क्षेत्र के ग्राम पंचायत बढरिया में पूर्व प्रधान रामचंद्र शुक्ल के आवास पर आयोजित गन्ना गोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए।

गृह राज्यमंत्री के आगमन पर किसानों व ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में एक भाजपा सरकार ही है जो समय-समय पर किसानों की समस्याओं को ध्यान रखते हुए कार्य किया है। भाजपा सरकार ने गरीबों और किसानों के लिए काम कर रही है। हमारी सरकार सबसे ज्यादा किसानों पर ध्यान देती है ताकि आय बढ़ सके हमारा देश कृषि प्रधान देश है जहां जिला खीरी जहां अधिकतर भूमि समतल और कृषि योग्य भूमि पंजाब जैसे अन्य राज्यों की अपेक्षा यहां पानी का वाटर लेवल ऊपर है यहां आनाज गन्ना फसलें आसानी से पैदा हो जाती है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को उचित मूल्य मिले, इसके लिए सतत् प्रयास जारी है। किसानों के हित के लिए कार्य कर रही है। भारत सरकार और राज्य सरकार दोनों किसानों के उन्नत का कार्य निरंतर जारी है। इस मौके पर नीमगांव थाना प्रभारी करुंणाशंकर मिश्रा अपनी टीम के साथ भाजपा कार्यकर्ता ओयल मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा, भाजपा नेता जनार्दन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, डा. श्याम सिंह, मंदन सिंह, शिव राज सिंह, भूलनपुर साधन सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांत शुक्ला, गन्ना पर्यवेक्षक अवधेश सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रघुनंदन सिंह भदौरिया, मालती मौर्य, पंकज सिंह, पिपरी कला प्रधान हरीश चंद्र वर्मा, बड़हरिया पूर्व ग्राम प्रधान रामचंद्र शुक्ला व मोनू शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**मोहम्मदी-खीरी।** इलाहाबाद बोर्ड की आज से परीक्षा शुरू हुई। उप जिलाधिकारी केंद्रों पर पहुंच कर परीक्षा केंद्रों का लिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में प्रथम पाली तथा दूसरी पाली की परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं पहली बार बोर्ड की परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों में गजब का उत्साह भी देखने को मिला। मोहम्मदी नगर में जेपी इटर कॉलेज एपीडी इंटर कॉलेज सहित बरबर, पसगवां सहित पूरी तहसील में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से पहले दिन की परीक्षा संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जा रही है। वहीं सभी केंद्रों के बाहर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया गया है। दूसरी पाली इंटरमीडिएट की परीक्षा में उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने जेपी इंटर कॉलेज और रामाश्रय इंटर कॉलेज पहुंच कर केंद्रों का जायजा लिया तथा परीक्षा कक्षो में पहुंचकर परीक्षा की जानकारी ली।

# खोखा जलकर राख



**मोहम्मदी खीरी।** नगर में पुलिस उपाध्यक्ष के कार्यालय के समीप रखा एक खोखा जल कर राख हो गया। रात में किसी कारणवश आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभासद बसंती देवी का एक खोखा पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के समीप रखा था। जहां से बसंती देवी अपने और अपने बच्चों का जीवन यापन करने के लिए चाय, समोसा व पुडिया सहित अन्य चीजें बेचा करती थीं। आज सुबह जब उधर से लोग निकले तो बसंती देवी का खोखा तथा उसमें रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग कैसे और किसने लगाई यह चर्चा का विषय बना हुआ है। देखना है कि जांच में क्या निकल कर आता है। कुल मिलाकर बसंती देवी का खोखा जलकर राख हो चुका है। राख के सिवा और कुछ नहीं बचा।

# पेज एक का शेष

## भारत-चीन...

जापान और ऑस्ट्रेलिया के इस समूह का हमेशा विरोध किया है। दोनों मंत्री मौजूदा यूक्रेन संघर्ष से उत्पन्न स्थिति का भी जायजा ले सकते हैं। पिछले साल फरवरी में लद्दाख में पैंगोंग त्सो (झील) के उत्तर और पूर्वी तटों से विभिन्न स्तरों पर हुई बातचीत में सैनिकों की वापसी हुई है। सूत्रों ने कहा कि तब से वार्ता कोई ठोस परिणाम देने में विफल रही और दोनों नेताओं के इस पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना है। भारत पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 (हॉट स्प्रिंग्स), देपसांग बुलगे और डेमचोक से भी सेना की तुरंत वापसी चाहता है।

## संयुक्त राष्ट्र...

से भाग रहे विदेशियों समेत सभी नागरिकों की हिफाजत की भी मांग की गई है। छात्रों को भी निर्बाध सुरक्षित रास्ता देने का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव में जोर दिया गया है कि यूक्रेन में शहरों विशेष रूप से मारियुपोल शहर की घेराबंदी ने नागरिकों के लिए मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है और निकासी के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई है। इसलिए, शहरों की इन घेराबंदी को तुरंत खत्म करने की मांग की गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि यूक्रेन में रूसी सेना के हमलों से इतने बड़ा मानवीय संकट पैदा हुआ है जो दशकों में यूरोप ने नहीं देखा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के रूस से अपने सैन्य अभियान को रोकने का आह्वान भी प्रस्ताव में दोहराया गया है।

## जेलेंस्की ने...

और आवाज उठाएं। बताएं कि लोग मायने रखते हैं। स्वतंत्रता मायने रखती है। शांति मायने रखती है। यूक्रेन मायने रखता है। बाइडन बृहस्पतिवार को नाटो सदस्यों, जी-7 समूह के नेताओं और यूरोपीय परिषद के साथ सिलसिलेवार बैठकें करने वाले हैं, जिनमें रूस पर नए प्रतिबंध लगाने के अलावा यूक्रेन को और अधिक सैन्य सहायता प्रदान करने पर चर्चा की जा सकती है। बाइडन के साथ होने वाली बैठक की पूर्व संध्या पर यूरोपीय यूनियन ने यूक्रेन को 550 लाख डॉलर की और सैन्य सहायता प्रदान करने की घोषणा की। बैठकों से पहले नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने पत्रकारों से कहा कि गठबंधन पहले ही यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता को बढ़ा चुका है, लेकिन वादों को पूरा करने के लिए और सहायता प्रदान करने की जरूरत है।

## बीरभूम नरसंहार...

पीछे बड़ी साजिश की प्रमुखता से वकालत करने वाली ममता बनर्जी ने गुरुवार को बागतुई का दौरा करने के बाद साजिश वाले तथ्य को दरकिनार करते हुए आरोपी अनारुल की गिरफ्तारी का आदेश दिया। बनर्जी ने कहा कि मैं कभी सोच भी नहीं सकती थी कि आधुनिक बंगाल में ऐसी बर्बरता हो सकती है, जहां महिलाओं, मां और बच्चों को भी जिंदा जला दिया जाए। ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। मैं आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने का आदेश देती हूं। विपक्षी दलों ने मामले को दबाने और इसे हल्का करने और पीड़ित परिजनों के बार बार गुहार लगाने के बाद भी आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया था। इस पर बनर्जी ने कहा कि हमने नरसंहार मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आदेश के साथ ही तत्काल रामपुरहाट के थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया।

## पूरे बंगाल...

हैं। इस बीच बुधवार रात नदिया जिले के राणाघाट के पास एक और टीएमसी ब्लॉक स्तर के नेता के सिर में गोली मार दी गई। सूत्रों के अनुसार घायल नेता का कोलकाता में ऑपरेशन किया गया। जहां उसकी हालत है गंभीर है। सूत्रों के अनुसार इसके पीछे का कारण पार्टी के अंदर का झगड़ा है।

## द कश्मीर...

आदर के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए सबसे बड़ी शहादत दी थी। वैसे तो सब लोग शहीदों को नमन करते हैं लेकिन उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों में बाबा साहब आंबेडकर और शहीद भगत सिंह एक तरह से चमकते सितारे हैं। दिल्ली सरकार ने यह निर्णय लिया है कि बाबा साहब आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की फोटो सभी दफ्तरों में लगाई जाएंगी, लेकिन जब से यह ऐलान किया गया है, तब से हमारी बहुत आलोचना की जा रही है। भाजपा वाले कह रहे हैं कि बाबा साहब और शहीद भगत सिंह की तस्वीर क्यों लगाई। सावरकर, हेडगेवार की क्यों नहीं लगाई। कांग्रेस वाले शोर मचा रहे हैं कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी की क्यों नहीं लगाई।

## आज से...

164 के तहत उन्हे भी शपथ दिलायी जा सके। इस अवसर पर बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन, केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा, सुरेश खन्ना, रघुवर दास, आशीष पटेल आदि उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शीर्ष भाजपा नेता, उद्योगपति, संत शुक्रवार को दूसरे कार्यकाल के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे योगी आदित्यनाथ के विशाल शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। इससे पहले केन्द्रीय ग्रहमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के पर्यवेक्षक अमित शाह के साथ सह पर्यवेक्षक रघुवर दास ने भाजपा कार्यालय पहुंच कर कोर कमेटी की बैठक की। जिसमे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने हिस्सा लिया। इस दौरान राधा मोहन सिंह, योगी आदित्यनाथ, स्वतंत्रत देव, सुनील बंसल भी मौजूद मौजूद थे। बैठक करने के बाद अमित शाह और रघुवर दास लोक भवन पहुंचे। बैठक में योगी आदित्यानाथ के नाम का प्रस्ताव सुरेश खन्ना ने रखा। जिस पर उन्हें सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। नेता चुने जाने के बाद योगी आदित्यानाथ ने कहा कि विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य और नौवीं बार विधायक चुने गए सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही और बेबी रानी मौर्या सहित प्रस्ताव का समर्थन करने वाले सभी भाजपा, अपना दल और निषाद पार्टी के विधायकों का आभार प्रगट करता हूँ। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक बार फिर भाजपा विकास और सुशासन की दिशा में अगला कदम रखने जा रहा है।

## हिजाब मामले...

आदेश के खिलाफ कुछ याचिकाएं दायर की गई हैं। उच्च न्यायालय ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत हिजाब पहनना इस्लाम धर्म में आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। उच्च न्यायालय ने कक्षाओं में हिजाब पहनने की अनुमति मांगने वाली उडुपी स्थित गवर्नमेंट प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज की मुस्लिम छात्राओं के एक वर्ग की याचिकाएं खारिज कर दी थीं। उसने कहा था कि स्कूल की वर्दी का नियम एक उचित पाबंदी है और संवैधानिक रूप से स्वीकृत है, जिस पर छात्राएं आपत्ति नहीं उठा सकतीं।

## उत्तराखंड में...

कहा कि सभी हितधारकों, विधि विशेषज्ञों, न्यायविदों और विभिन्न क्षेत्रों के, समाज के अनुभवी लोगों को मिलाकर यह उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा, यह समिति समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करेगी और हमारी सरकार उसे जल्द से जल्द लागू करेगी। इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य सरकारों के लिए इस बात का प्रावधान है कि वे अपने प्रदेशों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू कर सकती हैं और केंद्र को प्रस्ताव भेज सकती हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा भी बीच-बीच में इसे लागू न किए जाने पर लगातार नाराजगी व्यक्त की जाती रही है।

## काशी विश्वनाथ...

इस याचिका में पक्षकार बनाने के याचिकाकर्ता के अनुरोध को स्वीकार किया था। याचिकाकर्ता के मुताबिक, वाराणसी की एक स्थानीय अदालत ने 8 अप्रैल को एक आदेश पारित कर एएसआई को सर्वेक्षण का निर्देश दिया था जोकि अवैध और उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर का आदेश था। उल्लेखनीय है कि वाराणसी की एक अदालत ने 8 अप्रैल, 2021 को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का समग्र भौतिक सर्वेक्षण कराने के लिए दो हिंदू, दो मुस्लिम सदस्यों और एक पुरातत्व विशेषज्ञ की पांच सदस्ईय समिति गठित करने का आदेश दिया था। मूल वाद वाराणसी में 1991 में दायर किया गया था जिसमें प्राचीन मंदिर को जहां ज्ञानवापी मस्जिद वर्तमान में मौजूद है, बहाल करने का अनुरोध किया गया था।

## कुत्ता भौंकने...

मौत हो गई। इसके बाद उनकी पत्नी का फिर से बयान दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त शंकर चौधरी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को लड़के को फिर से पकड़ने के लिए किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष एक आवेदन दायर किया।

# ममता पहुंचीं बोगतुई गांव, मृतकों के परिजनों से किया संवाद

**बीरभूम हिंसा**

## ● मुख्यमंत्री की फटकार के बाद एसडीपीओ को निलंबित किया गया

**भाषा।** कोलकाता/रामपुरहाट

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को बोगतुई गांव का दौरा किया, जहां इस सप्ताह के प्रारम्भ में आठ लोगों को कथित तौर पर जिंदा जलाकर मार दिया गया था। मुख्यमंत्री ने बोगतुई में मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात की और बातचीत की। बनर्जी हावड़ा के दुमुरजोला स्टेडियम से हेलीकॉप्टर से रवाना हुईं और गांव के निकट बनाए गए हेलीपैड पर उतरीं। इस बीच वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वह बोगतुई गांव गईं और वहां उन्होंने हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने वहां मारे गए तृणमूल कांग्रेस के नेता भादू शेख के परिजनों से भी मुलाकात की। बनर्जी को व्यथा सुनाने के क्रम में मृतक नेता का एक संबंधी बेहोश होकर गिर पड़ा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि रामपुरहाट हिंसा मामले के संदिग्धों के आत्मसमर्पण ना करने पर उन्हें ढूंढकर गिरफ्तार किया जाएगा और पुलिस यह सुनिश्चित करेगी उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले। बनर्जी ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी देने का वादा भी किया। पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि रामपुरहाट हिंसा मामले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। अदालत के समक्ष एक कड़ा मामला दायर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए देने और क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण के लिए दो-दो लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। बनर्जी ने कहा, पुलिस को पूरे बंगाल में अवैध आग्नेयास्त्रों और बमों के गुप्त जखीरों का पता लगाने का आदेश भी दिया गया है।

बीरभूम पुलिस ने रामपुरहाट के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) शायान अहमद को बोगतुई गांव में हुई आगज़नी की घटना के सिलसिले में बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया और उन्हें अनिवार्य प्रतीक्षा सूची में रख दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे कुछ घंटे पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रामपुरहाट में कुछ पुलिस अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि ड्यूटी में लापरवाही के कारण शायद यह घटना हुई है।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एसडीपीओ को तत्काल प्रभाव से अनिवार्य प्रतीक्षा पर भेज दिया गया है। इससे पहले, रामपुरहाट थाने के निरीक्षक एवं प्रभारी त्रिदीप प्रमाणिक को निलंबित कर दिया गया था। गौरतलब है कि बीरभूम जिले के रामपुरहाट कस्बे के पास बोगतुई गांव में मंगलवार को तड़के कुछ घरों में कथित तौर पर आग लगा देने से दो बच्चों सहित आठ लोगों की झुलसकर मौत हो गई थी। माना जा रहा है कि यह घटना सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के पंचायत अधिकारी की हत्या के प्रतिशोध स्वरूप हुई थी।



## विस अध्यक्ष ने मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नहीं दी, भाजपा ने किया वॉकआउट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हाल में हुई हत्याओं पर विधानसभा में चर्चा की मांग को विधानसभाध्यक्ष द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को विपक्षी भाजपा के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट (बहिर्गमन)किया। विधानसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भगवा पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ विधानसभाध्यक्ष के आसन के सामने आ गए और बीरभूम जिले में हुई हिंसा के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। इस हिंसा में दो बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई है। सदन में भाजपा के विधायकों ने तख्तियां भी ली हुई थी जिसपर बंगाली में लिखा था, मानुष मारा सरकार,आर नेई दोरकार (हमें ऐसी सरकार नहीं चाहिए जो लोगों की हत्या करती है। चर्चा की मांग को विधानसभाध्यक्ष बिमान बनर्जी ने अस्वीकार कर दिया जिसके बाद भाजपा विधायकों ने वॉकआउट किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 17,602 करोड़ रुपए के बजटीय अनुदान पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि विपक्षी सदस्य शासन संबंधी कार्यों पर चर्चा के बजाय हंगामा करना चाहते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि वर्ष 2010-2011 में वाम मोर्चे की सरकार के दौरान स्वास्थ्य विभाग को केवल 3,584 करोड़ रुपए का बजट दिया गया था जबकि तृणमूल कांग्रेस के शासन में इसे बढ़ाकर 17,602 करोड़ रुपए किया गया है।

## उच्च न्यायालय ने बीरभूम में हुई हत्याओं पर आदेश सुरक्षित रखा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में आठ लोगों की मौत के मामले में सीबीआई या एनआईए से जांच की मांग करने वाली जनहित याचिकाओं के साथ एक स्वत: संज्ञान याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया। राज्य ने सीबीआई या एनआईए जांच के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच कर रहा है और उसे समय दिया जाना चाहिए। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत अधिकारी की हत्या के कथित तौर पर विरोध स्वरूप मंगलवार तड़के बोगतुई गांव में करीब एक दर्जन झोपड़ियों में आग लगा दी गई जिसमें दो बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। दो दिन तक सभी पक्षों को सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति आर भारद्वाज की खंडपीठ ने कहा कि वह दलीलों पर विचार के बाद आदेश पारित करेगी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वाईजे दस्तूर ने कहा कि सीबीआई या एनआईए जांच शुरू करने के लिए तैयार हैं यदि उच्च न्यायालय इस आशय का आदेश पारित करता है। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल), दिल्ली से सात सदस्ईय टीम बृहस्पतिवार की शाम को कोलकाता पहुंचेगी और बीरभूम जिले के बोगतुई गांव में अपराध स्थल से नमूने एकत्र करने के लिए आगे बढ़ेगी, जैसा कि पीठ ने पूर्व में आदेश दिया था। दस्तूर ने कहा कि उन्हें सीआरपीएफ कर्मी सुरक्षा प्रदान करेंगे। महाधिवक्ता एसएन मुखर्जी ने अदालत के निर्देश के मुताबिक इस मामले के सिलसिले में दर्ज आपरिधाक मामले की केस डायरी और की जा रही जांच की रिपोर्ट पेश की। महाधिवक्ता ने याचिकाकर्ताओं द्वारा मामले को सीबीआई या एनआईए को स्थानांतरित करने की प्रार्थना का विरोध किया और अपने तर्क के समर्थन में विभिन्न अदालतों के कई पुराने फैसलों का हवाला दिया। मुखर्जी ने बताया कि बुधवार को पीठ के आदेश के अनुसार अपराध स्थल पर 31 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार के नियंत्रण वाली एजेंसी के अलावा किसी अन्य एजेंसी से जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया कि अगर सीबीआई या एनआईए को तुरंत जांच का आदेश नहीं दिया गया तो सबूतों से छेड़छाड़ की संभावना है।

### बीरभूम में हुई हत्याएं नाजी यातना शिविर जैसी : भाजपा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुई आठ लोगों की हत्या को नाजी यातना शिविर जैसा करार देते हुए भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने कोई ममता नहीं दिखाई वह निर्मम हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के पंचायत अधिकारी की हत्या का संभवत: बदला लेने के लिए मंगलवार को बीरभूम जिले के बोगतुई गांव में आठ लोगों को जिंदा जला दिया गया। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इस घटना को लेकर देश भर में रोष व्याप्त है और पश्चिम बंगाल में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रही है। यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने झुलसे हुए शवों की कथित तस्वीरें दिखाईं और कहा कि यह पश्चिम बंगाल में मानवता की मौत को दर्शाता है। उन्होंने मीडिया में आई शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का संदर्भ दिया जिसमें दावा किया गया है कि जिंदा जलाए जाने से पहले सभी व्यक्तियों को बुरी तरह पीटा गया था। पात्रा ने आरोप लगाया, पूरी घटना नाजी यातना शिविर जैसी है। यह एक राजनीतिक दल द्वारा बदले की कार्वाई के तहत की गई हत्या है। अपना राजनीतिक हित साधने के लिए उन्होंने महिलाओं और बच्चों की हत्या कर दी। यह दावा करते हुए कि तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों द्वारा राज्य में भाजपा के 200 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की हत्या की गई है, उन्होंने कहा, यह राजनीतिक हत्याओं और प्रतिशोध की बंगाल फाइल्स (द कश्मीर फाइल्स फिल्म की तर्ज पर) है। ममता बनर्जी कोई ममता नहीं दिखा रही हैं, वह निर्मम व्यवहार कर रही हैं। हमें उनका नाम बदलकर निर्मम बनर्जी कर देना चाहिए क्योंकि उनमें तनिक भी ममता नहीं है। पात्रा ने ममता के बीरभूम दौरे पर तंज करते हुए कहा, 100 लोगों की हत्या कर ममता हज पर जा रही हैं।

### भाजपा केंद्रीय दल ने किया दौरा, पीड़ितों के परिजनों को दिया मदद का भरोसा

**बोगतुई/कोलकाता।** भाजपा की एक तथ्यान्वेषी समिति ने बृहस्पतिवार को बंगाल के बीरभूम जिले के बोगतुई गांव का दौरा किया, जहां इस सप्ताह की शुरुआत में आठ लोगों को जिंदा जला दिया गया था, और वहां के पीड़ितों के रिश्तेदारों के साथ-साथ स्थानीय लोगों से बात की। भाजपा की समिति में उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृज लाल, मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सत्य पाल सिंह और बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार शामिल हैं। उन्होंने टीएमसी पंचायत अधिकारी की हत्या के बाद हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गांव का दौरा करने के बाद मजूमदार ने संवाददाताओं को बताया, हम सामूहिक हत्या के बाद हालात का जायजा लेने के लिए यहां आए हैं। इस (टीएमसी) सरकार ने शासन करने का अपना नैतिक अधिकार खो दिया है। बोगतुई में जो हुआ वह मानवता के लिए शर्म की बात है। मुख्यमंत्री दावा कर रही थीं कि सभी दोषियों को दंडित किया जाएगा। दूसरी ओर पुलिस मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रही है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आगजनी वाले स्थल का दौरा करने और मामले की जांच के लिए मंगलवार को पांच सदस्ईय समिति का गठन किया था, जिसमें चार सांसद शामिल हैं।भाजपा की समिति में आईपीएस अधिकारी केसी राममूर्ति और भारती घोष दो अन्य सदस्य हैं।

## कोर्ट ने परमबीर सिंह के खिलाफ जांच सीबीआई को स्थानांतरित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह के खिलाफ कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोपों पर विभिन्न मामलों की जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि इस मामले की जांच किसे करनी चाहिए, इस पर सत्ता के शीर्ष स्तर के बीच एक बहुत ही अस्पष्ट स्थिति जारी है। पीठ ने कहा, न्याय के सिद्धांत को आगे बढ़ाने के मद्देनजर जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। हम यह नहीं कह रहे हैं कि अपीलकर्ता (सिंह) व्हिसल-ब्लोअर हैं या इस मामले में शामिल कोई भी व्यक्ति दूध से धुला है। पीठ ने सिंह का निलंबन रद्द करने से भी इनकार कर दिया और कहा कि भविष्य की सभी प्राथमिकी भी सीबीआई को स्थानांतरित की जाएंगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य पुलिस में लोगों का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए गहन जांच की जरूरत है। पीठ ने कहा, हम इस दलील को स्वीकार करने में असमर्थ हैं कि याचिकाकर्ता के खिलाफ शिकायत करने वालों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। हमारा विचार है कि राज्य को ही सीबीआई को जांच करने की अनुमति देनी चाहिए थी। प्रथमदृष्टया हमारा विचार है कि कुछ मामलों में सीबीआई द्वारा जांच की आवश्यकता है। सच्चाई क्या है, किसकी गलती है, इस तरह का परिदृश्य कैसे बना, इसकी जरूर जांच होनी चाहिए। सीबीआई को इन सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह आरोपों के गुण-दोष पर टिप्पणी नहीं कर रही है क्योंकि वह नहीं चाहती कि जांच किसी भी तरह से प्रभावित हो। पीठ ने कहा, हम नहीं चाहते कि जांच इस अदालत की टिप्पणी से प्रभावित हो। (बंबई) उच्च न्यायालय ने इसे एक सेवा विवाद के रूप में माना है, जो यह नहीं है और इस प्रकार हम उच्च न्यायालय का फैसला खारिज करते हैं। हम अपील की अनुमति देते हैं और निर्देश देते हैं कि पांच प्राथमिकियों की जांच सभी रिकॉर्ड के साथ सीबीआई को स्थानांतरित की जाए।

## ईडी ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ समन जारी किया

**भाषा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित खनन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ समन जारी करके 29 मार्च को पेश होने के लिए कहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन निरोधक कानून (पीएमएलए) के तहत दर्ज इस मामले में एजेंसी 34 वर्षीय बनर्जी का बयान दर्ज करेगी। इसके पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय सचिव और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे बनर्जी से ईडी के अधिकारियों ने दिल्ली में 21 मार्च को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। इस मामले में उनसे दूसरी बार पूछताछ की गई थी। ईडी ने सबसे पहले उनसे पिछले साल सितंबर में पूछताछ की थी।

ईडी के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में अन्य आरोपियों के साथ बनर्जी के संबंधों की जांच की जा रही है। सोमवार को ईडी कार्यालय से बाहर निकलते समय अभिषेक बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा था कि वह कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं, इसलिए उन्होंने जांच में सहयोग किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दुरुपयोग कर रही है, ताकि विपक्ष और इसके प्रमुख लोगों को डराया जा सके। इसके पहले अखिरी बार बनर्जी और उनकी पत्नी के खिलाफ ईडी ने 11 मार्च को समन जारी किया था, जब दोनों की याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी थी। इस याचिका में ईडी के उस नोटिस को चुनौती दी गई थी जिसमें बनर्जी को कोलकाता के बजाय दिल्ली में ईडी के समक्ष हाजिर होने के लिए कहा गया था।

## भारत ने झूठ और गलत बयानी का सहारा लेने के लिए ओआईसी की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस्लामाबाद में इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की एक बैठक में उसके बारे में किए गए उल्लेख झूठ और गलत बयानी पर आधारित थे। पाकिस्तान में ओआईसी के विदेश मंत्रियों की बैठक में संगठन द्वारा कश्मीर पर भारत की नीति के लिए उसकी आलोचना करने के एक दिन बाद विदेश मंत्रालय की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, बैठक में अपनाए गए बयान और संकल्प एक निकाय के रूप में इस्लामी सहयोग संगठन की अप्रासंगिकता और इसके संचालक के रूप में पाकिस्तान की भूमिका, दोनों को प्रदर्शित करते हैं। वह ओआईसी की बैठक में अपनाए गए प्रस्ताव में भारत के संदर्भ पर मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। बागची ने कहा, भारत के बारे में दिए गए संदर्भ झूठ और गलत बयानी पर आधारित हैं।

## सरकार की कल्याण योजनाओं का सभी वर्गों को बराबर लाभ मिल रहा: नकवी



**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोदी सरकार सम्मान के साथ विकास एवं बिना तुष्टीकरण के सशक्तीकरण की नीति पर काम कर रही है और पूरे देश में जारी मंत्रालयों की कल्याण योजनाओं का लाभ सभी वर्गों के साथ अल्पसंख्यक समाज के लोगों को बराबर मिल रहा है। लोकसभा में अब्दुल खालिक के प्रश्न के उत्तर में नकवी ने कहा कि उन्होंने योजनाओं के अल्पसंख्यक समाज के लोगों को मिलने वाले लाभ के विषय पर एक सर्वेक्षण कराया था। उन्होंने कहा कि इस सर्वेक्षण के अनुसार, देश में जिन 2.31 करोड़ गरीब लोगों को पक्का घर दिया गया, उनमें से 31 प्रतिशत अधिसूचित अल्पसंख्यक इलाके में रहने वाले लोग हैं।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार से 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिला है जिसमें से 33 प्रतिशत अधिसूचित अल्पसंख्यक इलाके में रहने वाले मुस्लिम, ईसाई, सिख और जैन समाज के लोग हैं। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना का लाभ 9 करोड़ महिलाओं को मिला है जिनमें से 37 प्रतिशत अल्पसंख्यक समाज की बहनें शामिल हैं। नकवी ने कहा कि स्वरोजगार के तहत मुद्रा योजना के 34 करोड़ लाभार्थी हैं जिनमें से 35.6 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल हैं।

नकवी ने कहा, मोदी सरकार सम्मान के साथ विकास एवं बिना तुष्टीकरण के सशक्तीकरण की नीति पर काम कर रही है और पूरे देश में जारी मंत्रालयों की कल्याण योजनाओं का लाभ सभी वर्गों के साथ अल्पसंख्यक समाज के लोगों को बराबर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए विकास का मसौदा वोट का सौदा नहीं है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के कम बजटीय आवंटन से संबंधित एक सवाल के जवाब में नकवी ने कहा कि जहां तक मंत्रालय को बजटीय आवंटन का सवाल है, हम आइना दिखाएंगे तब कष्ट होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले वर्ष 2013-14 में बजटीय आवंटन 1,888 करोड़ रूपए था और वास्तविक खर्च 1,814 करोड़ रूपए था। जबकि वित्त वर्ष 2020-21 में बजटीय आवंटन 2,530 करोड़ रूपए और वास्तविक खर्च करीब 2,400 करोड़ रूपए था। उन्होंने कहा कि हमारा व्यय सही से हो रहा है और जमीन पर उसका प्रभाव दिखे, इसके लिए हम काम कर रहे हैं।

## केले से भरे ट्रक से 888 किलो गांजा जब्त, तीन लोग गिरफ्तार

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में पुलिस ने केले से भरे एक ट्रक से एक करोड़ रुपए कीमत का 888 किलोग्राम गांजा जब्त किया है और इस सिलसिले में ट्रक चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित सांघी ने बृहस्पतिवार को बताया कि गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए अपराध शाखा ने वन विभाग के गोदाम के पास खड़े एक ट्रक की तलाशी ली और केले के लदे इस ट्रक से गांजा बरामद किया। सांघी के अनुसार ट्रक में केलों के बीच 37 बोरियों में गांजा छिपाया गया था जो 888 किलोग्राम था और उसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपया आंकी गई है। उन्होंने बताया कि ट्रक हैदराबाद से आगरा जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में ट्रक के चालक सहित तीन लोगों को एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं में गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



विश्व टीबी दिवस के अवसर पर शिमला में नर्सिंग छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

## सुप्रीम कोर्ट ने फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई से किया इनकार

### ● कक्षाओं में हिजाब पर पाबंदी का मामला

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया, जिसमें अदालत ने कक्षा के अंदर हिजाब पहनने की अनुमति मांगने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था और कहा था कि हिजाब इस्लाम धर्म में आवश्यक धार्मिक प्रथा का हिस्सा नहीं है। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की एक पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत के अनुरोध को खारिज कर दिया। कामत ने कहा था कि परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा, परीक्षाओं का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वे बार-बार मामले का जिक्र कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, सॉलिसिटर जनरल जी, क्या आप इंतजार कर सकते हैं। वहीं, उसने कामत से कहा कि मामले को संवेदनशील ना बनाएं। कामत ने कहा, इन लड़कियों की 28 तारीख को परीक्षा है। उन्हें स्कूल में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा। उनका एक साल बर्बाद हो जाएगा। न्यायालय ने हालांकि उनके अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। उच्चतम न्यायालय कक्षाओं में हिजाब पहनने की अनुमति देने से इनकार करने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर होली के अवकाश के बाद सुनवाई करने के लिए 16 मार्च को सहमत हो गया था। न्यायालय ने कुछ छात्राओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े की उन दलीलों पर गौर किया था कि आगामी परीक्षाओं को देखते हुए तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है।

मामले में उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के आदेश के खिलाफ कुछ याचिकाएं दायर की गई हैं। उच्च न्यायालय ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत हिजाब पहनना इस्लाम धर्म में आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। उच्च न्यायालय ने कक्षाओं में हिजाब पहनने की अनुमति मांगने वाली उडुपी स्थित गवर्नमेंट प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज की मुस्लिम छात्राओं के एक वर्ग की याचिकाएं खारिज कर दी थीं। उसने कहा था कि स्कूल की वर्दी का नियम एक उचित पाबंदी है और संवैधानिक रूप से स्वीकृत है, जिस पर छात्राएं आपत्ति नहीं उठा सकतीं।

## पति को वैवाहिक बलात्कार से छूट देना संविधान के अनुच्छेद 14 की भावना के विरुद्ध है : हाईकोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा कि पत्नी के साथ वैवाहिक बलात्कार और अप्राकृतिक यौन संबंध के आरोपों से पति को छूट देना संविधान के अनुच्छेद 14 की भावनाओं के विरूद्ध है, जो समानता की बात करता है। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने पत्नी के कथित रूप से बलात्कार करने और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने तथा बेटी के यौन उत्पीड़न को लेकर चल रहा मुकदमा खारिज करने के लिए एक व्यक्ति की याचिका पर यह व्यवस्था दी। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने इस व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा, अगर एक पुरुष, एक पति, वह जो पुरुष है, उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के तहत आने वाले अपराध के आरोपों से छूट दे दी जाती है तो वह कानून के ऐसे प्रावधान के समक्ष असमानता होगी। इसलिए यह संविधान के अनुच्छेद 14 की भावना के विरूद्ध होगा। पति द्वारा बनाए गए यौन संबंध और अन्य यौन गतिविधियों को छूट दी गई है, एक महिला को बतौर महिला अलग दर्जा प्राप्त है, लेकिन पत्नी के रूप में उसका दर्जा बदल जाता है। पुरुष को बतौर पुरुष उसकी गलतियों के लिए सजा दी जाती है, उसी पुरुष को पति होने पर छूट मिल जाती है।

न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा, यह वह असमानता है, जो संविधान की आत्मा, समानता का अधिकार, को चोट पहुंचा रहा है। संविधान के तहत सभी मानवमात्र के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए फिर चाहे वह महिला हो या अन्य और असमानता की कोई भी सोच, अगर किसी भी कानून के प्रावधान में मौजूद है तो वह संविधान के अनुच्छेद 14 की भावनाओं के विरूद्ध है। न्यायमूर्ति ने कहा, संविधान में जिस स्त्रीपुरुष को समान बताया गया है उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के छूट-2 (एक्सेप्शन-2) के तहत असमान नहीं बनाया जा सकता।

## न्यायालय ने केन्द्र को अनुग्रह राशि के लिए झूठे दावों की जांच की अनुमति दी

### ● कोविड-19 से हुई मौतों का मामला

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र को कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिजन को मिलने वाली अनुग्रह राशि के झूठे दावों की जांच करने की बृहस्पतिवार को अनुमति दी और कहा कि किसी को भी झूठे दावे करके अथवा फर्जी प्रमाणपत्र लगा कर मुआवजा हासिल करने नहीं दिया जाएगा। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्न की पीठ ने कहा कि सरकार चार राज्यों... महाराष्ट्र, केरल, गुजरात और आंध्र प्रदेश में पांच प्रतिशत दावों का सत्यापन कर सकती है, जहां दावों की संख्या और दर्ज की गई मृतक संख्या के बीच काफी अंतर है। पीठ ने कहा, हम भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के जरिए आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल और महाराष्ट्र के पांच प्रतिशत आवेदनों की जांच की मंजूरी देते हैं। पीठ ने कहा कि यदि यह पाया जाता है कि किसी ने फर्जी दावा किया है तो उस पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 52 के तहत विचार किया जाएगा और उसके अनुसार उसे दंडित किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने उन लोगों के लिए 60 दिन की अवधि निर्धारित की, जो मुआवजे के वास्ते आवेदन करने के लिए पात्र हैं और भविष्य में ऐसे आवेदन करने के लिए 90 दिन का समय निर्धारित किया।

केन्द्र ने इससे पहले कोविड-19 से किसी परिजन की मौत हो जाने पर प्रशासन से अनुग्रह राशि का दावा करने के लिए चार सप्ताह की समय सीमा निर्धारित करने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के सदस्यों को मिलने वाली 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि के लिए झूठे दावों को लेकर भी चिंता व्यक्त की थी और कहा था कि उसने कभी सोचा भी नहीं था कि इसका दुरुपयोग किया जा सकता है या नैतिकता का स्तर इतना नीचे कभी गिर सकता है। उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्य सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए) के सदस्य सचिव के साथ समन्वय करने के लिए एक समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त करें, ताकि मुआवजा दिया जा सके। अनुग्रह राशि नहीं दिए जाने से नाराज शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों को फटकार भी लगाई थी। उसने पिछले वर्ष चार अक्टूबर को कहा था कि राज्य को कोविड-19 के कारण मारे गए लोगों के परिजन को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने से केवल इस आधार पर इनकार नहीं करना चाहिए कि मृत्यु प्रमाण पत्र में कोरोना वायरस को मौत का कारण नहीं बताया गया है।

# यूक्रेन में रूस के 7000 से 15000 सैनिक मारे गए: नाटो

**एपी।** कीव

**नाटो** ने बुधवार को दावा किया कि यूक्रेन में पिछले चार हफ्ते से जारी लड़ाई में 7000 से 15000 रूसी सैनिक मारे गए हैं। तुलनात्मक दृष्टि से रूस ने अफगानिस्तान में 10 वर्षों में करीब 15000 सैनिक गंवाए थे।

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गठबंधन का यह आकलन यूक्रेन के अधिकारियों से मिली जानकारी तथा खुले स्रोतों से जुटाई गई खुफिया सूचनाओं पर आधारित है जिसे रूस ने जानबूझकर जारी किया या नहीं किया। अधिकारी ने नाटो द्वारा तय नियमों के तहत अपनी पहचान नहीं बताने की शर्त पर यह जानकारी दी। यूक्रेन ने अपने सैन्य नुकसान के बारे में बहुत कम सूचना जारी की है और पश्चिमी देशों ने भी कोई आकलन नहीं दिया। बहरहाल,

## ● दूसरे विश्व युद्ध के बाद से यह सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई है

दो सप्ताह पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि उनके करीब 1300 सैनिक युद्ध में मारे गए हैं। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर अपनी सैन्य कार्रवाई शुरू की थी और इस बुधवार को लड़ाई के चार हफ्ते हो गए। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से यह सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई है। इस बीच जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रूस अपने हितों की पैरवी कराने के लिए कुछ भागीदारों को अपने पक्ष में लाने के प्रयास कर रहा है। बीती रात राष्ट्र के नाम वीडियो संबोधन में भावुक होते हुए जेलेंस्की ने कहा, हम देखेंगे कि कौन मित्र है, कौन साझीदार है और कौन बिक गया है और किसने हमें धोखा दिया है।

जेलेंस्की ने कहा, हमें मिलकर, रूस को नाटो, यूरोपीय संघ या जी-7 में से किसी भी सदस्य देश को युद्ध के समर्थन में लाने से रोकना होगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के आसमान को अब भी रूसी विमानों तथा मिसाइलों के लिए बंद नहीं किया गया है और यूक्रेन को लड़ाकू विमान या आधुनिक वायु-रक्षा प्रणाली नहीं मिली है, जिसका उसने अनुरोध किया था।उन्होंने कहा कि वे एक महीने से खुद को तबाह होने से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। हम दुश्मन के अनुमान से छह गुना अधिक समय तक टिके रहे हैं, लेकिन रूसी सैनिक हमारे शहरों को नष्ट कर रहे हैं, अंधाधुंध नागरिकों को मार रहे हैं, महिलाओं के साथ बलात्कार कर रहे हैं, बच्चों का अपहरण कर रहे हैं, शरणार्थियों को गोली मार रहे हैं।

## यूक्रेन को कई हजार और मिसाइल देने की तैयारी कर रहा है ब्रिटेन

**लंदन।** युद्धग्रस्त यूक्रेन की मदद करने के लिए ब्रिटेन उसे कई हजार और मिसाइल की आपूर्ति करने की योजना बना रहा है। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने पश्चिमी देशों के नेताओं से यूक्रेन को सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके तहत यूक्रेन की सरकार को कई हजार प्रक्षेपास्त्रों की आपूर्ति की जाएगी। बोरिस जॉनसन बृहस्पतिवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और सात विकसित देशों के समूह जी-7 के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए ब्रसेल्स जा रहे हैं। इस यात्रा के दौरान वह यूक्रेन को ब्रिटेन की ओर से दी जाने वाली सैन्य सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दे सकते हैं। इसके तहत यूक्रेन को टैंक-रोधी और उच्च-विस्फोटक हथियारों से युक्त 6,000 और मिसाइल दी जाएंगी।

जॉनसन ने कहा, ब्रिटेन अपने सहयोगियों के साथ मिलकर यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगा। इस लड़ाई में हम यूक्रेन की सेना को मजबूत करना चाहते हैं। गौरतलब है कि ब्रिटेन पहले ही यूक्रेन को 4,000 से अधिक टैंक-रोधी हथियार भेज चुका है। ब्रिटेन की सरकार ने कहा कि वह रूस और यूक्रेन में फैलाई जा रही गलत जानकारियों के प्रभाव को रोकने के लिए बीबीसी को 53 लाख डॉलर की मदद भी करेगी।



ब्रसेल्स में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान मौजूद नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटिश प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन

## नाटो ने रुस-यूक्रेन युद्ध के चलते स्टोल्टेनबर्ग का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया

**ब्रसेल्स (एपी)।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के नेताओं ने गठबंधन महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है, ताकि वह यूक्रेन पर रूसी हमले से उत्पन्न सुरक्षा संकट से निपटने में 30 देशों की सदस्यता वाले सैन्य संगठन के संचालन में मदद कर सकें। स्टोल्टेनबर्ग ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया कि वह महासचिव के तौर पर अपना कार्यकाल 30 सितंबर 2023 तक बढ़ाने के नाटो नेताओं के फैसले से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हम एक पीढ़ी में सबसे बड़े सुरक्षा संकट का सामना कर रहे हैं, हम अपने गठबंधन को मजबूत रखने और अपने लोगों को सुरक्षित रखने के लिए एकजुट हैं।

नार्वे के पूर्व प्रधानमंत्री स्टोल्टेनबर्ग (63)को अक्टूबर 2014 में नाटो के इस शीर्ष पद पर नामित किया गया था। उनका कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। उनका कार्यकाल सितंबर में समाप्त होने वाला था।

## पुतिन के नेतृत्व में रूसी सैन्यबलों ने यूक्रेन में युद्ध अपराध किया: अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में रूसी सैन्यबलों ने यूक्रेन में असैन्य ठिकानों पर प्रहार कर एवं निर्मम हिंसा कर युद्ध अपराध किया है, क्योंकि उसकी इस हिंसक कार्वाई में वहां जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।

रूसी सैन्यबलों ने 24 फरवरी को यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किया। उससे तीन दिन पहले रूस ने डोनेटस्क और लुहांस्क को स्वतंत्र निकाय के रूप में मान्यता दी थी। रूसी सैनिकों ने उन क्षेत्रों को निशाना बनाया है, जहां अपार्टमेंट भवन, विद्यालय एवं अस्पताल हैं एवं आम लोग रहते हैं। ब्लिंकन ने बुधवार का कहा, आज मैं घोषणा करता हूं कि फिलहाल उपलब्ध सूचना के आधार पर अमेरिका सरकार का आकलन है कि रूस के सैन्य बलों के सदस्यों ने यूक्रेन में युद्ध अपराध किया है। उन्होंने कहा, हमारा आकलन आम लोगों एवं खुफिया सूत्रों से उपलब्ध



सूचना की सावधानीपूर्वक समीक्षा पर आधारित है। किसी भी कथित अपराध के संदर्भ में उस गुनाह पर क्षेत्राधिकार वाली अदालत विशिष्ट मामलों में आपराधिक दोषी का निर्धारण करने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंन कहा, बिना किसी उकसावे एवं अपनी मर्जी से युद्ध छेड़ने के बाद से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने निर्मम हिंसा की है जिससे पूरे यूक्रेन में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। ब्लिंकन ने कहा, हमने असैन्याआम लोगों पर अंधाधुंध एवं जानबूझकर हमलों एवं अन्य अत्याचार की भरोसेमंदद रिपोर्ट देखी है। रूसी सैन्यबलों ने अपार्टमेंट बिल्डिंग, विद्यालय, अस्पताल, अहम अवसरंचनाओं, शॉपिंग सेंटर, एंबुलेंस को नष्ट किया एवं इसमें हजारों बेगुनाह मारे गए या घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि रूसी सैन्यबल नृशंस हमला जारी रखे हुए है, फलस्वरूप उसमें मरने एवं घायल होने वाली महिलाओं, बच्चों समेत नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री की इस घोषणा से एक सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह पुतिन को युद्ध अपराधी मानते हैं।

## रूस ने कई अमेरिकी राजनयिकों को किया निष्कासित: विदेश मंत्रालय

**वाशिंगटन।** रूस ने देश की राजधानी मॉस्को में अमेरिकी दूतावास से कई अमेरिकी राजनयिकों को निष्कासित कर उन्हें अस्वीकार्य व्यक्ति घोषित कर दिया किया है। विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में रूस के मिशन से 12 राजनयिकों को यह कहते हुए निष्कासित कर दिया था कि वे जासूसी गतिविधियों में शामिल हैं। इस कदम को रूस ने शत्रुतापूर्ण कार्वाई करार दिया था और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के मेजबान देश के रूप में अमेरिका द्वारा प्रतिबद्धताओं का घोर उल्लंघन बताया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा, हम अमेरिकी दूतावास को 23 मार्च को रूसी विदेश मंत्रालय की ओर से अस्वीकार्य व्यक्ति घोषित किए गए राजनयिकों की एक सूची मिलने की पुष्टि करते हैं। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद दोनों देशों के बीच शब्दों और प्रतिबंधों की जंग तेज हो गई है। अमेरिका ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जिसमें व्यक्तिगत तथा आर्थिक प्रतिबंध शामिल हैं। रूस ने भी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत कई अमेरिकी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए हैं।

## उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की मिसाइल का परीक्षण किया

**एपी।** सियोल

**उत्तर कोरिया** ने बृहस्पतिवार को अब तक की अपनी संभवत: सबसे बड़ी अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का समुद्र की ओर परीक्षण किया। यह जानकारी इसके पड़ोसी देशों ने दी। अमेरिका और अन्य प्रतिद्वंद्वी देशों को लक्षित अपने दबाव अभियान को उत्तर कोरिया ने इस परीक्षण के जरिए और बढ़ा दिया है। उत्तर कोरिया चाहता है कि अमेरिका समेत अन्य विरोधी देश उसे परमाणु शक्ति से लैस राष्ट्र के रूप में स्वीकार करते हुए उस पर लगे भारी प्रतिबंधों को हटा लें। यह परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेना के उस बयान के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि उत्तर कोरिया लंबी दूरी की अंतर-महाद्वीपीय मिसाइल के परीक्षण की तैयारी कर रहा है। उत्तर कोरिया ने इस मिसाइल का अनावरण 2020 में किया था। दक्षिण कोरियाई सेना ने जल, थल और हवा से अपनी मिसाइल का परीक्षण कर उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण का जवाब दिया था। दक्षिण कोरिया ने यह भी कहा है कि उत्तर कोरियाई मिसाइल परीक्षण केंद्र और इसके कमान एवं सुविधा केंद्र पर सटीक निशाना साधने की पूरी तैयारी है। दक्षिण कोरिया की इस प्रतिक्रिया से दोनों कोरियाई देशों के बीच फिर से तनाव बढ़ने के आसार हैं। वहीं, परमाणु हथियारों को लेकर उत्तर कोरिया से बातचीत बंद है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टॉफ और रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया ने प्योंगयांग के पास स्थित सुनान क्षेत्र से अपनी अंतर-महाद्वीपीय मिसाइल का परीक्षण किया, जिसने 6,200 किलोमीटर की ऊंचाई पर।,080 किलोमीटर की दूरी तय की। इससे स्पष्ट होता है कि मिसाइल का परीक्षण सामान्य से अधिक कोण पर किया गया ताकि यह जापानी क्षेत्र में नहीं पहुंच सके।

## सोमालिया में हुए आत्मघाती हमले में महिला सांसद समेत 48 लोग मारे गए

**भाषा।** मोगादिशु

सोमालिया के एक मतदान केंद्र में हुए आत्मघाती बम धमाके में एक महिला सांसद समेत कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हमला बुधवार देर रात सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हिरन क्षेत्र के बेलेडवेएन कस्बे में हुआ। मृतकों में सरकार की मुखर आलोचक मानी जाने वाली विपक्षी सांसद अमीन मोहम्मद अब्दी भी शमिल हैं, जो नेशनल असेंबली की अपनी सीट पर हो रहे चुनाव के लिए प्रचार कर रही थीं। सोमालिया के हीरशाबेले प्रांत के गवर्नर अली गुदलावे ने बताया कि हमले की जिम्मेदारी सोमालिया के विद्रोही समूह अल-शबाब ने ली है। हमले में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक हैं।

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

## ● सेंसेक्स 89 अंक टूटा, निफ्टी भी कमजोर

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मानक सूचकांक, बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच बैंक, वाहन और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में नुकसान से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 89.14 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,595.68 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह नीचे में 57,138.51 अंक और ऊंचे में 57,827.99 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22.90 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ







17,222.75 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख वी के विजय कुमार ने कहा, बाजार में अब दिशा का अभाव है। कच्चे तेल के दाम, एफपीआई निवेश प्रवाह तथा फेडरल रिजर्व के अगले कदम को लेकर अटकलों के आधार पर इसमें रोजाना उतार-चढ़ाव हो रहा है। हेम सिक्योरिटीज के प्रमुख (पीएमएस) मोहित निगम ने कहा, वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा फिर से ब्याज दर बढ़ाने की आशंका के कारण उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी नुकसान में रहे।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक सर्वाधिक 3.09 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा टाइटन (2.63 प्रतिशत), एचडीएफसी बैंक (2.23 प्रतिशत), आईसीआईसीआई बैंक (1.94 प्रतिशत), एचडीएफसी (1.5 प्रतिशत), महिंद्रा एंड महिंद्रा (1.31 प्रतिशत), मारुति सुजकी इंडिया (1.17 प्रतिशत) नुकसान में रहे। इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., नेस्ले, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक भी नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज का शेयर सर्वाधिक 4.9 प्रतिशत लाभ में रहा। अल्ट्राटेक सीमेंट (1.77 प्रतिशत) और टेक महिंद्रा (1.75 प्रतिशत) भी मजबूत हुए। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, आईटीसी, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज लि. भी लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार में तेजी का अभाव रहा और यह मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। शुरुआती गिरावट के बाद बाजार सीमित दायरे में रहा। उन्होंने कहा, अब सबकी निगाह नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) शिखर सम्मेलन पर है। इससे बाजार को लंबे समय से जारी रूस-यूक्रेन तनाव को लेकर को एक दिशा मिल सकती है। जो भी संकेतक हैं, वे सूचकांक में मजबूती के हैं। हालांकि, बैंक शेयरों के बेहतर प्रदर्शन के अभाव में धारणा प्रभावित हो रही है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.30 प्रतिशत उछलकर 122 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध लिवाल बने हुए हैं और उन्होंने बुधवार को 481.33 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## हिसाशी ताकेयूची होंगे मारुति के नए प्रबंध निदेशक व सीईओ

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने हिसाशी ताकेयूची को अपना नया प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। एमएसआई ने बयान में कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक में ताकेयूची की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। वह एक अप्रैल, 2022 से पद संभालेंगे। कंपनी के मौजूदा प्रमुख केनिची आयुकावा का कार्यकाल 31 मार्च, 2022 को पूरा हो रहा है। आयुकावा के स्थान पर ताकेयूची इस दिग्गज वाहन निर्माता कंपनी की कमान संभालेंगे। हालांकि, आयुकावा सितंबर के अंत तक कार्यकारी वाइस चेयरमैन के रूप में कंपनी के साथ पूर्णकालिक निदेशक के तौर पर जुड़े रहेंगे। कंपनी ने कहा कि आयुकावा का मार्गदर्शन भविष्य में भी उसे मिलता रहेगा। ताकेयूची की नियुक्ति पर अभी शेयरधारकों की मंजूरी ली जानी है। ताकेयूची वर्ष 1986 में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी) के साथ जुड़े थे। वह जुलाई, 2019 से ही एमएसआई के निदेशक मंडल का हिस्सा थे और अप्रैल, 2021 से संयुक्त प्रबंध निदेशक के तौर पर काम कर रहे थे।

## नेपाल एयरलाइंस कॉरपोरेशन 27 मार्च से मुंबई-काठमांडू उड़ान फिर शुरू करेगी

**मुंबई।** नेपाल एयरलाइंस कॉरपोरेशन (एनएसी) 27 मार्च से अपनी मुंबई-काठमांडू उड़ान फिर शुरू करने जा रही है। कोविड-19 महामारी की वजह अंतरराष्ट्रीय उड़ानें करीब दो साल से बंद रहने के बाद अब फिर शुरू होने जा रही हैं। भारत सरकार ने 27 मार्च से अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर शुरू करने की अनुमति दी है। इसके बाद नेपाल की राष्ट्रीय एयरलाइन ने मुंबई से अपनी सेवाओं को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। एक बयान में कहा गया है कि एएनसी मुंबई-काठमांडू मार्ग पर एयरबस-320 के साथ रविवार, बुधवार और शुक्रवार को सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करेगी।

**सूचना**

C-801 वृंदा सिटी फ्लेट ग्रेटर नोएडा जो कि अक्टूबर 2021 में श्री हसीब गफ्फार निवासी आगरा को सेल कर दिया गया था। उक्त फ्लेट के सभी ओरिजनल पेपर्स, शेयर सर्टिफिकेट, पोजेशन लेटर, अलॉटमेंट लेटर, पेमेंट रिसीप्ट का पूरा बंच नोएडा में कहीं मिस्प्लेस हो गया है। किसी को प्राप्त हो तो फोन नंबर 9899049982 पर सूचित करें। तबस्सुम जीमल

**LOST**

We, M/s Amba Warehousing Private Limited having its Registered Office at D-14, 2nd Floor, Preet Vihar, Delhi-110092 are the owner of Shop No. G-15, G-16, G-17, G-18 and G-19 situated at Pocket-7, Sector-12, Dwarka, Delhi-110075. Original Property Documents of these shops i.e. Registered Power of Attorney and Agreement to sell are lost/misplaced. If any person(s) who finds it is requested to kindly contact Mobile 9266666464.

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Ratnesh Kumar**, who is purchasing **Residential Plot of land area measuring 40 sq. yards out of Khasra No. 1069MIN, Situated at Chaman Vihar, in the Village of Loni, Pargana Loni, Tehsil & Dist. Ghaziabad, (U.P.)from Mrs. Narayani Awasthi** W/o Mr. Arun Awasthi, who is the owner of subject property through **Sale Deed Dated 14.07.2011** executed by Mrs. Premlata Dube W/o **Mr. Shyam Sundar Dube** in favour of Mrs. Narayani Awasthi W/o Mr. Arun Awasthi, Vide Doc. No.16506, and same to be financed & mortgaged by **Roha Housing Finance Pvt. Ltd.** However, Original Sale Deed Dated 28.02.2007 executed by **Mr. Narendra Singh** S/o Late Mr. Sheeshram in favour of **Mrs. Premlata Dube** W/o Mr. Shyam Sundar Dube, Vide Doc. No.4667 has been lost and not available and an FIR has lodged on dated 24.03.2022 with LR No. 247410/2022 for loss of document. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
**Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301 Contact # 0120-4130438**

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Pawan Kumar & Mr. Ishwar Dass have acquired the Property bearing no. 1496, area measuring 80 sq.yds. situated in the colony known as Tri Nagar, Gali no. 106, in the area and revenue estate Tirhaya Behram Khan, Delhi state, Delhi on POA basis vide registered Irrevocable GPA dated 14.03.1992 & ATS & Will dated 13.02.1992, executed by Mrs. Naro Devi, and Now, Mr. Pawan Kumar & Mr. Ishwar Dass are intending to sell the above said property to Mr. Sarthak Gupta vide Sale Deed. Further Mr. Sarthak Gupta is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**LOST & FOUND**

मैं आलोक पांडे पुत्र-स्वर्गीय पी एन पांडे निवासी-ए 12 मानवस्थली अपार्टमेंट वसुंधरा एनक्लेव दिल्ली-110096, यह घोषणा करता हूं कि ऊपर लिखित पत्ते के मेरे अलॉटमेंट लेटर और पजेशन लेटर कहीं गुम हो गए हैं यदि किसी को मिले तो कृपया ऊपरलिखित पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

PD(9156)A

**CHANGE OF NAME**

I, Aishwarye Ahluwalia, S/o Sh. Gurdeep Kumar R/o DA-95B, DDA LIG Flats, Hari Nagar, New Delhi-110064, have changed my name from Aishwarye Walia to Aishwarye Ahluwalia. In future my name will be treated as Aishwarye Ahluwalia.

PD(9166)C

## सीएनजी और पीएनजी के दाम में भी एक रुपए की बढ़ोतरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**पेट्रोल,** डीजल और एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद बृहस्पतिवार को दिल्ली में सीएनजी और पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस पीएनजी की कीमतें भी एक रुपए तक बढ़ा दी गईं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सीएनजी की कीमत अब 59.01 रुपए प्रति किलो हो गई है। इस महीने में सीएनजी की कीमत में तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले दोनों बार सीएनजी की कीमत में 50-50 पैसे प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई थी। दिल्ली में सीएनजी की खुदरा बिक्री करने के साथ पीएनजी की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने अपनी वेबसाइट पर नई दरों की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक गैस की कीमतों में हुई वृद्धि की वजह से यह बढ़ोतरी की गई है।

इस साल में अब तक सीएनजी के दाम 5.50 रुपए प्रति किलो तक बढ़ चुके हैं। कीमतों में नई बढ़ोतरी के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी 61.58 रुपए प्रति किलो हो गई है जबकि गुरुग्राम में इसका भाव 67.37 रुपए प्रति किलो हो गया है। इसके साथ ही आईजीएल ने दिल्ली में पीएनजी के दाम भी एक रुपए प्रति घन मीटर तक बढ़ा दिए। अब पीएनजी 36.61 रुपए प्रति घन मीटर के भाव पर मिलेगी। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में पीएनजी की कीमत 35.86 रुपए प्रति घन मीटर हो गई है जबकि गुरुग्राम में इसका भाव 34.81 रुपए प्रति इकाई होगा। कीमतों में यह अंतर हर शहर में अलग-अलग लगने वाले वैट शुल्कों के कारण होता है।

## ओएनजीसी के कुओं में कम पानी डालने से हुआ 11,276 करोड़ रुपए का नुकसान: कैग

**भाषा।** नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी द्वारा अपने पश्चिमी अपतटीय क्षेत्रों के कुओं में अपेक्षा की तुलना में कम पानी डालने की वजह से देश को पिछले चार साल में 11,276 करोड़ रुपए मूल्य के 38 लाख टन कच्चे तेल का नुकसान हुआ है। देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने यह कहा। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के मुंबई हाई, नीलम और हीरा क्षेत्रों से उत्पादन कम हो रहा है। ऐसे में बचे हुए तेल को ऊपर लाने के लिए कुओं में उच्च दबाव के साथ पानी डाला जाता है। कैग की संसद में बृहस्पतिवार को पेश रिपोर्ट में कहा गया है, कुओं में पर्याप्त पानी नहीं डाला गया।

रिपोर्ट के अनुसार, उपयोग किए जाने वाले बुनियादी ढांचे के पुराना पड़ने, पाइपलाइन से लगातार रिसाव, व्यवहार्यता रिपोर्ट की बातों का क्रियान्वयन नहीं होने की वजह से कुओं में पानी जरूरत से कम डाला गया। इससे जलाशयों में दबाव कम हुआ और कच्चे तेल के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा। कैग ने कहा, जरूरत से कम पानी डालने से ओएनजीसी को लेखा अवधि (2014-15 से 2018-19) के दौरान 7,802.50 करोड़ रुपए मूल्य के कच्चे तेल के उत्पादन का नुकसान हुआ। इससे भारत सरकार को सांविधिक शुल्कों के रूप में राजस्व में 3,474.29 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कैग ने कहा कि इस नुकसान को उत्पादन टलना नहीं कहा जा सकता। यह कच्चे तेल का स्थाई नुकसान है। इसके अलावा इस तेल के थोड़े हिस्से के दोहन के लिए भी अतिरिक्त निवेश की जरूरत होगी। इसके लिए आर्थिक नजरिए से समीक्षा की भी आवश्यकता है।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स डोलर रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड/ झूमा चौधरी/ खाता नंबर- 084305000298 | फ्लैट नंबर 654 पॉकेट 13 एलआईजी डीडीए फ्लैट मंगला पुरी बस स्टैंड द्वारका नई दिल्ली 110075/ 23 मार्च, 2022 | सितम्बर 30, 2021 ₹ 73,18,045/- | नई दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 25, 2022
स्थान: दिल्ली /एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# तकनीक से टिकाऊ बनेगा डेयरी सेक्टर

**किशोर इंदुकुरी लिखते हैं, वर्तमान स्टार्ट-अप और प्रौद्योगिकी क्रांति को आधुनिकीकरण को अनुकूलित करने के लिए संकल्प को बदलने की आवश्यकता होगी और इस प्रकार देश में दूसरी श्वेत क्रांति को प्राप्त करने की दिशा में नैनो-कदमों को आगे बढ़ाना होगा।**



कोविड के बाद के समय में डेयरी क्षेत्र मांग में गिरावट, मवेशियों के रखरखाव की उच्च लागत और मांग के बदलते पैटर्न जैसी चुनौतियों का सामना करने के बाद जीवन में वापस आने के बारे में है। भले ही यह किसानों, विशेष रूप से छोटे और सीमांत लोगों के लिए एक कठिन समय रहा है, जिनके पास सीमित संख्या में दुधारू पशु हैं, महामारी ने डेयरी क्षेत्र के बहुत आवश्यक डिजिटलीकरण पर भी कार्रवाई की है।

जैसे-जैसे शुरुआती कठिनाइयां कम हुईं, भारतीय डेयरी क्षेत्र को वास्तव में मांग में अभूतपूर्व वृद्धि का सामना करना पड़ा, जो सहनशक्ति और प्रतिरक्षा के निर्माण में दूध के महत्व को देखते हुए था। इसके अलावा, चूंकि कोविड के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई थी, डेयरी क्षेत्र ने वास्तव में छोटे किसानों की मांग में वृद्धि देखी, जो बिना किसी बाधा के स्थानीय रूप से आपूर्ति कर सकते थे। बढ़ती मांग और लंबी दूरी के परिवहन के मुद्दों ने स्थानीय डेयरियों के महत्व को आगे बढ़ाया।

## डेयरी क्षेत्र को स्मार्ट बनाने की तकनीक

दूध की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए इस क्षेत्र को जमीनी स्तर से सतत विकास के लिए दूध और दूध उत्पादों की उपभोक्ता मांग के पैटर्न में बदलाव की आवश्यकता होगी। इसके लिए सूक्ष्म-वित्त, मवेशियों के लिए स्वास्थ्य ट्रैकिंग उपकरण, बड़े खेत और मुक्त श्रेणी के मवेशियों के लिए मवेशी निगरानी ड्रोन, प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्राहकों के लिए उत्पाद पता लगाने की क्षमता और ऐसे कई तकनीकी हस्तक्षेपों की आवश्यकता होगी। मांग और अन्य मापदंडों में बदलाव को बनाए रखने के लिए डेयरी फार्मिंग को स्मार्ट बनने की जरूरत है।

एक आर्थिक सर्वेक्षण का अनुमान है कि पिछले छह से सात वर्षों में, भारत की दूध उत्पादन क्षमता 2019-2020 में 35.61 प्रतिशत बढ़कर 198.4 मिलियन टन हो गई है, जो 2018-19 की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत अधिक है। इस बीच, डेयरी और पशुपालन का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4.2 प्रतिशत योगदान करने का अनुमान है। लेकिन फिर भी जब मांग 6 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है तो आपूर्ति 4 प्रतिशत की दर से ही बढ़ रही है। आपूर्ति में अंतर वह है जो एडिटिव्स और दूध में मिलावट का कारण बन रहा है। और यह साबित हो गया है कि बेहतर आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और दूध की ताजगी का पता लगाने की क्षमता के साथ तकनीकी हस्तक्षेप उत्पाद पर विश्वास बनाने में मदद करेगा।

महामारी ने संकट को डेयरी किसानों के लिए एक अवसर में बदल दिया है और सही हस्तक्षेप इस क्षेत्र को सीमित निर्यात बाजार, असंरचित बाजार और उत्पादन का हिस्सा होने के साथ-साथ उत्पादों के साथ अधिक मानवीय संपर्क जैसी अपनी कमियों को दूर करने में मदद कर सकता है। हालाँकि, जैसा कि पहले बताया गया है, अधिकांश डेयरी किसान सीमांत हैं - इसलिए प्रौद्योगिकी परिचय को बढ़ावा देने के लिए, इस क्षेत्र को संरचनात्मक परिवर्तनों की भी आवश्यकता है जैसे सहकारी समितियों को आपूर्ति बिंदुओं से परे मजबूत करना और उन्हें साझा प्रौद्योगिकी स्रोत भी बनाना,

## डेयरी सहकारी समितियां बनें टेक हब

पिछले 20 वर्षों में निजी डेयरियों द्वारा बनाई गई क्षमता 30 वर्षों में सहकारी समितियों द्वारा स्थापित क्षमता से अधिक है। हालांकि, अधिकांश किसानों की सूक्ष्म प्रकृति को देखते हुए, भारतीय आंतरिक और ग्रामीण किसान अभी भी असंगठित हैं और तकनीकी हस्तक्षेप की सख्त जरूरत है। डेयरी-टेक स्टार्ट-अप का प्रसार, भारतीय डेयरी क्षेत्र का चेहरा धीरे-धीरे लेकिन लगातार बदल रहा है।

इन प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए प्रौद्योगिकी अनुकूलन और प्रशिक्षण के जोखिम को सहयोग के माध्यम से निपटाया जाना चाहिए - इस मामले में सहकारी समितियां, जिनका उपयोग प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण को सक्षम करने के लिए हब और स्पोक मॉडल की तरह किया जा सकता है। आपूर्ति पक्ष में भी, जैसा कि ऑनलाइन ऑर्डरिंग अधिक प्रचलित है, स्वतंत्र माइक्रो प्लेटफॉर्म बनाने की कोशिश करने की तुलना में सामान्य प्लेटफॉर्म के माध्यम से आपूर्ति को पंजीकृत करना अधिक फायदेमंद है।

आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग अनिवार्य रूप से सहकारी समितियों के माध्यम से एक सामान्य बिक्री बिंदु साझा करने के मुद्दों को दूर कर देगा। प्रौद्योगिकी, ऑर्डर प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला की साझा लागत से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को काफी मदद मिलेगी। अकेले चुनौतियों का सामना करने की कोशिश करने के बजाय, एकीकृत स्रोत के माध्यम से मवेशियों की भलाई की देखभाल करना हमेशा आसान होता है। सहकारी समितियां मवेशियों के बीच रोग प्रबंधन के लिए जैव प्रौद्योगिकी प्रगति को अपना सकती हैं या प्रबंधन के एक बिंदु से पशुधन, प्रजनन कार्यक्रमों और मवेशियों की भलाई के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स का उपयोग कर सकती हैं।

प्रौद्योगिकी का निर्बाध रूप से उपयोग तभी किया जा सकता है जब इसका उपयोग एक बड़ी आबादी के लिए किया जा सके। यह न केवल इन प्रौद्योगिकियों की कीमत को बहुत कम और सस्ती लागत में बदलने में मदद करता है, बल्कि मवेशियों के प्रबंधन या दूध आपूर्ति श्रृंखला में मानवीय हस्तक्षेप को भी कम करता है।

## तकनीकी नेतृत्व वाली डेयरी अर्थव्यवस्था कैसी दिखेगी

निजी फार्मों या आधुनिक सहकारी समितियों में उन्नत हाई-टेक सेटअप अनिवार्य रूप से भारतीय डेयरी बाजार के निर्यात आधारित विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के पूर्वानुमान के अनुसार, 2021 में डेयरी उत्पादों में विश्व व्यापार 88 मिलियन टन था, जिसमें भारत का 2020-21 में लगभग 1.18 लाख टन के वार्षिक डेयरी उत्पादों के निर्यात के साथ एक छोटा हिस्सा था। निर्यात बाजार के विकास के अलावा, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अनुसार, भारत में दूध और दूध उत्पादों की मांग 2030 तक 266.5 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ जाएगी।

> चूंकि सहकारी समितियां और फिनटेक स्टार्टअप वित्तीय संकट को कम करते हैं, इसलिए किसानों को उपलब्ध तकनीकों को अपनाने और स्मार्ट बनने में मदद करने के लिए प्रयास करना होगा। 2024 तक लगभग 300 मिलियन टन दूध का उत्पादन करने की भारत की मेगा योजना को हासिल करने के लिए बाजार संपर्क, वित्तीय योजना और नीतिगत प्रयास की जरूरत होगी।

साझा मंचों के माध्यम से, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं की किसानों तक सीधी पहुंच होगी और वे अनुकूलित सेवाएं प्रदान करेंगे। किसान उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम होंगे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ती है, डेयरी उत्पादों के लिए मानक निर्धारित करना बहुत आसान हो जाएगा, इस प्रकार धीरे-धीरे मिलावट की समस्या दूर हो जाएगी। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने पहले ही देश भर में दूध और डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए एक एकीकृत प्रणाली जारी की है। कामधेनु गाय का एकीकृत लोगो - प्रमाणित गुणवत्ता की मुहर, दूध की गुणवत्ता में एकरूपता लाने और एंड-टू-एंड दूध मूल्य-श्रृंखला को प्रमाणित करने के लिए भारत का पहला कदम है। इस कदम से न केवल डेयरी उपभोक्ताओं को बल्कि दूध को भी लाभ होगा। उत्पादक जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक अधिक पहुंच प्राप्त करना चाहते हैं। गुणवत्ता से घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में बेहतर मूल्य प्राप्ति भी होगी।

महामारी ने स्थापित कर दिया है कि विकास हर क्षेत्र के लिए तकनीक को अपनाने के अनुपात में है, और कहानी डेयरी क्षेत्र के लिए अलग नहीं होने वाली है। पहले से ही, बाजार में तकनीकी हस्तक्षेप हैं जैसे कि एआई सक्षम कॉलर गोजातीय के गर्भावस्था चक्र का अध्ययन करने के लिए; एक स्मार्ट क्लाउड आधारित समाधान जो मवेशियों के स्वास्थ्य, दूध उत्पादन, दूध की खरीद, दूध परीक्षण और कोल्ड चेन प्रबंधन को डिजिटाइज करता है; और डेयरी प्रोसेसर और सहकारी समितियों के लिए प्रत्यक्ष भुगतान मंच।

इनके साथ, पशु निगरानी ड्रोन, अच्छी तरह से प्रशीतित आपूर्ति श्रृंखला और वास्तविक समय पर दूध की ताजगी की जांच करने के तरीके जैसे तंत्र जो गुणवत्ता आश्वासन को सक्षम करते हैं, और भारत दूध उत्पादन और निर्यात के लिए एक बिजलीघर बन सकता है। भारतीय डेयरी आपूर्ति श्रृंखला एक जटिल भूगोल है जिसे संयंत्र से उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए आवश्यक परिवहन की मात्रा दी जाती है। चूंकि यह सही पैकेजिंग, पारित होने के दौरान भंडारण तापमान, कोल्ड चेन की उपलब्धता, मौसम, उत्पाद की खराब होने की क्षमता, अंतिम मील कवरेज जैसे कई कारकों का एक कार्य है - विशेष रूप से दूध आपूर्ति श्रृंखला को डिजिटल बनाना एक कठिन काम है। चुनौतीपूर्ण भूगोल जो भारत के पास है। हालांकि, कई आपूर्ति श्रृंखला स्टार्टअप ने वास्तव में इस अंतर को पाटने की चुनौती ली है, इस प्रकार डेयरी किसानों और उनकी लाभप्रदता के लिए बड़ी संभावनाएं खोली हैं।

डेयरी प्रबंधन का एक अन्य हिस्सा गोजातीय को उचित पोषण खिला रहा है। ऐसी तकनीकी सफलताएं हैं जो गुणवत्ता जांच प्रदान करने और साथ ही साथ भोजन का प्रबंधन करने में सक्षम हैं। ऐसी कई फ़ीड प्रौद्योगिकियां हैं जो आज तैयार किए गए फ़ीड एडिटिव्स और सप्लीमेंट्स का उत्पादन करती हैं, जो पूरे वर्ष इष्टतम दूध उत्पादन को सक्षम बनाती हैं। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) ने विशेष रूप से उपचारित प्रोटीन सप्लीमेंट का उत्पादन करने के लिए बाईपास प्रोटीन तकनीक विकसित की है जो दूध की उपज और गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करती है।

## किसानों को जोड़ना-परंपरा को कैसे बदला जाए

इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के अनुसार, डेयरी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली प्रौद्योगिकियों के बावजूद, लगभग 20 प्रतिशत डेयरी किसान दूध के संगठित उत्पादन में शामिल हैं। उद्योग की इस असंगठित स्थिति को देखते हुए, उत्पादन के पैमाने में अभी भी कमी है और अधिकांश डेयरी किसानों के पास अभी भी प्रौद्योगिकी को लागू करने के लिए वित्तीय साधनों, पहुंच और विशेषज्ञता की कमी है। चूंकि सहकारी समितियां और फिनटेक स्टार्टअप वित्तीय संकट को कम करते हैं, इसलिए किसानों को उपलब्ध तकनीकों को अपनाने और स्मार्ट बनने में मदद करने के लिए प्रयास करना होगा। 2024 तक लगभग 300 मिलियन टन दूध का उत्पादन करने की भारत की मेगा योजना को हासिल करने के लिए बाजार संपर्क, वित्तीय योजना और नीतिगत धक्का की आवश्यकता होगी।

बी2बी मार्केटप्लेस ने किसानों को सलाह देना शुरू कर दिया है और स्मार्टफोन के माध्यम से किसानों को आधुनिक उपकरण और सलाहकार सेवाएं उनके घर-द्वार पर उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर बी2सी प्लेटफॉर्म भी तेजी से उभरे हैं, जो खेतों से ताजा उपज लेने और खुदरा ग्राहकों, होटलों, रेस्तरां और कैफे के दरवाजे पर पहुंचाने के लिए सेवाएं प्रदान करते हैं।

प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप और उन तक पहुंचने में मदद का भारत में डेयरी किसानों पर पर्याप्त सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। वर्तमान स्टार्ट-अप और प्रौद्योगिकी क्रांति को आधुनिकीकरण को अनुकूलित करने के लिए संकल्प को बदलने की आवश्यकता होगी और इस प्रकार देश में दूसरी श्वेत क्रांति प्राप्त करने की दिशा में नैनो-कदमों को आगे बढ़ाना होगा।

(लेखक मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय के आईआईटीयन और पूर्व छात्र हैं। वह सिड के फार्म प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक हैं)

# धोनी ने सौंपी जडेजा को सीएसके की कमान

भाषा। मुंबई



**चेन्नई सुपर किंग्स** (सीएसके) की 12 सत्र तक अगुवाई करने, उसे चार खिताब दिलाने और पांच बार उप विजेता बनाने के बाद दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी ने शनिवार से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले गुरुवार को इस फ्रेंचाइजी की कप्तानी अपने विश्वसनीय रविंद्र जडेजा को सौंप दी।

सीएसके ने अपने संक्षिप्त बयान में कहा कि 40 वर्षीय धोनी इस सत्र में और आगे भी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। धोनी 2008 में टूर्नामेंट की शुरुआत से ही सीएसके के कप्तान रहे। इस बीच केवल दो साल उन्होंने सीएसके की अगुवाई नहीं की क्योंकि तब स्पॉट फिक्सिंग मामले के कारण टीम पर दो साल का प्रतिबंध लगा था। सीएसके ने यहां जारी बयान में कहा, महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी किसी अन्य खिलाड़ी को सौंपने का फैसला किया है और उन्होंने टीम का नेतृत्व करने के लिए रविंद्र जडेजा को चुना है। जडेजा 2012 से चेन्नई सुपर किंग्स का अभिन्न अंग रहे हैं और वह सीएसके का नेतृत्व करने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी होंगे। फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा, धोनी इस सत्र में और उसके बाद भी चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। पंद्रह अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले धोनी की अगुवाई में सीएसके ने पिछले साल अपना चौथा खिताब जीता था। सीएसके शनिवार को यहां अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना करेगा। सीएसके कप्तानी इससे पहले धोनी के अलावा सुरेश रैना ने की है। जडेजा उसके तीसरे कप्तान होंगे। जडेजा ने सीएसके ट्विटर हैंडल पर जारी वीडियो में कहा, अच्छा लग रहा है लेकिन मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी।

उन्होंने कहा, माही भाई ने एक विरासत स्थापित की है और हमें इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। उम्मीद है कि मैं इसमें सफल रहूंगा। मुझे ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह यहां मेरे साथ ही रहेंगे और मुझे जब भी जरूरत पड़ेगी मैं निश्चित रूप से उनके पास जाऊंगा। विश्व कप विजेता कप्तान धोनी ने चाहे कप्तानी छोड़ने की बात हो या संन्यास लेने की, हमेशा अपने मन की बात सुनी। उन्होंने 2014 में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला के बीच में टेस्ट कप्तानी छोड़ने के साथ लंबे प्रारूप से भी संन्यास ले लिया था और जब विराट कोहली सभी प्रारूपों में देश की अगुवाई करने के लिए तैयार हुए तो उन्होंने 2017 में उनके लिए जगह खाली कर दी थी। यह प्रेरणादाई कप्तान हालांकि अनुठी शैली में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी आईपीएल में खेलता रहा और इसलिए उनका सीएसके की कप्तानी जडेजा को सौंपना चौंकाने वाला फैसला नहीं है। धोनी जानते थे कि वह हमेशा टीम की कमान नहीं संभाल सकते हैं और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे जडेजा कमान संभालने के लिए तैयार हैं। सीएसके ने जडेजा के अलावा धोनी, मोईन अली और रुतुराज गायकवाड़ को अपनी टीम में रिटेन किया था। धोनी की घोषणा से सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन भी हैरान थे लेकिन उन्होंने कहा, यदि धोनी ने फैसला किया है तो यह टीम के सर्वश्रेष्ठ हित में होगा। विश्वनाथन ने कहा, देखिए धोनी जो भी फैसला लेते हैं वह टीम के हित में होता है। इसलिए हमारे लिए चिंता की कोई बात नहीं है। हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं। वह हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने कहा, वह हमारे लिए मार्गदर्शक रहे हैं और मार्गदर्शक बने रहेंगे। विश्वनाथन से पूछा गया कि क्या 2022 धोनी का अंतिम सत्र होगा, उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह उनका आखिरी सत्र होगा। जब तक वह फिट हैं, हम चाहते हैं कि वह खेलें। मैं ऐसा चाहता हूं। मैं नहीं जानता कि वह क्या सोचते हैं। जडेजा को कप्तान बनाए जाने पर विश्वनाथन ने उम्मीद जताई कि इस ऑलराउंडर की अगुवाई में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। जड्डू (जडेजा) अच्छा करेगा। वह संभवत: अभी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। वह निश्चित तौर पर धोनी के मार्गदर्शन में अच्छा प्रदर्शन करेगा। जड्डू 10 साल से हमारे साथ है और वह टीम संस्कृति को अच्छी तरह समझता है। यह कहा जा सकता है कि सीएसके ने जो मुकाम हासिल किया वह करिश्माई धोनी के बिना असंभव था। यहां तक सीएसके के निलंबन के समय 2016 और 2017 में जब वह पुणे सुपरजायंट के साथ थे तब भी उनका दिल चेन्नई के लिए धड़क रहा था। धोनी ने 2016 के सत्र से पहले कहा था, मैं झूठ बोलूंगा यदि मैं कहता हूं कि मैं आगे निकल चुका हूं। मै यह नहीं कह सकता कि मैं एक नई टीम के लिए खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं और अगर मैं पिछले आठ साल का प्यार और स्नेह के लिए सीएसके और चेन्नई के लोगों को श्रेय नहीं देता हूं तो यह गलत होगा। सीएसके ने इसके बाद 2018 में वापसी की और धोनी की अगुवाई में उसने तीसरा खिताब जीता। मुंबई इंडियन्स भले ही खिताब के मामले में आईपीएल की सबसे सफल टीम हो लेकिन वह सीएसके की तरह लगातार प्लेऑफ में नहीं पहुंची है। धोनी की अगुवाई में सीएसके ने आईपीएल में 204 मैच खेले जिसमें से उसने रिकार्ड 121 मैचों में जीत दर्ज की।

## इस बार भी टाइमिंग में रहे परफेक्ट

**नई दिल्ली।** अगर चेन्नई सुपर किंग्स एक फिल्म है तो एमएस धोनी इसके पटकथा लेखक, निर्देशक और मुख्य नायक हैं जिसमें एन श्रीनिवासन एक शानदार निर्माता होंगे जिन्हें अपने इस धुरंधर पर पूरा भरोसा है। लेकिन 14 वर्षों के बाद पहली बार धोनी के साथ कप्तान शब्द नहीं जुड़ा होगा जिन्होंने नेतृत्वकर्ता की जिम्मेदारी छोड़ दी है जबकि कप्तानी उनकी पहचान का एक अभिन्न हिस्सा बन गई थी। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने मीडिया में कहा कि यह धोनी का फैसला था और सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। कप्तानी के पद को अंतिम बार छोड़ने का समय इससे बेहतर नहीं हो सकता था और शायद अब से एक दशक बाद दो युग होंगे – बीडी (बिफोर धोनी) और एडी (आफ्टर धोनी) – धोनी से पहले और धोनी के बाद। सार्वजनिक मौके पर केवल एक बार ही धोनी की आंखे नम दिखी थीं और वो 2018 में सीएसके की आईपीएल में वापसी के दौरान थी। वह भावुक हो गए थे और टीम के साथ उनका जुड़ाव साफ देखा जा सकता था। वह चेन्नई के थाला हैं जो कभी भी गलत नहीं होता। वह टीम का ऐसा कप्तान है जिसे कभी हराया नहीं जा सकता और इसके पीछे कारण भी है क्योंकि कोई भी फ्रेंचाइजी 12 चरण में नौ बार आईपीएल के फाइनल तक नहीं पहुंची है (इसमें दो साल टीम को निलंबित भी किया गया था)।

धोनी की कप्तानी दो चीजों पर आधारित रही – व्यावहारिक ज्ञान और स्वाभाविक प्रवृति। व्यावारिक समझ यह कि कभी भी टी20 क्रिकेट के मैचों को पेचीदा नहीं बनाना। स्वाभाविक प्रवृति में इस बात की स्पष्टता कि कौन खिलाड़ी कुछ विशेष भूमिका निभा सकता है और वह उनसे क्या कराना चाहते हैं। धोनी ने कभी भी आंकड़ों, लंबी टीम बैठकों और अन्य लुभावनी रणनीतियों पर भरोसा नहीं किया। इसलिए उन्होंने आजमाए हुए भरोसेमंद अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर विश्वास दिखाया और खुद ही कुछ घरेलू खिलाड़ियों को तैयार भी किया। इनमें ड्वेन ब्रावो, फाफ डु प्लेसी हो या फिर जोश हेजलवुड या फिर सुरेश रैना, अंबाती रायुडू, रविंद्र जडेजा और रूतुराज गायकवाड़ शामिल हो। उन्हें विभिन्न भूमिकाओं के आधार पर चुना गया जिसमें वे साल दर साल प्रदर्शन करते रहें। धोनी अगर लीग में कप्तानी के लिए तैयार रहते तो भी सीएसके प्रबंधन (विशेषकर एन श्रीनिवासन) को कोई दिक्कत नहीं होती जो उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को लेकर भी चिंतित नहीं है जो पिछले छह वर्षों में फीकी हो रही है। लेकिन धोनी के लिए सीएसके के हित से ज्यादा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है और यह फैसला भावना में बहकर नहीं बल्कि व्यावहारिक चीजों को देखकर लिया गया है। कप्तानी भले ही रविंद्र जडेजा को सौंप दी गई है जिन्होंने रणजी ट्राफी में कभी भी सौराष्ट्र की कप्तानी नहीं की है। लेकिन धोनी ने कप्तानी का पद छोड़ा है, पर नेतृत्वकर्ता की भूमिका नहीं। जडेजा भले ही पद संभालें लेकिन जिम्मेदारी झारखंड के इस अनुभवी धुरंधर के हाथों में ही होगी। धोनी को शायद महसूस हुआ होगा कि वह इस बार सभी मैच नहीं खेल पाएंगे, इसलिए उन्होंने लीग शुरू होने से दो दिन पहले यह फैसला किया।

## आईपीएल आगे बढ़ने के साथ पिचें धीमी होती जाएंगी : मिशेल

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के आल राउंडर डेरिल मिशेल को लगता है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सभी टीमों के लिए पिचों के अनुसार खुद को ढालना अहम होगा क्योंकि जैसे जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, पिचें धीमी होती चली जाएंगी। अपने पहले आईपीएल सत्र में प्रभाव छोड़ने की उम्मीद लगाने वाले मिशेल ने कहा, मुझे लगता है कि जैसे जैसे लीग चरण खत्म होगा, पिचें निश्चित रूप से धीमी होंगी। बतौर टीम हमारे लिए अनुकूलित होना और उस पिच पर सही मानसिकता के साथ खेलना अहम होगा।

## आईपीएल की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, मुंबई पुलिस ने कहा

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने कहा कि वह इस हफ्ते के अंत में शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैयार है। मुंबई पुलिस ने गुरूवार को आधिकारिक विज्ञप्ति में यह बात कही। इसमें कहा गया कि 26 मार्च से दक्षिण मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाले क्रिकेट के इस टूर्नामेंट को किसी आंतकी खतरे के बारे में कोई खुफिया जानकारी नहीं मिली है।

## मोईन को वीजा मिला, सीएसके के दूसरे मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के स्टार आलराउंडर मोईन अली को भारत का वीजा मिल गया है और वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के दूसरे मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। फ्रेंचाइजी के सीईओ कासी विश्वनाथन ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के नए सत्र की शुरूआत न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ करेगी जिसकी घोषणा विश्व संचालन संस्था ने चौथे चरण का कार्यक्रम जारी करने के साथ की। भारत इस साल के अंत में 28 अक्टूबर और छह नवंबर के बीच टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबलों में न्यूजीलैंड और स्पेन की मेजबानी करेगा।

## राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा जारी रखें युवा खिलाड़ी : स्टिमक

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने बहरीन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले रोशन सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा जारी रखनी चाहिए। बहरीन ने बुधवार की रात को खेला गया यह मैच 2-1 से जीता। भारत ने पहले हॉफ में गोल गंवाने के बाद दूसरे हॉफ में बराबरी कर ली थी लेकिन बहरीन आखिरी क्षणों मे निर्णायक गोल करने में सफल रहा।स्टिमक ने मैच के बाद कहा, मै युवा रोशन सिंह के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। उसने दिखाया कि वह न केवल इंडियन सुपर लीग मे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भविष्य का भारतीय स्टार है।

## सौम्या और विदुला एआईटीए महिला टूर्नामेंट के एकल फाइनल में

**चेन्नई।** शीर्ष वरीय सौम्या विज यहां चल रहे सीटीसी-एआईटीए महिला टेनिस टूर्नामेंट 2022 के एकल फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त विदुला रेड्डी से भिड़ेंगी। गुरूवार को सेमीफाइनल मे गुजरात की खिलाड़ी सौम्या ने आंध्र की चौथी वरीय चंदना पोटुगारी को 6-2 6-3 से पराजित किया। विदुला ने तमिलनाडु की दूसरी वरीय जनानी रमेश को 4-6 6-4 6-3 से हराकर उलटफेर करते हुए फाइनल मे प्रवेश किया।

## ओलंपिक पदक विजेता बजरंग तोक्यो खेलों के बाद से बिना फिजियो के

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया को अपनी चोटो से तेजी से उबरने के लिए किसी फिजियो की सेवाएं नही मिल रही है। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ने फिजियो की सेवाएं लेने के लिए पिछले कुछ महीनों में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई), खेल एनजीओ जेएसडब्ल्यू और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के दरवाजे खटखटाए लेकिन अभी तक अधिकारियो से उन्हे कोई जवाब नही मिला है। बजरंग का कहना है कि अगर उनके पास व्यक्तिगत फिजियोथेरेपिस्ट होता तो वह दो प्रतियोगिताओ मे खेल सकते थे जिसमे एक रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट था।

## अर्जुन और ललित ने बढ़त बनाई

नई दिल्ली। शीर्ष वरीय अर्जुन एरिगैसी और पूर्व राष्ट्रीय खिताब विजेता ललित बाबू एम आर ने गुरूवार को यहां 19वें दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर के बाद बढ़त बनाए रखी। अर्जुन ने कुशाग्र जैन को हराकर लगातर चौथी जीत दर्ज की। ललित ने एकतरफा बाजी मे पदमेश को पराजित किया। इससे ललित और अर्जुन सहित सात खिलाड़ी बढ़त बनाए हुए है, जिनमें विसाख एन आर, इनियान पी, शाहिल डे, अजरबेजान के अजेर मिजोएव और ईरान के सेएद कियान पूरमोसावी शामिल है। सात खिलाड़ी पूरे चार अंक लेकर संयुक्त बढ़त बनाए है।

## कोहली का कप्तानी छोड़ने का फैसला समझदारी भरा

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विराट कोहली ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों की कप्तानी छोडकर समझदारी भरा फैसला किया, जिससे उनकी आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में खुद को बेहतर तरीके से पेश करने की राह आसान हो गई है। भारतीय कोच रहने के दौरान कोहली के नेतृत्व कौशल को करीब से जानने और समझने वाले शास्त्री को हालांकि लगता है कि यह 33 वर्षीय बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में कप्तान बने रह सकता था। शास्त्री ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि यह (कप्तानी छोड़ना) अप्रत्यक्ष तौर पर फायदेमंद हो सकता है। कप्तानी का दबाव उनके कंधों से उतर गया है। कप्तान से जो उम्मीदें की जाती हैं अब वे नहीं होंगी। अब वह खुद को अच्छी तरह से अभिव्यक्त कर सकते हैं, खुलकर खेल सकते हैं और मुझे लगता है कि वह ऐसा करना भी चाहेंगे। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, मेरा मानना है कि उन्होंने कप्तानी छोड़ने का समझदारी भरा फैसला किया। मुझे अच्छा लगता अगर वह भारत की टेस्ट टीम के कप्तान बने रहते लेकिन यह निजी पसंद है। कोहली ने आईपीएल 2021 के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तानी छोड़कर सबको चौंका दिया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे में भारत की।–2 से हार के बाद उन्होंने टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी थी जबकि इससे पहले उन्होंने पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 टीम की कप्तानी से त्यागपत्र दे दिया था। इसी के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया था। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने प्रदर्शन को लेकर चिंता न करे, क्योंकि उसने विश्व क्रिकेट में खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त काम किया है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करने की अपनी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा, खेल के तीनों प्रारूपों में एक टीम की कप्तानी करना आसान काम नहीं है, विशेषकर भारत की कप्तानी जहां आपसे बहुत अधिक उम्मीदें लगाई जाती हैं। भारतीय टीम के कप्तान के मुकाबले किसी अन्य टीम के कप्तान को कम दबाव झेलना पड़ता हैं।

## रामुद्री और धरमबीर ने एशियाई रिकॉर्ड बनाए, भारत को दो स्वर्ण

● दुबई पैरा एथलेटिक्स ग्रांप्री

भाषा। दुबई

**लंबी कूद** की भ ारतीय पैरा एथलीट सोमेश्वरा राव रामुद्री और भाला फेंक पैरा एथलीट मोहित ने गुरूवार को यहां 2022 विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री की अपनी व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। शुक्र वार को समाप्त होने वाली प्रतियोगिता में इस तरह भारतीय दल ने गुरूवार को छह पदक जीते और दो एशियाई रिकॉर्ड बनाए। इसमें रामुद्री का लंबी कूद पुरूष टी64 फाइनल और पैरालंपियन धरमबीर का चक्का व्हीलचेयर पुरूष एफ51 फाइनल का प्रयास शानदार रहा। दिन की अंतिम स्पर्धाओं में से एक में रामुद्री ने 6.40 मीटर की कूद लगाकर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और टी43,44,63,64 के संयुक्त फाइनल में लंबी कूद पुरूष टी64 में स्वर्ण पदक जीता। थाईलैंड के कांतिनान खुम्फोंग दूसरे और मलेशिया के एडी बर्नार्ड तीसरे स्थान पर रहे। पुरूषों के पुरूष फाइनल एफ44,46,63,64 फाइनल में मोहित ने पहले ही थ्रो में 54.71 मीटर की दूरी तय की जो उन्हें स्वर्ण पदक दिलाने के लिए काफी थी। कजाखस्तान के रूफात खाबीबुलीन ने रजत और नाइजीरिया के संडे एडेबा ओ ने कांस्य पदक जीता। वहीं पैरालंपियन धरमबीर ने चैम्पियनशिप में दूसरा रजत पदक जीता। इस बार उन्होंने चक्का व्हीलचेयर पुरूष फाइनल एफ51 में 10.93 मीटर की दूरी से दूसरा स्थान हासिल किया।

## गेंदबाजों और वायट ने दिलाई इंग्लैंड को पाक पर नौ विकेट से जीत

● महिला वनडे विश्व कप

भाषा। क्राइस्टचर्च

**गेंदबाजों के** उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज डैनी वायट की आक्रामक अर्धशतकीय पारी की मदद से मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने गुरुवार को यहां पाकिस्तान को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी। इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान को 41.5 ओवर में 105 रन पर ढेर कर दिया और फिर 19.2 ओवर में एक विकेट पर 107 रन बनाकर 184 गेंदें शेष रहते हुए जीत दर्ज की। गेंदबाजी का आगाज करने वाली ब्रंट (17 रन देकर तीन) और एक्लेस्टोन (18 रन देकर तीन) ने इंग्लैंड का पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित करते हुए पाकिस्तान को सस्ते में समेटने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद वायट ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की और 68 गेंदों पर नाबाद 76 रन बनाए जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उन्होंने कप्तान नाइट ( नाबाद 24) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन की अटूट साझेदारी की।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच रद्द होने से दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में

**वेलिंगटन।** दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ लीग चरण का मैच बारिश के कारण रद्द होने से आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल मे अपनी जगह सुरक्षित की। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को मैच रद्द होने से एक - एक अंक मिले। इससे दक्षिण अफ्रीका के छह मैचो मे नौ अंक हो गए है और वह आस्ट्रेलिया के बाद सेमीफाइनल मे जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन गई है। वेस्टइंडीज के लीग चरण के मैच समाप्त हो गए है और वह सात मैचों में सात अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैच मे केवल 10.5 ओवर का खेल हो पाया। दक्षिण अफ्रीका ने जब पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 61 रन बनाए थे, तभी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और इसके बाद आगे का खेल नही हो पाया।

## पाक की 351 रन के लक्ष्य के सामने अच्छी शुरुआत

भाषा। लाहौर



**पाकिस्तान के** सलामी बल्लेबाजों ने आस्ट्रेलिया के 351 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी टीम को गुरुवार को यहां दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत दिलाई जिससे तीसरा और निर्णायक टेस्ट मैच पांचवें और अंतिम दिन से पहले रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। पाकिस्तान ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 73 रन बनाए हैं तथा मैच और श्रृंखला जीतने के लिए पांचवें दिन उसे 278 रन की जरूरत होगी। स्टंप उखड़ने के समय इमाम उल हक 42 और अब्दुल्ला शफीक 27 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के नाबाद 104 रन की मदद से आस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 227 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। डेविड वार्नर ने लंच से एक ओवर पहले शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर बोल्ड होने से पहले 91 गेंदों पर 51 रन बनाए। वार्नर और ख्वाजा ने पहले विकेट के लिए 96 रन जोड़े। ख्वाजा ने इसके बाद मार्नस लाबुशेन (36) के साथ भी 65 रन की साझेदारी की।

## अमेरिका में तीसरा प्रो मुकाबला खेलेंगे भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा शुक्रवार को फ्लोरिडा के प्लांट सिटी में लाइटवेट वजन वर्ग में अपने तीसरे पेशेवर मुकाबले में अमेरिका के ब्रैंडन सैंडोवाल से भिड़ेंगे। ग्लास्गो 2014 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता जांगड़ा पिछले साल मार्च में पेशेवर मुक्केबाज बने थे। वह प्रोबॉक्स प्रामोशंस की मेजबानी वाली चार दौर के मुकाबले के लाइटवेट (61 किग्रा) वजन वर्ग में हिस्सा लेंगे।

## सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप : भारतीय लड़कियों का सामना बांग्लादेश से

**जमशेदपुर।** भारत सैफ अंडर-18 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप के अ पने अंतिम मैच में शुक्रवार को यहां बांग्लादेश से भिड़ेगा जिससे विजेता का फैसला होगा। भारत के मुख्य कोच थॉमस डेनरबी ने मैच की पूर्व संध्या पर इसे वास्तविक जंग करार दिया। भारत ने जमशेदपुर में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में अभी तक अपने तीनों मैच में जीत दर्ज की है। उसने नेपाल को दो और बांग्लादेश को एक मैच में हराया है। भारतीय टीम ने 13 गोल किए हैं और केवल एक गोल गंवाया है। अब भारत को खिताब जीतने के लिए केवल ड्रा की जरूरत है लेकिन डेनरबी ने टीम को बांग्लादेश से सतर्क रहने को कहा है।

## आस्ट्रेलिया हारा, जापान और सऊदी अरब ने विश्व कप के

**सोल।** जापान ने सिडनी में गुरूवार को आस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर लगातार सातवीं बार फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस पराजय से आस्ट्रेलिया का स्वत: क्वालीफाई करने का मौका भी खत्म हो गया। इस नतीजे से एशिया ग्रुप बी से सऊदी अरब ने भी क्वालीफाई कर लिया। जापान की टीम 21 अंक लेकर ग्रुप में सऊदी अरब से दो अंक ऊपर शीर्ष पर थी। आस्ट्रेलियाई टीम हालांकि तीसरे स्थान से क्वालीफाई करने की दौड़ में बनी हुई है। पर अब उसे ग्रुप ए की तीसरे स्थान (इस समय संयुक्त अरब अमीरात) की टीम के खिलाफ एक प्लेऑफ खेलना होगा और एक अंतिम मैच दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से खेलना होगा।

## बजरंग ने एशियाई चैम्पियनशिप के लिए टीम में 65 किग्रा स्थान पक्का किया

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद पहली बार मैट पर उतरे स्टार भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया हालांकि दबदबे भरा प्रदर्शन नहीं कर दिखा सके लेकिन ट्रायल्स में रोहित को 4-2 से हराकर एशियाई चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का करने में सफल रहे। राष्ट्रीय महासंघ ने बजरंग, तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया और दीपक पूनिया को सीधे फाइनल्स में उतारा था, जिससे दूसरे प्रतिस्पर्धी पहलवान और उनके कोच खुश नहीं थे। आखिर में तीनों ने चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह पक्की की जो मंगोलिया में 19 अप्रैल से शुरू होगी। रवि (57 किग्रा) को अमन ने वाकओवर दिया।

## साथियान-मनिका की जोड़ी को रजत, शरत को कांसा



भाषा। दोहा

**भारतीय टेबल** टेनिस खिलाड़ियों ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर दोहा 2022 चैम्पियनशिप में दो पदक अपने नाम किए जिसमें अचंता शरत कमल का एकल कांस्य पदक शामिल रहा। जी साथियान और मनिका बत्रा की मिश्रित जोड़ी ने उम्मीद के अनुरूप रजत पदक प्राप्त किया। उन्हें लिन युन जू और चेंग आई चिंग की चीनी ताइपे की शीर्ष वरीय जोड़ी से मिश्रित युगल के फाइनल में 4-11, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं शरत कमल छठे गेम में फायदे की स्थिति के बावजूद पुरूष एकल सेमीफाइनल में चीन के युआन लिसेन से 3-4 (5-11, 11-8, 6-11, 11-7, 11-5, 10-12, 9-11) से हार गए। दो साल में यह शरत का पहला पदक है। इस अनुभवी भारतीय ने 2020 में ओमान ओपन में स्वर्ण पदक जीता था।

## निशा, गीता और कई युवा पहलवानों को ट्रायल्स में भाग लेने से रोका गया

● राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा नही लिया था

भाषा नई दिल्ली





**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करने का कड़ा संदेश देते हुए अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता निशा दहिया और कुछ युवाओं सहित कुल 10 महिला पहलवानों को आगामी एशिया चैंपियनशिप के लिए ट्रायल में भाग लेने से रोक दिया। जिन पहलवानों को रोका गया उन्होंने या तो लखनऊ में राष्ट्रीय शिविर म`ें हिस्सा नहीं लिया था या बहाने बनाकर दो दिन में शिविर छोड़ दिया था। शिविर नौ फरवरी से शुरू हुआ था। एशियाई चैंपियनशिप मंगोलिया में 19 से 24 अप्रैल तक होनी है और महिला पहलवानों का ट्रायल शुक्रवार को लखनऊ के साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में होना है। निशा सहित बाकी पहलवानों ने छूट देने का अनुरोध किया था लेकिन डब्ल्यूएफआई ने किसी तरह से नरम रवैया नहीं दिखाया। निशा 65 किग्रा भार वर्ग में भाग लेती है। वह हाल में तब चर्चा में आई थी जब हरियाणा में उनकी हत्या की खबर सामने आई थी जो फर्जी निकली थी।